राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


www.prabalpahal.com prabalpahal@gmail.com

प्रबल पहल

RNI-CHHHIN2017/72518 | पेज-9 कुत्ता है शहंशाह... | रायपुर, 18 जुलाई 2017, मंगलवार | पेज-10 स्पेन के 'पुर्तगाल'.... | वर्ष-1, अंक-152, पृष्ठ-12 ₹ -1 मात्र

कामयाब लोग खुश रहे या न रहे मगर खुश रहने वाले लोग हमेशा कामयाब जरुरू होते हैं।

- अज्ञात



स्पेन के स्टार फुटबालर और रियाल मैड्रिड के पूर्व मिडफील्डर...

पेज-10

NEWS BRIEF

शिवसेना पूरी तरह से राजग के साथः गीते



नयी दिल्ली। शिवसेना के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री अनंत गीते ने आज कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ पूरी तरह से एकजुट हैं और राष्ट्रपति पद के लिए गठबंधन समर्थित उम्मीदवार रामनाथ कोविंद भारी बहुमत से विजयी होंगे। संसद भवन में राष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान करने से पूर्व श्री गीते ने कहा कि श्री कोविंद को समर्थन देने के संबंध में शिवसेना अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है और इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि श्री कोविंद को भारी बहुत मिलेगा।

वाराणसी में कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा भोले का जलाभिषेक

वाराणसी। धार्मिक नगरी वाराणसी के प्राचीन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य शिवालयों में कड़ी सुरक्षा के बीच लाखों देशी-विदेशी श्रद्धालु सावन के दूसरे सोमवार पर आज भोले बाबा का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रियों पर हमले, उत्तर प्रदेश विधान में विस्फोटक मिलने तथा लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की घटना के मद्देजर यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात हैं तथा आला अधिकारी संवेदनशील स्थानों में मौजूद हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल रात वाराणसी के सिगरा क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल की जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद हिंसक घटना को देखते हुए शिवालयों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर उन्हें विशेष तौर पर सतर्क रहने के निर्देश दिये गए हैं।

नीतीश जल्द फैसला लें, लालू बहुत तेज हैं - पासवान



नयी दिल्ली। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में चल रहे विवाद के बीच लोकजनशक्ति पार्टी के प्रमुख एवं केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने आज कहा कि जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस मामले में शीघ्र निर्णय लेना चाहिये। श्री पासवान ने यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि श्री नीतीश कुमार को इस विवाद को लेकर ज़्यादा समय नहीं गंवाना चाहिये। आज राष्ट्रपति चुनाव हो जायेगा और इसके बाद महागठबंधन को लेकर उन्हें जल्दी निर्णय करना चाहिये। लोजपा नेता ने कहा कि महागठबंधन के मुख्य घटक राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव राजनीतिक तौर पर अवसरों का फायदा उठाने में माहिर हैं। श्री कुमार को समय नहीं गंवाना चाहिये अन्यथा श्री यादव उन्हें मौका नहीं देंगे।

खबर और कार्यक्रम संबंधी सूचना के लिए मेल करें।
prabalpahal@gmail.com
9302425000
9302224000

मोदी, शाह, मनमोहन, सोनिया ने डाला राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोट

नयी दिल्ली। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति के चुनाव के लिए संसद और सभी 31 विधानसभाओं में निर्वाचक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में आज सुबह से ही मतदान कर रहे हैं और अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अमित शाह तथा कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी भी पहले मत डालने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल हैं। इसके अलावा गृह मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद, खाद्य मंत्री रामविलास पासवान, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी सुबह मतदान किया।

संसद भवन में सुबह दस बजे सबसे पहले श्री मोदी ने मतदान किया। वह पौने दस बजे ही संसद भवन पहुंच गये थे। वह संसद भवन के प्रथम तल पर कमरा नम्बर 62 पहुंचे, जहां मतदान केन्द्र बनाया गया है। सुबह मतदान करने वालों में भाजपा अध्यक्ष और गुजरात से विधायक अमित शाह भी प्रमुख थे। श्री शाह ने संसद भवन में



मतदान की अनुमति मांगी थी।

इसके बाद केन्द्रीय मंत्रियों- वेंकैया नायडू, नितिन गडकरी, थावरचंद गहलोत, सुब्रह्मण्यम स्वामी, हेमा मालिनी, किरण खेर, कांग्रेस के ए के एंटनी, आनन्द शर्मा, राजबब्बर, समाजवादी पार्टी की नेता डिम्पल यादव, माकपा के मोहम्मद सलीम, एम बी राजेश, ए सम्पत ने भी मतदान किया। संसद भवन परिसर में राष्ट्रपति चुनाव के मतदान के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के उद्देश्य से कुछ जगहों पर अलग से बेरिकेड लगाये गये हैं। सदस्यों को मतदान केन्द्र तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। मतदान के चलते आज संसद भवन में काफी गहमागहमी नजर आई और सदस्यों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह भी दिखाई दिया। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले संसद के गलियारे में बड़ी संख्या में सांसद और मंत्री मतदान करने आ गए थे। मतदान शुरू होने के बाद मतदान कक्ष में उनका तांता लगा रहा। संसद की कार्यवाही कल तक स्थगित होने के बाद और भी सांसद मतदान करने के लिए कमरा नम्बर 62 में आ गए। दोपहर होते-होते लगभग 80 प्रतिशत मतदान हो चुका था और उसके बाद संसद के गलियारे में सदस्यों की आवाजाही और गहमागहमी समाप्त होने लगी।

जीएसटी का नया अर्थ गोइंग स्ट्रान्गर टुगेदर-मोदी

नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इसकी नयी व्याख्या 'गोइंग स्ट्रान्गर टुगेदर' की। संसद का मानसून सत्र शुरू होने और देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के लिये मतदान शुरू होने से पहले संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा जीएसटी का अर्थ है 'गोइंग स्ट्रान्गर टुगेदर'। श्री मोदी ने कहा कि जब देश के सभी राजनीतिक दल, सभी राज्य सरकारें केवल और केवल राष्ट्रहित के तराजू पर तौलकर निर्णय करती हैं, तो कितना महत्वपूर्ण राष्ट्रहित का काम होता है, वह जीएसटी से सिद्ध हो चुका है।

'पाक सेना की हर नापाक हरकत का करारा जवाब देंगे'



नयी दिल्ली। भारत ने आज पाकिस्तान को साफ शब्दों में बता दिया कि सीमा पर उसकी हर नापाक हरकत का करारा जवाब दिया जायेगा, पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने आज सुबह भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट के साथ बिना किसी निर्धारित वार्ता के हॉटलाइन पर बात की। पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के अथमुकम सेक्टर में भारतीय सेना की फायरिंग में पाकिस्तान के चार सैनिकों के मारे जाने का मुद्दा उठाया। यह सेक्टर जम्मू -कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर के सामने है। लेफ्टिनेंट जनरल भट्ट ने जोर देकर कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की सभी घटनाएं पाकिस्तान की ओर से की गयी हैं और भारत ने जो भी कार्रवाई की है, वह इसके जवाब में ही की है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की चौकियों के पास से हथियारबंद घुसपैठियों की घुसपैठ की कोशिशों के खिलाफ भी कार्रवाई की है । भारतीय सैन्य संचालन महानिदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की अग्रिम चौकियों से फायरिंग की आड़ में घुसपैठ की घटनाएं बढ़ी हैं जिससे नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता की स्थिति गड़बड़ाई है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सैनिकों को निशाना बनाये जाने की घटनाओं का निरंतर जारी रहना इसका प्रमाण है। लेफ्टिनेंट जनरल भट्ट ने साफ कहा कि भारतीय सेना नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाये रखने की पक्षधर है लेकिन वह पाकिस्तानी सेना द्वारा



पाकिस्तानी गोलीबारी में एक जवान शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में पुंछ और राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों ने आज सुबह गोलीबारी की जिसमें एक जवान शहीद हो गया तथा एक बालिका की मौत हो गयी। इस गोलीबारी में एक जवान और एक महिला घायल भी हुए हैं।

रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा से लगे पुंछ जिले के भीम्बर गली सेक्टर में सुबह साढ़े सात बजे से किसी उकसावे के बिना अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की। भारतीय सेना ने भी प्रभावी जवाबी कार्रवाई की। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों ओर से गोलीबारी के दौरान एक बंकर पर मोर्टार हमले में नायक मुदस्सर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में एमआई रूम में लाया जहां उसकी मौत हो गयी।

ग्लोबल टेररिस्ट इस्लामाबाद में दिखा सैय्यद सलाहुद्दीन



इस्लामाबाद। ग्लोबल टेररिस्ट घोषित होने के बाद इस्लामाबाद में मंच पर भाषण देते दिखा हिजबुल मुजाहिद्दीन सरगना सैयद सलाहुद्दीन, हाफिज सईद के साले ने गिफ्ट की बंदूक

पाकिस्तान की सरजमीं में रहकर भारत में आतंक का साम्राज्य चला रहे हिजबुल मुजाहिद्दीन के सरगना सैसैयद सलाहुद्दीन को पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय आतंकी घोषित किया गया। ग्लोबल आतंकी घोषित होने के बाद आतंकी सलाहुद्दीन पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखाई दिया। सैयद सलाउद्दीन को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में देखा गया। बताया जा रहा है कि इस्लामाबाद में आतंकियों की एक रैली हुई थी, जिसमें सलाहुद्दीन समेत कई आतंकी शामिल हुए थे। यही नहीं इस दौरान आतंकी संगठन के सरगना को दूसरे आतंकी सरगना के द्वारा बंदूक भी भेंट की गई। पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात से ठीक पहले सलाहुद्दीन को आतंकी घोषित किया गया था।

टीवी रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकी सैयद सलाहुद्दीन की तस्वीर सामने आई हैं। इन तस्वीरों में जमात-उद-दावा के कमांडर अब्दुल रहमान मक्की सलाहुद्दीन को एक गन देते हुए दिखाई दे रहा है। इसका वीडियो भी सामने आया है। अब्दुल रहमान मक्की आंतकी सरगना हाफिज सईद का साला है। ये बंदूक हाफिज सईद की तरफ से सलाहुद्दीन को तोहफे के तौर पर दी गई है।



पुष्कर में भगवान शिव के प्रतिकात्मक शिवलिंग मुर्ति बनाते हुए बालू कलाकार।

गंगा घाट हुए केसरिया, कांवरियों का जमघट

इलाहाबाद। धर्म और आध्यात्म नगरी तीर्थराज प्रयाग में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को संगमतट कांवरियो के केसरिया रंग से रंग गया है। शिवालयों में अपने आराध्य देव महादेव का जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का गंगा घाटों पर तांता लगा हुआ है। नगर के दारागंज स्थित दशाश्वमेघ घाट पर भोर से कांवरिया पहुचने लगे हैं। पतित पावनी और मोक्षदायिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु दशाश्वमेघ घाट और अनेक शिवालयों में भोलेनाथ का दूध, दही, गंगाजल, घृत और शहद से स्नान कराया। अपने आराध्य देव पर भांग, धतूरा, विल्वपत्र और पुष्प चढाकर उनका आशीर्वाद लिया। स्नान के बाद तीर्थपुरोहितों के मंत्रोच्चर के बीच पूजा-अर्चना कर दान पुण्य किया।

सरकारी बैंकों की संख्या घटा सकती है सरकार

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार पब्लिक सैक्टर बैंक की संख्या घटाकर 12 तक सीमित करने पर विचार कर रही है। सरकार इससे जुड़े एक एजैंडे पर काम कर रही है। इस एजैंडे के मुताबिक सरकार पब्लिक सैक्टर बैंक की संख्या घटाने के साथ ही 3-4 ग्लोबल लैवल के बैंक तैयार करने की योजना बना रही है।

ग्लोबल लैवल के बनेंगे 3 से 4 बैंक

एक अधिकारी ने बताया कि 21 पब्लिक सैक्टर बैंकों को मध्य अवधि में 10 से 12 में समेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि थ्री-टायर स्ट्रक्चर के हिसाब से 3 से 4 ऐसे बैंक बनाए जाएंगे जो भारतीय स्टेट बैंक जितने बड़े होंगे। उस अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्र संबंधी बैंक जैसे कि पंजाब और सिंध बैंक व आंध्रा बैंक स्वतंत्र बैंक के तौर पर काम करते रहेंगे।

सरकार कर रही तेजी से काम

पिछले महीने वित्त मंत्री अरुण जेतली ने कहा था कि सरकार सरकारी बैंकों के मर्जर को लेकर तेजी से काम कर रही है। हालांकि उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया। एस.बी.आई. मर्जर से उत्साहित वित्त मंत्रालय ऐसा ही दूसरा प्रोपोजल क्लीयर करने पर विचार कर रहा है। हालांकि यह तब ही होने की उम्मीद है जब बैड लोन की स्थिति नियंत्रण में आ जाती है। ।

कई बैंक बढ़ सकते हैं मर्जर की ओर

एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि एक संभावना यह भी है कि पंजाब नैशनल बैंक (पी.एन.बी.), बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया अधिग्रहण के लिए संभावित प्लेयर की खोज कर सकते हैं।

घोषणा उपराष्ट्रपति पद के संयुक्त उम्मीदवार गोपालकृष्ण गांधी से मुकाबला करेंगे

उपराष्ट्रपति पद के लिए वेंकैया नायडू एनडीए के उम्मीदवार

नई दिल्ली। बीजेपी केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और शहरी विकास मंत्री एम वेंकैया नायडू को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी संसदीय बोर्ड की यहां जारी बैठक में पार्टी यह निर्णय लिया है।

आंकड़ों के हिसाब से एनडीए के उम्मीदवार को जीतने में कोई दिक्कत पेश नहीं आने वाली है। अगर सबकुछ सही रहा तो नायडू देश के अगले उपराष्ट्रपति हो सकते हैं। मौजूदा उपराष्ट्रति हामिद अंसारी का कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा है। अंसारी लगातार दो बार देश के उपराष्ट्रपति बने। अगर नायडू के नाम की घोषणा होती है तो वह 18 विपक्षी पार्टियों के उपराष्ट्रपति पद के संयुक्त उम्मीदवार गोपालकृष्ण गांधी से मुकाबला करेंगे।

बीजेपी सूत्रों ने बताया कि नायडू इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हैं। उपराष्ट्रति के पास ही राज्यसभा के संचालन की भी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में बीजेपी



की रणनीति के लिहाज से उनका नाम मुफीद है। राष्ट्रपति पद के लिए उत्तर प्रदेश के रहने वाले रामनाथ कोविंद के नाम की घोषणा के बाद बीजेपी उपराष्ट्रपति पद के लिए दक्षिण से किसी उम्मीदवार की घोषणा करना चाहती है। नायडू पार्टी के मानकों पर खरे भी उतर रहे हैं। वह आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। बीजेपी इस दांव से दक्षिण में अपना आधार मजबूत करना चाहती है। दक्षिण में कर्नाटक ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बीजेपी मजबूत स्थिति में है।

उपराष्ट्रपति पद के लिए नायडू और महाराष्ट्र के राज्यपाल विद्यासागर राव के नामों के कयास लगाए जा रहे थे। अगर नायडू के नाम की घोषणा होती है तो केंद्रीय कैबिनेट का जल्द ही विस्तार भी हो सकता है क्योंकि नायडू के पास दो मंत्रालयों की जिम्मेदारी है।

गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति चुनाव 2017 के लिए 4 जुलाई 2017 को अधिसूचना जारी की गई थी। 18 जुलाई नामांकन की आखिरी तारीख है। 19 जुलाई को नामंकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। नामांकन वापस लेने की तारीख 21 जुलाई है। 5 अगस्त को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक वोटिंग होगी। मतगणना भी 5 अगस्त को ही कराई जाएगी। मौजूदा उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है।

'मोदी का स्वागत ना करें गुलदस्ते से'

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत को लेकर सभी राज्यों को एक आदेश दिया है. गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, पीएम मोदी को स्वागत गुलदस्ता नहीं बल्कि खादी का रुमाल या किताब भेंट कर के करें. गृह मंत्रालय की ओर से सभी राज्य सरकारों के चीफ सेक्रेटरी और संघ शासित प्रदेश के प्रशासकों को भेजे पत्र में पीएम मोदी के स्वागत संबंधी उनके अनुरोध का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है.

■ गृह मंत्रालय ने दिए निर्देश!

मंत्रालय द्वारा भेजे पत्र में कहा गया है कि भारत के अंदर किसी भी राज्य के दौरे पर पीएम के स्वागत में संबंद्ध राज्य सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें गुलदस्ता (बुके) भेंट स्वरूप न दिए जाएं. सबसे बेहतर तो यह होगा कि उन्हें गुलदस्ते के बजाए महज एक फूल ही दिया जाए.'

इतना ही नहीं मंत्रालय ने राज्य सरकारों से यह भी कहा है कि स्वागत के दौरान पीएम को फूल के साथ खादी का एक रुमाल या कोई एक किताब भी अगर भेंट स्वरूप दी जाती है, तो इसमें कोई हर्ज नहीं होगा.

NEWS BRIEF

श्रीनगर से पीओके के लिये रवाना हुई कारवां-ए-अमन बस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के बीच चलने वाली कारवां-ए-अमन बस आज सुबह श्रीनगर से मुजफ्फराबाद के लिए रवाना हुयी। आधिकारिक सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि यह बस आज सुबह सात बजे भारतीय सेना की अंतिम चौकी कमान के लिए रवाना हुई। कमान चौकी उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना की अंतिम चौकी है। इस बस सेवा ने 1999 में हुये कारगिल युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली में अहम भूमिका निभायी है। यह वर्ष 2016 से कश्मीर में शुरू हुयी अशांति,नियंत्रण रेखा पर तनाव, पाकिस्तान द्वारा युद्ध विराम के उल्लंघन और भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक के बावजूद जारी है। इस बस सेवा की शुरुआत सात अप्रैल 2005 को हुयी थी।

भाई ने भाई को सपरिवार जिंदा जलाया, चार की मौत

कटिहार। बिहार में कटिहार जिले के बारसोई थाना क्षेत्र के चांदी गांव में भूमि विवाद को लेकर कलयुगी भाई ने अपने ही सहोदर भाई को निद्रावस्था में सपरिवार आज तड़के जिंदा जला दिया जिससे दो बच्चियों समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जिले के चांदी गांव निवासी मनोज सिंह और उसके भाई केदारनाथ सिंह (47 वर्ष) के बीच पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मनोज के ऊपर काफी कर्ज था और वह पैतृक संपत्ति बेचकर इससे छुटकारा पाना चाहता था। इसी बात को लेकर रविवार शाम को भाईयों के बीच झगड़ा काफी बढ़ गया था। हालांकि परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा बीच बचाव किये जाने के बाद मामला शांत हुआ और सभी सोने चले गये।

औरंगाबाद से पांच नक्सली गिरफ्तार

औरंगाबाद। बिहार में उग्रवाद प्रभावित औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र से पुलिस और केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने संयुक्त अभियान में आज प्रतिबंधित संगठन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सहायक पुलिस अधीक्षक (अभियान) राजेश कुमार सिंह ने यहां बताया कि सूचना मिली थी कि माओवादियों का एक दस्ता देव थाना क्षेत्र में लगे एक मोबाइल टावर को उड़ाने के लिये इक्ट्ठा हुए हैं। इसी आधार पर सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर एक ठिकाने पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान माओवादी अरुंजय उर्फ मृत्युंजय यादव, हरिहर यादव, प्रदीप विश्कर्मा, नंदू यादव और सुदामा यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार माओवादियों के पास से हथियारों के अलावा केरोसिन तेल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ मिले हैं। इसके अलावा नक्सलियों के पास लेवी में वसूली गयी रकम भी बरामद की गयी है।

मणिपुर में बाढ़,भूस्खलन से यातायात व्यवस्था बाधित

इम्फाल। मणिपुर में भूस्खलन होने से दो मुख्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गयी है। बाढ़ के कारण शहर में हो रहे भूस्खलन से इम्फाल-माओ राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था बाधित है और सभी बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है। इम्फाल जिरीबम राजमार्ग स्थित बराक पुल उस वक्त ढ़ह गया जब उसके ऊपर से मुर्गियों से लदा ट्रक गुजर रहा था। इस हादसे से राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था ठप हो गयी है। दुर्घटना की वजह से भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। करीब 200 ट्रक राजमार्ग पर खड़े हैं।

राष्ट्रहित के फैसले करके मानसून सत्र को सार्थक बनायेंगे सांसद-मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र को कई दृष्टि से अहम बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी राजनीतिक दल एवं सांसद उत्तम स्तर की चर्चा और राष्ट्रहित के फैसले करके इसे सार्थक बनाने का प्रयास करेंगे ।

श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इस सत्र को अहम बताया और कहा कि आगामी 15 अगस्त को आजादी की यात्रा के सात दशक पूरे हो रहे हैं । सत्र के दौरान ही नौ अगस्त को 'अगस्त क्रांति 'तथा' भारत छोडो आन्दोलन' के 75 वर्ष पूरे हो रहे है। इसी सत्र में देश को नये राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को चुनने का अवसर मिलेगा । यह सत्र राष्ट्र जीवन के अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाओं से भरा कालखंड है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि देशवासियों का इस मानसून सत्र पर विशेष ध्यान रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा ,'मुझे पूरा विश्वास है कि इस मानसून सत्र में सभी राजनीतिक दल और सभी मान्य सांसदगण राष्ट्रहित के महत्वपूर्ण फैसले करके और उत्तम स्तर की चर्चा करके इसे हर दृष्टि से सार्थक बनाने का प्रयास करेंगे ।' प्रधानमंत्री ने कहा ,'मानसून सत्र के प्रारंभ में हम देश के उन किसानों को नमन करते हैं जो इस मौसम में कठोर परिश्रम करके देशवासियों के लिए खाद्य सुरक्षा का इंतजाम करते हैं।' श्री मोदी ने कहा कि जिस तरह गर्मी के बाद पहली बारिश मिट्टी में नयी सुगंध भर देती है, उसी तरह जीएसटी की सफल वर्षा से यह पूरा मानसून सत्र नयी सुगंध और नयी उमंग से भरा हुआ होगा। जब देश के सभी राजनीतिक दल और सरकारें सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रहित के तराजू पर तौल करके निर्णय करती हैं तो राष्ट्रहित का कितना महत्वपूर्ण काम होता है यह जीएसटी की सफलता से साबित हो चुका है।



मानसून सत्र में उत्तम चर्चा होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के आज से शुरु हो रहे मानसून सत्र को अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वास जताया कि सभी राजनीतिक दल तथा सांसद इसमें राष्ट्रहित के मुद्दों पर उच्च स्तर की चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने संसद की बैठक शुरु होने से पूर्व संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मुझे विश्वास है कि इस सत्र में सभी राजनीतिक दल तथा सभी सांसदगण राष्ट्र हित के महत्वपूर्ण फैसले लेकर उत्तम स्तर की चर्चा करेंगे।'

भारतीय लोकतंत्र अमेरिका से बहुत आगे -पासवान

नयी दिल्ली। लोकजनशक्ति पार्टी के प्रमुख एवं केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने आज कहा कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का परिणाम है कि देश के राष्ट्रपति के चुनाव गरिमापूर्ण ढंग से हो रहा है तथा पक्ष एवं विपक्ष ने बहुत ही मर्यादित ढंग से इसका प्रचार अभियान का संचालन किया है। श्री पासवान ने यहां संसद भवन परिसर में राष्ट्रपति चुनाव के लिये मतदान के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कुछ माह पूर्व ही अमेरिका में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उनके उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और हिलेरी क्लिंटन के बीच बहुत ही निचले स्तर के आरोप प्रत्यारोप का दौर चला था। लेकिन हमारे देश में राष्ट्रपति पद के सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार श्री रामनाथ कोविंद और विपक्ष की प्रत्याशी श्रीमती मीरा कुमार के बीच इस प्रकार का एक भी वाकया नहीं आया।


मुलायम ने मोदी से दिखाई आत्मीयता

संसद के मानसून सत्र में चीन के साथ सीमा विवाद,जम्मू कश्मीर में सीमा पार गोलीबारी और गौरक्षा के नाम पर हो रही हिंसा को लेकर विपक्ष की सरकार को घेरने की रणनीति के बीच सत्र के पहले दिन आज लोकसभा में समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेहद आत्मीयता के साथ स्वागत किया। सुबह सदन की कार्यवाही शुरु होने के पूर्व श्री मोदी जैसे ही सदन में पहुंचे हमेशा की तरह अग्रिम पंक्तियों में बैठे सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हाथ जोड़कर उनका अभिनंदन किया। श्री मोदी जैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का अभिवादन स्वीकार करने के बाद आगे बढ़े उनके बगल में बैठे श्री यादव ने बड़ी ही गर्मजोशी से प्रधानमंत्री का हाथ थाम लिया और करीब पांच मिनट तक इसी मुद्रा









जीते कोई भी, दलित बनेगा राष्ट्रपतिः मायावती

नयी दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा दलित को अपने अपने उम्मीदवार बनाए जाने की घटना को अपनी पार्टी और विचारधारा की जीत बताया है।

सुश्री मायावती ने आज संसद भवन परिसर में राष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान करने से पूर्व संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार दलित है और यह बसपा तथा उसकी विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा,' कौन जीतता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। राष्ट्रपति दलित ही बनेगा। यह हमारी पार्टी और विचारधारा की बड़ी जीत है।'

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार के पूर्व राज्यपाल रामनाथ कोविंद और कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। ये दोनों नेता दलित समाज से हैं। इतिहास में यह पहली बार है कि देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए दोनों उम्मीदवार दलित हैं।

विचारधारा की लड़ाई लड़ रही हूं : मीरा

नयी दिल्ली,। राष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों की उम्मीदवार मीरा कुमार ने सांसदों और विधायकों से अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करने की अपील करते हुए आज कहा कि उनकी लड़ाई विचारधारा पर आधारित है।

श्रीमती कुमार ने यहां पत्रकारों से कहा' मैं आज विचारधारा की लड़ाई लड़ रही हूं जो सामाजिक न्याय और प्रेस की आजादी तथा धर्मनिरपेक्षता पर आधारित है।'

उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान कर रहे हैं और वह उनसे अपनी अपील दोहरा रही हैं कि वे अंतरात्मा की आवाज सुनें और उसके आधार पर वोट दें। उन्होंने कहा कि यदि यह मतदान अंतरात्मा की आवाज पर होता है तो उन्हें पूरा भरोसा है कि इसका फायदा देश की जनता को होगा और परिणाम देशहित में होगा।

गौरतलब है कि संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में आज 14वें राष्ट्रपति के चयन के लिए मतदान हो रहा है।

राष्ट्रपति पद के लिए भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद तथा विपक्षी दलों की प्रत्याशी मीरा कुमार के बीच मुकाबला है।

दिव्यांगों के सशक्तीकरण पर लघु फिल्म प्रतियोगिता

नयी दिल्ली। दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं और उनके कल्याण की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए केंद्र सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण पर एक लघु फिल्म प्रतियोगिता आयोजित कर रही है जिसमें विजेताओं को पांच लाख रुपए, चार लाख रुपए और तीन लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने आज यहां बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग 'दिव्यांगजन सशक्तीकरण लघु फिल्म प्रतिस्पर्धा 2017' का आयोजन करेगा और इसमें फिल्म महोत्सव महानिदेशालय भी सहयोग करेगा। दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग ने प्रतिस्पर्धा के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की है। ये प्रविष्टियां एचडी फार्मेट में आठ अगस्त तक भेजी जा सकती है। फिल्मों के लिए तीन श्रेणियां लघु वृत्तचित्र, लघु फिल्म और विज्ञापन तय की गयी हैं। इनके अनुसार प्रस्तावित फिल्म 30 मिनट तक की, पांच मिनट तक की और 50 सेंकंड तक की अवधि की होनी चाहिए।

विभाग ने कहा कि लघु वृत्तचित्र और विज्ञापन की विषयवस्तु 'सुगम्य भारत अभियान' पर केंद्रित होनी चाहिए जबकि लघु फिल्म की विषय वस्तु कल्याणकारी योजनाएं होगीं।

लघु वृत्तचित्र और टीवी विज्ञापन के लिए दो श्रेणियों में पांच लाख रुपए और तीन लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। लघु फिल्म की श्रेणी में प्रत्येक कल्याण योजना पर बनी फिल्म को चार रुपए दिए जाएगें। पुरस्कारों की घोषणा 21 सितंबर को नयी दिल्ली में होगी। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की विस्तृत जानकारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग और फिल्म महोत्सव महानिदेशालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

इराक में अगवा 39 भारतीयों को ढूंढ़ने में एक दो माह लगेंगे :वी के सिंह

नयी दिल्ली। विदेश राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह ने आज कहा कि इराक के मोसूल शहर से तीन साल पहले अगवा 39 भारतीयों का पता लगाने में एक से दो माह का समय लग सकता है।

मोसूल शहर को आईएसआईएस आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाये जाने की घोषणा के बाद इराक के दौरे से लौटे जनरल सिंह ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हवाई हमलों के कारण तबाह मोसूल में अब भी छिटपुट लड़ाई जारी है और पूरी तरह से आतंकवादियों का सफाया करके हालात सामान्य बनाने में एक से दो महीने का समय लगने की संभावना है। जनरल सिंह ने कहा कि बगदाद में उनकी इराक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से बात हुई है जिन्होंने बताया है कि खुफिया सूचनाओं के अनुसार 2014 में इन भारतीयों को मोसूल की हवाई पट्टी के पास से अगवा किया गया था और फिर उन्हें एक अस्पताल की इमारत के निर्माण कार्य में लगाया गया था। बाद में उनसे खेती भी करायी गयी लेकिन लड़ाई बढ़ने के बाद उन्हें मोसूल के पास बदूश की जेल में कैद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि अभी ऐसे हालात नहीं है कि बदूश जेल की तलाशी ली जाये। स्थिति सामान्य होने के बाद ही जेल का निरीक्षण करना संभव होगा। तब ही वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इराक सरकार एवं वहां की एजेंसियां प्राथमिकता के आधार पर भारतीयों की खोज कर रहीं हैं। जैसे ही उनके बारे में कोई ताज़ा सूचना मिलेगी और जेल के निरीक्षण के हालात बनेंगे तो वह पुन: वहां जायेंगे। इराक में आईएसआईएस के आतंकवादियों ने जुलाई 2014 में एक कारखाने में काम करने वाले 39 भारतीयों का अपहरण कर लिया था इनमें अधिकतर पंजाब के रहने वाले हैं।



भारत से बाघों के सफाये में चीनी तस्करी का हाथ

जयपुर। वन्य जीवों के अधिकारों के लिए संघर्षरत राष्ट्रीय संस्था पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने कहा कि भारत में बाघों के अंगों की तस्करी के चलते पिछले ढ़ाई वर्ष में 269 बाघों की मौत चिंताजनक है। श्री जाजू ने आज एक बयान जारी कर कहा कि भारत से बाघों के सफाये में चीन का हाथ होने के साथ ही देश में राष्ट्रीय पार्कों की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होना भी मुख्य कारण रहा है। उन्होंने कहा कि बाघों के अंगो का चीन सबसे बड़ा खरीददार है और चीनी बाजार में एक मृत बाघ की कीमत 60 लाख रूपये आंकी जाती है। उन्होंने कहा कि बाघ की खोपड़ी 500 डॉलर, खाल 20000 डॉलर, मांस 100 डॉलर प्रतिकिलो, खून 600 डॉलर प्रति लीटर, लिंग 4000 डॉलर, पंजे तथा दांत 900 डॉलर, हड्डियां 6000 डॉलर प्रति किलो तक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिक रहे हैं।

साधा निशाना — शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर निशाना साधा

शिवसेना का गोपालकृष्ण पर याकूब को मृत्युदंड से बचाने की कोशिश का आरोप

नयी दिल्ली। शिवसेना ने उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के प्रत्याशी गोपालकृष्ण गांधी की उम्मीदवारी पर यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि उन्होंने मुंबई बम विस्फोट के साजिशकर्ता याकूब मेनन को 'मृत्युदंड' से बचाने की कोशिश की थी । शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने श्री गांधी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर निशाना साधा है और उन्हें बाकायदा संबोधित करते हुए कहा कि आपने श्री गोपालकृष्ण गांधी को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है , जिन्होंने याकूब मेनन को मौत की सजा से बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल किया था ।

श्री राउत ने एक ट्वीट कर सवाल किया ,'क्या आप गोपालकृष्ण गांधी को उपराष्ट्रपति के पद पर देखना चाहते हैं जिन्होंने 1993 के मुंबई बम विस्फोटों के साजिशकर्ता याकूब मूनन की फांसी की सजा का विरोध किया था ।'

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने श्री गाँधी पर लगाये गये शिवसेना के इस आरोप को सही बताया है । उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि श्री गाँधी निजी तौर पर एक सभ्य व्यक्ति हैं, लेकिन उनके सिद्धांत महात्मा गाँधी के सिद्धांतों से मेल नहीं खाते है। उन्होंने श्री गोपालकृष्ण गाँधी को वामपंथी करार देते हुए कहा कि उनके नाम में 'गाँधी' लगा होने के कारण ही उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

इस बीच कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने शिवसेना के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी बेतुकी बात कर रही है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले का सच सामने लाएगी । उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में जब मेनन को मौत की सजा सुनायी गयी थी तो महात्मा गांधी के प्रपौत्र श्री गांधी ने उसकी इस सजा का यह कहकर विरोध किया था कि याकूब मेनन को माफ करना पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि होगी । श्री गांधी ने राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को पत्र लिखकर कहा था कि याकूब मेनन को जीवनदान देना पूर्व राष्ट्रपति कलाम के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जो अपने पीछे मानवता की विरासत छोड गये हैं । उन्होंने यह भी लिखा था कि याकूब मेनन न्यायपालिका के समक्ष खुद पेश हुआ था जबकि वह आसानी से भागकर न्याय व्यवस्था से बच सकता था । भारतीय खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने इस बात का जिक्र किया था कि याकूब ने कानूनी प्रक्रिया के दौरान पूरा सहयोग किया ,इसलिए उसके मामले में 'मौत की सजा' अनुचित होगी ।

आतंकवाद निरोधक एवं विध्वसंकारी गतिविधियां (टाडा)की एक विशेष अदालत ने मेनन को 27 जुलाई 2007 को मुंबई बम विस्फोटों में लिप्त होने का दोषी करार दिया था । इस मामले के मुख्य संदिग्ध टाइगर मेनन के भाई याकूब को 30 जुलाई 2015 को नागपुर की जेल में फांसी की सजा दी गयी थी ।

गाँधी पर शिवसेना के आरोप स्वामी ने बताया सही

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार गोपाल गाँधी पर शिवसेना के इस आरोप को सही बताया है कि श्री गांधी ने आतंकवादी याकूब मेमन की फाँसी की सजा का विरोध किया था। शिवसेना के संजय राउत ने कहा था कि श्री गाँधी ने याकूब मेमन को फाँसी की सजा दिये जाने का विरोध किया था। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने संसद भवन में परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह आरोप बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि श्री गाँधी निजी तौर पर एक सभ्य व्यक्ति हैं, लेकिन उनके सिद्धांत महात्मा गाँधी के सिद्धांतों से मेल नहीं खाते है। उन्होंने श्री गाँधी पर वामपंथी होने का आरोप लगाते हुये कहा कि सिर्फ गाँधी नाम होने के कारण ही उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस की रेणुका चौधरी ने इस संबंध में कहा कि शिवसेना बेतुकी बात कर रही है और हम 'सच सामने ला देंगे'। उन्होंने राष्ट्रपति पद के चुनाव के संबंध में विपक्ष की उम्मीदवार मीरा कुमार को सत्ता पक्ष के उम्मीदवार रामनाथ कोविंद से श्रेष्ठ बताते हुये कहा कि परिणाम कई कारकों पर निर्भर करते हैं।

NEWS BRIEF

एनजीओ प्रकोष्ठ बीजेपी वृक्षारोपण करेगा आज

रायपुर। एनजीओ प्रकोष्ठ बीजेपी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पेड़ बचाओ पेड़ लगाओं अभियान के तहत आज जिला संयोजक ऋतु सिंह शर्मा के नेतृत्व में रिंग रोड तेलीबांधा एयरटेल कार्यालय के पास वृक्षारोपण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ करेगा। ऋतु सिंह शर्मा ने वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी इवेंट मैनेजर दिलीप नामपल्लीवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

सूने मकान का ताला टूटा, नगदी सहित जेवर पार

रायपुर। कबीरनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नगदी 72 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ऋषि धडघस पिता कृष्ण कुमार धडघस 23 वर्ष कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के परिवार वाले बाहर गए है। वहीं प्रार्थी भी 15 जुलाई की रात कहीं बाहर गया था। जब दुसरे दिन वापस आया तो देखा की उसके घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नगदी 72 हजार सहत सोने का झुमका, टॉप्स, चैन, चांदी का पायल, बिछिया, 2 नग हाथ घड़ी व मोबाईल गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 97 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर। लालपुर पुराना शराब दुकान के पास दो युवकों एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष डोडवानी पिता स्व. कैलाश डोडवानी 29 वर्ष साई वाटिका देवपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी अपनी एक्टिवा से घर जा रहा था तभी लालपुर पुराना शराब दुकान के पास आरोपी जय चंदानी व राहुल पंजवानी ने प्रार्थी को रोका और शराब पीने के लिए 500 रूपए मांगे। जिससे प्रार्थी ने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला, एक गिरफ्तार

रायपुर। छोटा अशोक नगर सीतला मंदिर के पास गाड़ी तेज चलाने की बात पर चार युवकों ने प्रार्थी व उसके भाई, दोस्त के साथ मारपीट कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्णा बघेल पिता कुनु बघेल 22 वर्ष एफसीआई गोदाम के पास कलिंग नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी अपने दोस्त गोलू सागर व भाई गोपाल बघेल के साथ अपने सास-ससुर को छोड़ने अशोक नगर गया था। जहां से रात तीनों वापस लौट रहे थे तभी छोटा अशोक नगर सीतला मंदिर के पास आरोपी राकेश राजपूत 23 वर्ष, राजा सोनी व दो अन्य प्रार्थी व उसके दोस्त के पास आया और गाड़ी तेज चलाते हो कहते हुए प्रार्थी व उसके दोस्त के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के दोस्त गोलू सागर के पेट पर चाकू से मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307,34 के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं एकक आरोपी राकेश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है।

मुख्यमंत्री से जल संरक्षण के लिए प्रयासरत विद्यार्थियों की सौजन्य मुलाकात



रायपुर। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से आज यहां उनके निवास कार्यालय में भारत माता इंग्लिश मिडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बिलासपुर के विद्यार्थियों ने वनमंत्री श्री महेश गागड़ा के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके द्वारा जल सरंक्षण के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल 2016 से प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानों पर उन्नत सोखता गड्ढा बनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से बारिश के पानी को संरक्षित किया जाता है। इससे बारिश का पानी बेकार बहने से बच जाता है, जिससे जल स्तर भी बना रहता है। अब तक 459 सोखता गड्ढे का निर्माण किया जा चुका है। उन्हें इस कार्य के लिए विद्यार्थी श्रेणी में यूनाइटेड नेशंस वाटर प्राइज के लिए भी चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके समूहों के द्वारा वन महोत्सव के दौरान सघन वृक्षारोपण भी किया जाएगा और लोगों को 'मेरा पौधा-मेरी पहचान' के माध्यम से अधिक से अधिक पौधे लगाने व संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को उनके इस काम के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण को बचाने के लिए अच्छा प्रयास है। इससे पूरे समाज को प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के समूह ने मुख्यमंत्री को केनवास और प्रतीक चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् श्री ओ.पी. अग्रवाल और शिक्षक श्री पानू हल्दार मौजूद थे।

द्वितीय सावन सोमवार के अवसर पर महादेव के दर्शन के लिए शिवालयों में उमड़े भक्त



रायपुर। सावन मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर आज ब्रम्हमुहूर्त से ही शिवालयों में भक्तों की कतार महादेव के दर्शन जलाभिषेक बेलपत्र धतुरा एवं जासोन का फूल एवं दुग्धाभिषेक करने के लिए लग गई। शहर के प्राचीनतम मंदिर हटकेश्वर भोलेनाथ दूधाधारी मंदिर, बूढ़ादेव मंदिर ब्रम्हपुरी, नीलकंठेश्वर महादेव टिकरापारा, नरहरेश्वर महादेव, सुरेंद्रेश्वर महादेव खम्मारडीह सहित अनेक शिवालयों में दूर-दूर से भक्तों का जमावड़ा विधिवत पूजन करने के लिए कतारबद्ध खड़ा रहा। राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव में दर्शन करने के लिए प्रदेश के दूर -दूर से भक्त पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक मंदिर में जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक भक्तों द्वारा किये जाने की जानकारी मिली है। हटकेश्वर महादेव के दर्शन के लिए कांवरियों का सुबह से ही मंदिर में आना जाना जारी है। रविवार को भी सर्व ब्राम्हण समाज के नेतृत्व में भक्तों की भीड़ हटकेश्वर महादेव महादेव घाट पहुंची एवं श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक कर भक्तों में प्रदेश की समृद्धि एवं मंगल जीवन की कामना महादेव से हाथ जोड़कर की।

मोती बाग चौक का ट्रैफिक सिंगनल तत्काल बनवाये जाने की मांग रहवासियों ने महापौर से की

फायर ब्रिगेड चौक में ट्रैफिक सिंगनल लगाया जाना जरूरी



रायपुर। शहर में मुख्य मार्गों के अलावा भीतरी मार्गों में भी यातायात का दबाव दिनभर रहता है। इस संबंध में राजभवन से शास्त्री बाजार की ओर मध्य मार्ग में स्वीट इंडिया के पास मोतीबाग चौक में लगा ट्रैफिक सिंगनल लंबे अर्से से बिगड़ा हुआ है। इस क्षेत्र के रहवासियों ने ट्रैफिक सिंगनल महापौर से तत्काल बनवाये जाने की मांग की है। गौरतलब है कि यह चौक शहर के अंदरूनी चौराहों में सबसे व्यस्ततम चौक में एक है। यहां दिन एवं रात को 10 बजे तक आवाजाही सर्वाधिक रहती है। रहवासियों ने यहां होने वाली दुर्घटनाओं का हवाला देते हुये इसके शीघ्र संचालन की जरूरत बताई है। ज्ञातव्य है कि मोतीबाग से चौक फायर ब्रिगेड चौक की ओर शास्त्री चौक से एवं कालीबाड़ी से शास्त्री चौक की ओर आवाजाही बड़ी संख्या में होती है। यहां पर छोटापारा क्षेत्र के निवासियों ने अनेकों बार नगर निगम के अधिकारियों से सिंगनल लगवाये जाने की मांग की है।

सप्रे स्कूल के सामने अवैध कार पार्किंग पर निगम नहीं कर रहा कार्यवाही



रायपुर। बूढ़ापारा बिजली आफिस से ब्रम्हपुरी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर सप्रे स्कूल के सामने बूढ़ातालाब परिक्रम स्थल के पास लंबे अर्से से पाथवे में अवैध कार पार्किंग हो रही है। रहवासियों के विरोध के बावजूद भी पाथवे स्थल आज दिनांक तक निगम द्वारा खाली नहीं कराया गया है। इस संबंध में पुरोहितबाड़ा निवासी रमेश सोनी बूढ़ापारा निवासी दीपक व्यास एवं सप्रे स्कूल के पास दुर्गा मंदिर गली की रहवासी श्रीमती विनीता जैन ने वार्ड पार्षद निगम आयुक्त एवं महापौर से पाथवे निर्माण के उद्देश्य को पूरा करने बाबत पदयात्रियों की सुविधा के लिए वहां पर स्थायी रूप से जमी अवैध कार पार्किंग में खड़ी कारों जीपों को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। गौरतलब है कि स्व. पंडित माधवराव सप्रे के नाम से स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल रायपुर के प्राचीनतम विद्यालयों में शुमार किया जाता है। बावजूद इस स्कूल के बाउंड्रीवाल से लगी अवैध कार पार्किंग में देर रात तक आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। पास ही स्थित हनुमान मंदिर में आने जाने वाले भक्तों को भी परेशानी का अनुभव होता है।

हरियाली अमावस्या पर शनिदेव जयंती का आयोजन 23 को

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या के अवसर पर शहर के विभिन्न शनिदेव मंदिरों में शनिदेव जयंती का आयोजन 23 जुलाई को मनाया जाएगा। चूड़ी लाइन स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर के पुजारी पंडित किशोरी लाल शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 23 जुलाई को शनिदेव जयंती के अवसर पर शनिदेव का विशेष साज श्रृंगार किया जाएगा। प्रात: 9 बजे विधिवत शनिदेव का पूजन एवं हवन के पश्चात दोपहर 1 बजे भक्तों के मध्य भंडारे का आयोजन किया गया है। शनिदेव मंदिर आमापारा, रामसागरपारा , सदरबाजार, अश्वनी नगर एवं पंडरी स्थित शनिदेव मंदिर में भी विधिविधान के साथ शनिदेव का परंपरागत एवं रीति रिवाजों के अनुरूप पूजन कर भगवान शनिदेव से भक्तों को कष्टों से उबारने के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा।



रायपुर। राष्ट्रपति चुनाव के लिए विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल मतदान करते हुए।

राज्य में कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार



रायपुर। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। खासकर उत्तरी छत्तीसगढ़ और इससे लगे हुए इलाकों में अच्छी बारिश की उम्मीद जताई गई है। राज्य के शेष भागों में हल्की से मध्यम बारिश अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी इससे लगे हुए पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, ओडिशा के तटीय इलाके से लेकर उत्तरी आंध्रप्रदेश तक बना हुआ है। यह सिस्टम ऊपरी हवा में अभी 7.6 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय बना हुआ है। इसके अलावा पश्चिम राजस्थान से लेकर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका गुजर रही है जो वर्तमान में दक्षिणी उत्तरप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ से होते हुए कम दबाव क्षेत्र के मध्य से गुजरते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे लगे हुए इलाकों तक जा रहा है।

यह द्रोणिका ऊपरी हवा में करीब 1.5 किमी की ऊंचाई से गुजर रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो कम दबाव क्षेत्र और द्रोणिका के असर से आने वाले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। इन सिस्टमों का सबसे ज्यादा असर उत्तरी छत्तीसगढ़ पर पड़ सकता है। लिहाजा उत्तरी इलाकों में आगामी चौबीस घंटों के दौरान अच्छी बारिश की उम्मीद बंधी हुई है। प्रदेश के शेष इलाकों में इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है। ज्ञात हो कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने के बाद राजधानी रायपुर में झमाझम बारिश का ग्राफ काफी कम है। शहर में ही खंडवर्षा की स्थिति बनने से रायपुर सहित आसपास के इलाकों में बारिश का ग्राफ अलग-अलग रिकार्ड किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार खाड़ी में और खासकर ओडिशा के आसपास यदि कोई चक्रवात अथवा कम दबाव का क्षेत्र बनता है तो निश्चित रूप से प्रदेश में झमाझम बारिश होगी। बहरहाल हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद जताई गई है।

बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न, 500 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया

रायपुर। बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित झाबक सर्विस स्टेशन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं इंडियन आयल के सौजन्य से किया गया। जिसमें रायपुर के विभिन्न विधाओं व पैथियों के विशेषज्ञों (फिजियोथैरेपी, होमियोपैथी, एलोपैथी, आयुर्वेदिक, नेत्र रोग एवं दंत चिकित्सा) द्वारा लगभग 500 आमजनों का स्वास्थ्य परिक्षण कर परामर्श तथा जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई गई। मधुमेह, वात और विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उच्च-रक्तचाप, मधुमेह, वात, त्वचा रोग, मुत्ररोग के लगभग 120 रोगियों एवं बदन दर्द व जुकाम के 300 रोगियों ने लाभ उठाया। वहीं इंडियन ऑयल टीम के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता अभियान को लेकर संदेश दिया गया। इस शिविर में प्रमुख रूप से आर.आर. वर्मा व डॉ. रविकांत नायक, डॉ. सुनील गोल्हानी, फिजियोथेरापी से रैपिड रिलीफ के डायरेक्टर डॉ. स्वाति पीताम्बर, डॉ. शिखा शर्मा, डॉ. आशिष बिसेन, डॉ. अमन बहादूर, डॉ. योगेश श्रीवास्तव दंत चिकित्सा डॉ. विकास अग्रवाल, एलोपैथी से डॉ. राहुल गुप्ता एम्स, डॉ. अंकिता शर्मा, आंखों की जांच के लिए विनायक नेत्र हास्पीटल की टीम, रक्त जांच डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा पोषण लाल साहू व शशिकांत ठाकुर, पवन चौहान द्वारा विभीन विभागों में सेवाएं दी गई। इस शिविर में अतिथि के रूप में मोतीलाल साहू उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ डॉ. जेपी शर्मा उपाध्यक्ष वनोषधि बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. शैलेश खंडेलवाल प्रदेश सह संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, डॉ. अखिलेश दुबे, पूर्व प्रदेश संयोजक डॉ. विद्याकांत द्विवेदी प्रभारी चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर, संयोजक डॉ. रवि राठी राजेश पाण्डेय भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र त्रिवेदी उपाध्यक्ष भाजयुमो, अमित मेंशरी महामंत्री सुमीत शर्मा उपाध्यक्ष विजय व्यास मंत्री, भाजयुमो रायपुर शहर झाबक जी आकाश द्वारा डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. जेपी शर्मा ने डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी के मेहनत के लिए उन्हें समाज क निम्न वर्ग के पीड़ित मानवता का सेवक बताया है।

अव्यवस्था

संकरी, पिरदा, धनसुली, तुलसी के ग्रामीण हुए एकजुट

संकरी में ट्रेचिंग ग्राउंड : ग्रामीण करेंगे एनजीटी में शिकायत



रायपुर। नगर निगम के संकरी में नए ट्रेचिंग ग्राउंड शुरू करने का एक बार फिर से विरोध शुरू हो गया है। संकरी सहित असपास के ग्रामीणों ने इसके खिलाफ एनजीटी में शिकायत करने का निर्णय लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम रायपुर ने कचरा निष्पादन के लिए संकरी में 60 एकड़ जमीन पर अनुमति मांगी थी, एनजीटी ने इसके लिए अनुमति दे दी है। इसकी जानकारी मिलने पर अब संकरी के साथ ही धनसुली, तुलसी, पिरदा और आसपास के ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। सभी ग्रामीणों ने एकमत से संकरी में ट्रेचिंग ग्राउंड नहीं खुलने देने की ठान ली है। बताया जाता है कि इन सभी गांव के लोग अब सामूहिक रूप से एनजीटी में इसकी शिकायत करने जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संकरी में यदि कचरा निष्पादन होगा तो गांववालों का जीना मुहाल हो जाएगा। वर्तमान में नगर निगम द्वारा सरोरा में कचरा निष्पादन किया जा रहा है। इसके चलते सरोनावासी बेहाल हैं और वे लगातार यहां से ट्रेचिंग ग्राउंड हटाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए सरोना के रहवासियों ने कई बार उग्र प्रदर्शन कर अपना विरोध जता चुके हैं। भारी विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए ही नगर निगम प्रशासन ने संकरी में नया ट्रेचिंग ग्राउंड बनाने की तैयारी की है। इधर धनसुली हाउसिंग बोर्ड में ग्रामीणों की संपन्न हुई बैठक में पूर्व जनपद अध्यक्ष पप्पू बंजारे, संकरी सरपंच तिहारू सिन्हा ने रहवासियों के साथ मिलकर एनजीटी में ट्रेचिंग ग्राउंड के खिलाफ शिकायत करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम ने गलत जानकारी देकर एनजीटी से अनुमति प्राप्त किया है। जबकि नियमानुसार और एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के अंदर में कोई भी संस्था या निगम कचरा निष्पादन करने के लिए प्लांट लगाता है तो उसे इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से अनुमति लेना जरूरी है। मगर नगर निगम ने ऐसा नहीं किया है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से भी की थी, इसमें सीएम ने कलेक्टर रायपुर को मौखिक निर्देश देकर संकरी में कचरा निष्पादन पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। मगर नगर निगम अब तमाम विरोधों के बावजूद यहां कचरा निष्पादन के लिए प्लांट लगाने जा रही है। इसके विरोध में ग्रामीण अब सीधे एनजीटी में शिकायत करेंगे।

संपादकीय

दागियों के मुद्दे पर कोर्ट सख्त

सजायाफ्ता जनप्रतिनिधियों को ताउम्र प्रतिबंधित करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। अदालत ने चुनाव आयोग को जमकर फटकार लगाई है कि वह इस मुद्दे पर स्पष्ट राय दे । वह ताउम्र प्रतिबंध के पक्ष में है या विरोध में। दरअसल, एक जनहित याचिका में सजायाफ्ता जनप्रतिनिधियों के पूरी उम्र चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने, उनके पार्टी पद लेने अथवा राजनीतिक दल बनाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस बाबत अदालत में दायर हलफनामे में पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि वह याचिका का समर्थन करता है।ड़मगर अब आयोग कह रहा है कि वह जनप्रतिनिधियों को ताउम्र प्रतिबंधित करने का समर्थन नहीं करता। इस बात पर सुप्रीम कोर्ट ने लताड़ लगाई और कहा कि चुनाव आयोग स्पष्ट करे कि उसकी राय क्या है।ड़वह ढुलमुल रवैया छोड़ दे। दरअसल विधायिका द्वारा बनाये गये कानून के अनुसार सजायाफ्ता जनप्रतिनिधियों पर छह वर्ष तक चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जा सकती है। जिसके चलते पूर्व मंत्री रशीद मसूद व लालू प्रसाद यादव को चुनाव लड़ने से रोका जा सका था। इस मामले में केंद्र सरकार ने अदालत में हलफनामा दायर कर कहा था कि वह आपराधिक मामलों में दोषी नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध के पक्ष में नहीं है। दागी लोगों को राजनीति से दूर रखने का जो कानून प्रभावी है, उससे यह उद्देश्य पूरा हो रहा है। दरअसल, याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका में सजायाफ्ता नेताओं व नौकरशाहों पर प्रतिबंध की मांग के अलावा नेताओं के लंबित मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिये एक साल में पूरा करने की मांग की गई है। पूर्व चुनाव आयुक्त जे.एम. लिंगदोह और एनजीओ पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन ने भी ताउम्र प्रतिबंध के मुद्दे पर जनहित याचिका दायर कर रखी है। लेकिन देश के प्रमुख राजनीतिक दल इस पहल से किनारा करते नजर आ रहे हैं। वर्ष 2014 की चुनावी रैलियों में नरेंद्र मोदी ने वायदा किया था कि वे सत्ता में आने पर देश की राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त करायेंगे। उन्होंने दागियों पर शीघ्र कार्रवाई की व्यवस्था बनाने की बात कही थी। मगर सरकार बनने के बाद यह वायदा पीछे छूटता नजर आ रहा है। यहां तक कि उनकी सरकार में भी दागी मंत्री शामिल बताये जा रहे हैं। यह विडंबना है कि देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था में चौंतीस फीसदी और विधानसभाओं में इक्कतीस फीसदी प्रतिनिधि दागी बताये जा रहे हैं। सवाल यह है कि लोकतंत्र के शुद्धीकरण का यह अभियान कैसे सिरे चढ़े। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से पूछा भी है कि क्या कोई ऐसी व्यवस्था बन सकती है, जिसमें जनता को ऐसे दागी नेताओं के विरुद्ध जागरूक किया जा सके। देश का जनमानस दागदार जनप्रतिनिधियों से मुक्त संसद व विधानसभाएं देखना चाहता है।

डिजिटल माया में सिकुड़ता समाज

आज यह माना जा रहा है कि डिजिटल टेक्नोलॉजी हमारी हर समस्या का समाधान है। अब टेक्नोलॉजी हमारे जीवन के सभी पक्षों को निर्धारित करती है। लेकिन इस टेक्नोलॉजी निर्देशित ज्ञान ने विचार, नवाचार, कल्पना तथा सृजनात्मकता को गायब कर दिया है, या कह सकते हैं कि अब इन्हें चुनौती मिल रही है। साथ ही इसने अनुकरण करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है और तर्क करने की क्षमता को समाप्तप्राय कर दिया है।डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया ने परिवार को भी विस्थापित कर दिया है, अर्थात प्राथमिक समाजीकरण जो पहले परिवार का दायित्व था, वह अब डिजिटल मीडिया करने लगा है, इसलिए अब इनके द्वारा उत्पन्न विचारों/सूचनाओं को हम बिना संदेह के विश्वसनीय और प्रामाणिक मानने लगे हैं। परिणामस्वरूप बच्चे 'बंधक मस्तिष्क' और 'सीमित व्यक्तित्व' बनते जा रहे हैं। नील पोस्टमैन के अनुसार 'आज की पी?ी विचारहीन विचारों से भरी नकलची पीढ़ी है, उसके पास केवल फंडे हैं/जुमले हैं, विचारधारात्मक चिंतन नहीं है, अर्थात उसमें चिंतनशील भाषा का अभाव है। कहा जा रहा है कि हम 'ज्ञानात्मक समाज' की ओर अग्रसर हैं, पर 'विचारशून्यता' के साथ क्या यह संभव है? मीडिया/डिजिटल टेक्नोलॉजी ने बच्चों को 'सीमित व्यक्तित्व' बनाया है; उन्हें एक तरफ तो ज्ञान और सूचना के विश्व से जोड दिया है, दूसरी तरफ परिवार और अनौपचारिक विश्व से अलग कर दिया है। सामाजिक संबंधों में व्यक्तिवादिता उभर रही है अर्थात हमारी सोच अपने तक सीमित होती जा रही है।

डिजिटल टेक्नोलॉजी ने हमें 'भी? में अकेला' कर दिया है। यह संभव है कि वर्चुअल सोसाइटी/इमेजिंड कम्युनिटी (आभासी समाज/काल्पनिक समुदाय) पर लाखों फालोवर्स, फ्रेंड्स, शेयर, लाइक्स हों, पर वास्तविक जीवन में एक भी न हों या बहुत कम हों। यह अलगाव का चरम स्तर कहा जा सकता है। ऐसे में समाज के विकास की दिशा क्या होगी? क्या इसे 'समाज का अंत'/ 'सामाजिक संबंधों का अंत'/ 'सामूहिकता का अंत' कहा जा सकता है? आज की पीढ़ी के बच्चों ने अपने बचपन को जिया ही नहीं, इनकी मासूमियत जल्दी ही परिपक्वता में बदल गई, टेक्नोलॉजी तथा मीडिया सोसाइटी ने उम्र व समय से पहले ही इनका बचपन छीन लिया। प्रत्यक्ष अनुभव, वयस्क पीढ़ी के साथ अंतर्क्रिया के अवसर, सृजनशील होना, कल्पनाशीलता आदि के गुण अब नष्ट हो रहे हैं। टेक्नोलॉजी ने आउटडोर गेम्स (घर के बाहर खेले जाने वाले खेल) को इंडोर गेम्स (घर के अंदर खेले जाने वाले खेल) से विस्थापित कर दिया है। परिणामस्वरूप टीमवर्क का क्षय, नेतृत्व-विहीनता, स्वास्थ्य समस्याएं, सामाजिकता का क्षय, व्यक्तिवादिता में वृद्धि, चुनौतियों से भागना, आत्महत्या आदि में वृद्धि हुई है।कहीं प?ा था कि जिंदगी फेसबुक की तरह है, लोग आपकी परेशानियों को पढेंगे, उन्हें लाइक करेंगे, शेयर करेंगे,उन पर कमेंट करेंगे ओर निकल लेंगे। कोई भी आपकी समस्या का हल नहीं बताएगा क्योंकि सब अपनी परेशानियों को अपडेट करने में लगे हैं। कहा जाता है कि 'समाज' सामाजिक संबंधों के नेटवर्क से निर्मित होता है, सूचना क्रांति के बाद से 'डिजिटल नेटवर्क' महत्त्वपूर्ण हो गया है। वास्तविक समुदायों का स्थान 'आभासी समुदायों/ काल्पनिक समुदायों' ने ले लिया है। पीढ़ी अंतराल का स्थान 'डिजिटल अंतराल' ने ले लिया है, सामाजिक विभाजन का स्थान 'डिजिटल विभाजन' ने ले लिया है, और परिणामत- वास्तविक विश्व का स्थान 'डिजिटल विश्व' (डिज्नी वर्ल्ड) ने ले लिया है जहां सब कुछ आभासी या काल्पनिक है, यथार्थ से परे अति-यथार्थ की अभिव्यक्ति करता नजर आता है। एक ऐसा विश्व जहां केवल मस्ती है, एंजोयमेंट है, फन है, और जहां दुख, परेशानी, संघर्ष, अभाव का नामोनिशान नहीं होता। जहां कोई काम नहीं करना पड़ता, कोई किसी के प्रति जवाबदेह नहीं है। पैसा देकर सब कुछ आसानी से मिल जाता है, वो भी मनचाहा। सोचिए फिर क्यों कोई वास्तविक विश्व में रहना चाहेगा? आज का युवा वर्चुअल/आभासी विश्व के माध्यम से अपने ऐसे सपनों को पूरा करना चाहता है या करने की कोशिश कर रहा है जो शायद वास्तविक जीवन में पूरी नहीं कर सकता। पूर्व में समाज विज्ञानों में अंतर्मुखी और बहिर्मुखी व्यक्तित्व की चर्चा की जाती थी, पर अब 'ऑफलाइन व्यक्तित्व' तथा 'ऑनलाइन व्यक्तित्व' की बातें होती हैं। सवाल है कि हम टेक्नोलॉजी को नियंत्रित कर रहे हैं, या टेक्नोलॉजी हमें नियंत्रित कर रही है? यह सच है कि डिजिटल क्रांति ने ऐसे सूचना समाज को विकसित किया जहां सूचनाओं की भरमार है, पर सामाजिक संबंधों में संवादहीनता व संवेदनहीनता की स्थिति है। यह पीढ़ी/डिजिटल पीढ़ी डिजिटल डिवाइस के माध्यम से लाइक, शेयर, स्टेटस अपडेट, पिक्चर अपलोड करके वर्चुअल/आभासी समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के प्रति ज्यादा चिंतित हैं और वास्तविक समाज या आमने-सामने के सामाजिक संबंधों के प्रति उनमें उपेक्षा का भाव है। सबसे ज्यादा जो हमने खोया है वह है वास्तविक विश्व में व्यक्तिगत संपर्क। यह एक विरोधाभास ही तो है कि एक तरफ व्यक्ति सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से दूरी पर स्थित मित्रों/संबंधियों के साथ संबंधों को मजबूती देता है, पर अपने निकट के संबंधों या सामने उपस्थित संबंधों के बीच दूरी ब?ा रहा है क्योंकि ऑनलाइन रहना परिवार के साथ बिताने वाले समय को नष्ट कर देता है।यहां एक और खतरा पैदा हुआ है- कमजोर व्यक्तित्व के लोग टेक्नोलॉजी के माध्यम से खुद को शक्तिशाली, कुशल, योग्य मानने लगे हैं जो उन्हें न केवल मानसिक रूप से बल्कि शारीरिक रूप से भी बीमार करता है। चूंकि हर व्यक्ति की 'विशिष्ट बन्ने की इच्छा' होती है, इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, जो वास्तविक विश्व में संभव न हो पाती थी उसे वर्चुअल/आभासी विश्व में पूरा करने की कोशिश करते हैं। नेट पर वह दूसरों के लिए अपरिचित है इसलिए वह कुछ भी कहने/करने की स्वतंत्रता महसूस करता है। डोना हार्वे के अनुसार प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों ने मनुष्य और मशीन के बीच अंतर को समाप्त कर दिया है। कह सकते हैं कि मनुष्य मशीन की तरह काम करने के लिए बाध्य है, दूसरी तरफ मनुष्य मशीन (रोबोट) में ही भावनाएं तलाश रहा है। (साभार)

आतंक का अंत कब?


तेज साहू



आतंकी हमला होने के बाद हर नागरिक, सुरक्षा सलाहकार जैसा रूप धारण कर लेता है।यदि इनके हाथों में सब कुछ होता तो कब का पाक का अंत हो जाये रहता।56 इंच का सीना कड़ी निंदा जैसी ही मिली जुली शब्द सोशल मीडिया में प्रचलन में है।केंद्र की सत्ता में बीजेपी है,विपक्ष में कांग्रेस दोनों के राष्ट्रीय प्रवक्ता जब किसी समाचार चैनल के परिचर्चा में बैठते है,तो मानों डीबेट शुरू हो जाता है,अनगिनत राष्ट्रीय प्रवक्ता है...क्या इनके ही सलाह और मार्गदर्शन में पार्टी अपना रणनीति तैयार करती है, शायद, इन्हें तो राजनीतिक माहौल बनाने भेजा जाता है। कंही सुरक्षा में चूक के कारण तो यह आतंकी हमला नहीं हुआ ड़ऐसे कैसे अपने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया जा सकता है!तो आखिर गलती हुआ,कहाँ है? .निश्चितरूप से पूर्वनियोजित आतंकियों की साजिश है। हम लगातार अपनी सुरक्षा के लिए अरबों रूपया खर्च कर रहे। आखिर हम इन अरबों रुपया से निर्वात हथियारों को कब काम में लाएंगे ड़किस मुहूर्त का इंतड़ार किया जा रहा हैऐसे ही बहुत से प्रश्न खड़े होते है। स्वभाविक भी है,आज राष्टवाद के नाम पर दो धर्म आपस में टकराते नड़र आते है,तो कंही प्रतिष्ठान लोग भी बौखलाकर अपने पहचान के अनुरूप बयानबाजी करते पड़ते है।हम बात अमरनाथट्टयात्रा के दौरान आतंकी हमला में शहीद हुए,सभी स्वर्गीय यात्रियों के परिवार के साथ हमारी संवेदना साथ है।भगवान भोले मृतकों को स्वर्ग में स्थान दे!

स्वास्थ्य

प्लास्टिक सर्जरी से कैंसर के घाव भरना आसान




किसी दुर्घटना के बाद हाथ-पैर ठीक से काम न करें तो जल्द से जल्द किसी प्लास्टिक सर्जन की सलाह लेनी चाहिए। केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जन डॉ. एके सिंह ने शनिवार को प्लास्टिक सर्जरी डे पर आईएमए भवन में हुए कार्यक्रम में बताया कि प्लास्टिक सर्जरी का प्रयोग सिर्फ सुंदर बनाने के लिए ही नहीं किया जाता है। डॉ. विजय ने बताया कि प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत कैंसर मरीजों के घाव भरने, हाथ-पैर की नसों को सही करने और ट्रॉमा के मरीजों का इलाज करने में भी पड़ती है।

पीजीआई के न्यूरो सर्जन डॉ. अंकुर भटनागर ने अक्सर शरीर के किसी भी हिस्से में नस की समस्या होने पर लोग न्यूरो सर्जन के पास जाते हैं, जबकि सिर और स्पाइनल कार्ड के अलावा सभी नसों का इलाज प्लास्टिक सर्जरी से होता है।

केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जन डॉ. बृजेश मिश्रा ने बताया कि कैंसर के इलाज में भी प्लास्टिक सर्जरी का अहम रोल है। अक्सर कैंसर वाला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाता है। उपचार के बाद घाव तो ठीक हो जाता है, लेकिन घाव भरने के लिए प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ती है।

सिप्स के प्लास्टिक सर्जन डॉ. आरके मिश्रा ने कहा कि लोगों में जागरूकता की कमी के कारण बर्न के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदेशभर में बर्न के हर साल तीन लाख से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। जलने के बाद त्वचा सही करने में प्लास्टिक सर्जरी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि शरीर के किसी भी हिस्से के झुलसने पर सबसे पहले उस जगह से कपड़े को हटाकर कुछ देर पानी से धुलना चाहिए, ताकि घाव अधिक गहराई तक न पहुंचे।




बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 14 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	टूटू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.14का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5

इतिहास में 17 जुलाई



1290 - इंग्लैंड के किंग एडवर्ड ने यहूदियों के निष्कासन का आदेश दिया।
1743 - साप्ताहिक अखबार न्यूयार्क में दुनिया में पहली बार आधे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित किया गया।
1857 - बंबई विश्वविद्यालय की स्थापना।
1907 - फ्रांसीसी सैनिकों ने कैसाब्लांका पर कब्जा किया।
1931 - पहला वातानुकूलित पानी का जहाज मारिपोसा शुरू।
1944 - ब्रिटिश सैनिकों ने नॉरमैंडी की बोर्केबस पर्वतीय श्रृंखला पर कब्जा किया।
1951 - उरुग्वे ने संविधान स्वीकार किया।
1951 - जर्सी जो वालकॉट सबसे अधिक उम्र में हैवीवेट चैंपियन बने।
1955 - पहली बार परमाणु ऊर्जा से उत्पादित बिजली को व्यावसायिक रूप से बेचा गया।
1963 - सीरिया में सैन्य तख्तापलट विफल।
1977 - वियतनाम संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
1978 - मिस्र और इजरायल के बीच दो दिवसीय अधिकारिक वार्ता शुरू हुई।
1980 - पूर्ण रूप से भारत निर्मित उपग्रह रोहिणी पृथ्वी की कक्षा में स्थापित।
2012 - सीरिया में आत्मघाती बम विस्फोट में रक्षा मंत्री सहित सरकार के तीन उच्च अधिकारियों की मौत।
2012 - किम जोंग उन को आधिकारिक तौर पर उत्तर कोरिया का सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया और उन्हें कोरियाई पीपुल्स आर्मी में मार्शल का पद दिया गया।

राशिफल

मेष : गणेशजी बताते हैं कि आज आपका दिन सामाजिक कार्यों और मित्रों के साथ बीत सकता है। आपके नए दोस्त भी बना सकते हैं। मित्रों के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। बुजुर्गों की तरफ से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा।

वृषभ : नौकरी में पदोन्नति के समाचार मिल सकते हैं। उच्च पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है।

मिथुन : गणेशजी कहते हैं कि आज आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य करने का उत्साह मंद रहेगा।

कर्क : गणेशजी कहते हैं कि आज के दिन आप पर नकारात्मक व्यवहार हावी रह सकते हैं। क्रोध अधिक आ सकता है। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रह सकती है। अनैतिक कामों के विचारों और वाणी पर संयम रखें।

सिंह : गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आप मनोरंजन तथा घूमने- फिरने में व्यतीत करेंगे। सांसारिक मामलों के विषय में आपका व्यवहार उदासीन रह सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या : गणेशजी कहते हैं कि परिवार में आनंद एवं उत्साह का वातावरण बना रहेगा। आज आपका मन भी प्रसन्न रहेगा और स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होने की उम्मीद है।

तुला : आज आप अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति का अच्छे तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग ले सकते हैं।

वृश्चिक : गणेशजी आपको आज का दिन शांति से व्यतीत करने की सलाह देते हैं। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है,इसलिए इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

धनु : गणेशजी कहते हैं कि आज आप पर गूढ़ रहस्यवाद और आध्यात्मिकता का रंग चढ़ सकता है। आज आप नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मकर : आज आप किसी भी परेशानी से बचने के लिए अपनी वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो उसके लिए यह बात आवश्यक है। विद्यार्थियों को आज पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

कुंभ : शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। परिवारजनों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद उठाएंगें।

मीन : थोड़े समय में लाभ लेने का लालच न करें। पूंजी निवेश में विशेष ध्यान रखने की गणेशजी सलाह देते हैं। आज आपके मन में एकाग्रता की कमी हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

काम के घंटे लंबे होने से दिल के दौरे का खतरा



काम के घंटे लंबे होने से दिल की धड़कन के अनियमित होने का जोखिम हो सकता है। इस अवस्था को आट्रियल फाइब्रलेशन कहते हैं। यह परिस्थिति स्ट्रोक और हार्ट फेल होने के खतरे को बढ़ाने का काम करती है। शोध में पता चला है कि ऐसे लोग जो सप्ताह में 35 से 40 घंटे काम करते हैं, उनकी तुलना में 55 घंटे तक काम करने वालों में आट्रियल फाइब्रलेशन के होने की संभावना करीब 40 फीसदी अधिक होती है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के प्रफेसर मिका किविमाकी ने कहा, उन लोगों में अतिरिक्त 40 फीसदी जोखिम बढ़ना एक गंभीर खतरा है, जिन्हें पहले ही दूसरे कारकों जैसे ज्यादा उम्र, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, उच्च कलेस्ट्रॉल, मोटापा, धूम्रपान और शारीरिक गतिविधि नहीं करने से दिल के रोगों का ज्यादा खतरा है या जो पहले ही दिल के रोगों से पीड़ित हैं। किविमाकी ने कहा, यह उन प्रक्रियाओं में से एक हो सकता है जिसे पहले के अध्ययनों में लंबे समय तक काम करने वालों में स्ट्रोक के खतरे की संभावना बताई गई है। आट्रियल फाइब्रलेशन स्ट्रोक के विकास व स्वास्थ्य पर दूसरे प्रतिकूल असर डालता है। इसमें हार्ट फेल और स्ट्रोक से जुड़े डेमेंशिया शामिल हैं। इस शोध का प्रकाशन यूरोपियन हार्ट जनरल में किया गया है।

सेंसेक्स ने क्लोजिंग का एक और रिकॉर्ड कायम किया, 54 अंकों की तेजी के साथ 32,075 के स्तर पर बंद हुआ



मुंबई। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन तेजी पर खुले शेयर बाजारों ने क्लोजिंग के वक्त भी नया रिकॉर्ड कायम किया. निफ्टी पहली बार 9900 के स्तर के पार बंद हुआ जबकि सेंसेक्स ने भी क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया. यह 54 अंकों की तेजी के साथ 32,075 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी 39 अंकों की तेजी के साथ 9925 के स्तर पर बंद हुआ.

आज विप्रो, अदाणी पोर्ट, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, महिन्द्रा एं महिन्द्रा, ओएनजीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 3.26 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई. सोमवार को विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने और कारोबारियों की खरीदारी बढ़ने से बाजार में तेजी का रुख रहा.

एशियाई बाजारों में भी आज शुरुआत तेजी के साथ हुई थी. अमेरिका में पिछले सप्ताहांत कारोबार की समाप्ति तेजी के साथ होने पर एशियाई बाजारों में यह तेजी का रुख देखा गया. वैसे निवेशकों को उम्मीद है कि प्रमुख कंपनियों के परिणाम बेहतर होंगे. इससे उनमें उत्साह रहा.

चीन की अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज



बीजिंग। चीन की अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई. आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है. हालांकि, प्रशासन ने अर्थव्यवस्था के समक्ष सुस्ती बढ़ने के खतरे के प्रति आगाह किया है. चीन की अर्थव्यवस्था में पहली तिमाही में भी 6.9 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल की गई. तब एएफ्मी के सर्वेक्षण में विश्लेषकों ने दूसरी तिमाही के लिये 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया था. चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के प्रवक्ता सिंग झिहोंग ने कहा, 'सामान्य तौर पर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था ने 2017 की पहली छमाही में बेहतर और स्थिर गति से बढ़ने का क्रम बनाये रखा है. इस लिहाज से अर्थव्यवस्था ने बेहतर प्रदर्शन के सालाना लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में मजबूत नींव रखी है.' सिंग ने कहा, 'हमें, फिर भी इस बात को लेकर सतर्क रहना होगा कि अर्थव्यवस्था के समक्ष विदेशी स्तर पर अभी कई तरह के अस्थिर और अनिश्चित कारक हैं जबकि घरेलू स्तर पर दीर्घकालिक अवसंरचनात्मक विरोधाभास बन हुए हैं.'

दो नए सोनी के कैमरे के साथ प्रोफेशनल ईमेजिंग बाजार में आएगी नई क्रांति

नई दिल्ली। साहसिक खेल और वन्यजीव फोटोग्राफी में बढ़ती रूचि का फायदा उठाते हुए सोनी इंडिया ने आज अपने नए क्रांतिकारी डिजिटल कैमरा (मॉडेल आईएलसीई-9) पेश किया है।सोनी का यह अबतक का तकनीकी रूप से सबसे उन्नत, अभिनव डिजिटल कैमरा है। नया कैमरा सबसे उंचे स्तर का ईमेजिंग परफॉर्मन्स प्रदान करता है। इसकी तुलना अन्य किसी भी कैमरे की मिररलेस, एसएलआर या अन्य कैमरे से नहीं की जा सकती।



उच्चगति, 20 फ्रेम्स पर शॉट 4 तक ब्लैकआऊट फ्री निरंतर शूटिंग 3, 60 एएफ/एई ट्रैकिंग कैल्क्यूलेशन्स प्रति सेकंड, 1/32,000 सेकंड 5 की अधिकतम शटर गति और अन्य कई विशेषताओं का समावेश हैं। इसके अपने प्रकार का पहले 35 मिमी फूल फ्रैम स्टैक्ड एक्समोर आरएस सीमॉस सेंसर की वजह से ये सब मुमकिन हुआ है। इसकी वजह से सोनी के पिछले फूल-फ्रेम मिररलेस कैमरे 6 की तुलना में डेटा स्पीड दुनिया का पहला फूल फ्रेम स्टॅक्ड सीमॉस सेंसर, 24.2 एमपी रेजोल्युशन ये नया कैमरा कई प्रभावी क्षमताएं प्रदान करता है, जो आधुनिक डिजिटल एसएलआर कैमरे के बस की बात नहीं। इस में प्रोसेसिंग 20 गुना तक ज्यादा तेज होता है। ये विशेषता सेंसर सबसे नए, सुधारित बायोन्ज एक्स प्रोसेसिंग इंजन और फ्रंट-एंड एलएसआई के साथ पेअर करके इसके कुल प्रदर्शन को अधिकतम बढ़ाता है।



लो आ गयी अब 'स्कूटर अम्ब्रेला'

रायपुर। मानसून के दस्तक देने के बाद बारिश का लुत्फ उठाने का आनंद ही कुछ और है, लेकिन जब आपको दुपहिया वाहन चलाना पड़े तो ये थोड़ा परेशानी का कारण बन जाता है, ऐसे में आपको घर से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ता है।

लेकिन अब ऐसा कुछ सोचने की जरुरत नहीं है अब दुपहिया वाहनों चालकों के एक नयी खोज मार्केट में आ चुकी है जिसका नाम है बाइक अम्ब्रेला 7 जो आपको धुप के साथ साथ बरसात से भी बचाएगी 7 यह आपको बरसात से पूरी तरह से सुरक्षित रखती है , काफी किफायती दाम वाली यह अम्ब्रेला मार्केट में किसी दुपहिया एसीसरिस की दुकान में आसानी से उपलब्ध है। इसे बड़ी आसानी से जरुरत के अनुसार लगाया और उतारा जा सकता है।

एसबीआई में खुलते हैं चार ऐसे खाते, जिनमें न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर कोई जुर्माना नहीं लगता

यह चार खाते हैं - छोटी बचत बैंक खाता, बेसिक सेविंग्स बैंक खाता, कॉरपोरेट सैलरी खाता तथा जन-धन खाता, जो केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) के तहत खोला जाता है.



नई दिल्ली। क्या हमारे देश के सबसे बैंक - स्टेट बैंक ऑफइंडिया, यानी एसबीआई - में आपने खाता खुलवा रखा है - अगर इस सवाल का जवाब 'हां' में है, तो आपको जानकारी होनी चाहिए कि देशभर में काम कर रहे बहुत-से बैंकों की तरह एसबीआई में खोले गए खातों में आपको प्रत्येक माह न्यूनतम बैलेंस रखना होता है, जिसके न रहने पर आपको जुर्माना अदा करना पड़ सकता है.

लेकिन एसबीआई की ओर से कुछ ऐसे खाते भी खुलवाए जाते हैं, जिनमें यह बंधन नहीं होता. इसका अर्थ यह हुआ कि आप अपने खाते में मौजूद राशि में से कितनी भी राशि निकालकर खर्च कर सकते हैं, और इस बात की चिंता करने की ज़रूरत नहीं होती कि न्यूनतम बैलेंस बचा है या नहीं. इसी महीने संचालन के 62 साल पूरे करने वाले एसबीआई में कम से कम चार इस तरह के खाते हैं, जिनमें ग्राहक को 'औसत मासिक बैलेंस' बनाए रखने की अनिवार्यता नहीं होती है.

...तो क्या मुफ्त मोबाइल डाटा के दिन खत्म होंगे? ट्राई (TRAI) चर्चा करेगी

कंपनियों का एक वर्ग डाटा और वायस कॉल्स के लिए 'न्यूनतम कीमत' निर्धारित करने की मांग कर रहा है लेकिन क्रियान्वित करने का मतलब होगा कि बाजार में मुफ्त में दी जा रही सेवाएं समाप्त हो जाएंगी.




नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) 21 जुलाई को सभी दूरसंचार कंपनियों के साथ वायस और डाटा शुल्कों के लिए 'न्यूनतम मूल्य' पर चर्चा करेगा. कुछ कंपनियां इसकी मांग कर रही हैं.मौजूदा दूरसंचार कंपनियों का एक वर्ग डाटा और वॉयस कॉल्स के लिए 'न्यूनतम कीमत' निर्धारित करने की मांग कर रहा है लेकिन क्रियान्वित करने का मतलब होगा कि बाजार में मुफ्त में दी जा रही सेवाएं समाप्त हो जाएंगी.इसके अलावा अभी तक ऑपरेटरों को दरें तय करने की आजादी है और उन्हें किसी प्लान की जानकारी ट्राई को उसे पेश करने से सात दिन पहले देनी होती है. ऐसे में न्यूनतम मूल्य तय होता है तो इस व्यवस्था में भी बदलाव होगा.

'क्लासीफाइड' विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर :- 9300600060,9300800080

लोन
• लोन लेने के लिए इनकम टैक्स फाइल बनवाएं
• ITR मात्र 500 /-
• सर्विस टैक्स नं. प्रोजेक्ट रिपोर्ट, डिजिटल सिगनेचर एवं TDS रिफंड हेतु संपर्क करें।
ITR मात्र 500/-
शेखर गुप्ता
9300755544-9425165464
C-125 Sector 1. Devendra Nagar Raipur
www.onlytds.com

GIRLS HOSTEL
at a very prime location
Well Furnished Room with attached toilet
Food & Dining Facility
Pick up & drop on request
Aqua cooler water
Security Guard
Wi-Fi
Air Cooled Rooms
Above J Juice Bar, Vip Estate, Khamardih, Raipur.
7773870004, 7974627076, 0771-4066645

लोन
रायपुर के प्रतिष्ठित बैंकों से 1 लाख से 10 करोड़ तक हाउसिंग लोन मार्डगेज, पर्सनल बिजनेस सीसी लिमिट लोन टेक ओवर हेतु मिलें
नोट:- हाउसिंग लोन 8.30%
मार्डगेज लोन 11%
संपर्क:- शिवोम फॉयनेंस, अणुव्रत प्लाजा, फुलचौक रायपुर, मो. 9329488718, 9977708090, 0771-2222211



जल है तो... कल है
रेन वाटर हारवेस्टिंग हेतु सम्पर्क करें
(शासकीय मान्यता प्राप्त एवं नगर निगम में पंजीकृत)
पता - अशोका टॉवर चौक, गुलशन स्वीट्स के ऊपर शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मोबाइल - 9229213001, 9179873613

शिवांजली सिक्योरिटी सर्विस
24×7
सिक्योरिटी गार्ड/ट्रैवल्स हेतु सभी प्रकार की गाड़ी के लिए संपर्क करें
बी. टी. आई., शंकर नगर चौक रायपुर (छ.ग.)
मो. 9229213001, 9179873613

DR.C.V. RAMAN UNIVERSITY
(Franchasi in Raipur)
Authorized Information Center
TALLY
ऑनलाईन फार्म सुविधा
DCA
फीस रू. 9,500/-
PGDCA
फीस रू. 10,500/-
एवं अन्य कोर्स
▲ अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण
▲ ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
▲ कोर्स बुक नि:शुल्क
▲ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश
▲ हिन्दी एवं अंग्रेजी टायपिंग
▲ मासिक टेस्ट
Time : 8;00 am to 8;00 pm
गोवर्धन प्रसाद साहू
Ekta Chowk, Khamardhih, Raipur (C.G.) 98261-38052

सेल सेल सेल
सोफा कवर
350/- 500/- 700/-
पर्दा तैयार
100, 150, 200/-
मच्छरदानी
80, 100, 150/-
चादर डबल सेट
275/- 400/- 600/-
चादर सिंगल सेट
250/- 300/- 400/-
सेल सेल सेल
गद्दा +तकिया 250/-
गद्दा मोटा 15 किलो 600/-
तकिया 2 पीस 100/-
तकिया वाशेबल 110/-130/-175/-
पीठ तकिया जोडी 200/-
गद्दा इनलप 3x6 1500/-
गद्दा इनलप 4x6 2000/-
गद्दा इनलप 6x6 4500/-
श्री संजय रुई भंडार
नाकोड़ा ज्वेलर्स के बाजू
जीवन बीमा मार्ग, मेन रोड़, पंडरी, रायपुर
प्रकाश जसूजा- 98279-76266, 78692-58651

Sonu Mobile Care
Fully Computerized, Fully Equipped Work Shop
REPAIRING, TRAINING & ACCESSORIES CENTER
New & Old Mobile Available
Main Gate, Opp, Post Office, Lal Gate, Ravi Bhawan Jaistambh Chowk,Raipur (C.G.)
NASIM- 9303016463, 9098006463
IMRAN-9300472004

फुल फर्निशड ऑफिस किराए से देना है
(7 सौ स्क्वायर फीट)
शंकर नगर टर्निंग
प्वाइंट चौक, गुलशन
स्वीट के ऊपर
सैकंड फ्लोर
(केबिन/ फर्नीचर/ एसी सहित)
संम्पर्क करें
मो. 8461875557

क्या आप परेशान है?
जोड़ो का दर्द, थॉयराइड, बवासीर, पेट से संबंधित रोग, क्या आप अपने शरीर के इन पुराने तथा बार-बार होने वाली बीमारियों से परेशान हो चुके हैं। आपकी इन सभी समस्याओं का पूरा समाधान आयुर्वेद में है।
अन्य शारीरिक बीमारियों का इलाज उपलब्ध है।
वात रोग, गठिया, साईटिका, गैस, अपच, पेट का छाला, पीलिया, हाथ पैरों में जलन,पेशाब में जलन, मुत्र रोग पथरी, चर्मरोग, लकवा आदि।
सभी प्रकार के पुराने एवं जटिल रोगों की विशेष आयुर्वेदिक चिकित्सा
संपर्क करें : आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. अमरीश वर्मा
बी.ए.एम.एस. (आयुर्वेद)
मो. न. 94255-26082, 98275-40519
पता :- पहाड़ी तालाब के सामने, तिरंगा चौक, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)
मिलने का समय :- सुबह-10 से 1.30 तक, शाम- 6 से 9 तक।

आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की अपने क्षेत्र में ही सदस्य बनकर साप्ताहिक योजना में घरेलू सामान के प्रचार प्रसार एवं बिक्री करने हेतु प्रति माह 10000 से 30000 तक कमाएं।
मोबाईल:-7378647430
संपर्क:- आशीर्वाद मार्केटिंग दुर्गा मंदिर के पास अमलीडीह, रायपुर

ओम हॉस्पिटल
मौक्सिलोफोशियल सर्जरी विभाग
चेहरे की चोट एवं टुटे हुए जबड़ें का ईलाज (MAXILLOFACIAL TRAUMA)
चेहरे की जन्मजात विकृतियों का ईलाज (CLEFT LIP & CLEFT PALATE)
जन्मजात या चोट लगने के कारण मुँह के नही खुलने का ईलाज (TMJ ANKYLOSIS)
गुटखा खाने के करण मुँह के कम खुलने का ईलाज (ORAL SUBMUCOUS FIBROSIS)
लार के ग्रंथियो की विभिन्न बिमारियों का ईलाज (SALIVRY GLAND DISORDER)
छोटे-बड़े एवं जबड़े के टेढ़ेपन का ईलाज (ORTHOGANTHIC SURGERY)
मुँह एवं चेहरे के कैंसर का ईलाज (ORAL CANCER)
एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, महादेव घाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2243118/119/120
मो. 8370008551

न्यू ऑफिस में, ऑफिस वर्क, टेलिकोलिंग, रिसेप्शनिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टैली अकाउंटिंग, मार्केटिंग एवं सिक्युरिटी कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है।
: संपर्क करें :
8770934245, 8871158484

आवश्यकता है
हर्बल उत्पाद विस्तार हेतु छ.ग. के सभी जिलों मे मार्केटिंग/सेल्समेनेजर चाहिए स्वम का वाहन अनिवार्य वेतन 15000 रू. सम्पर्क-
संजीवनी हर्बल इंटरनेशनल-
9329192333

गुप्त रोगी मिलें
डां. आशीष कुमार त्रिपाठी
(आयुर्वेदाचार्य)
क्या आप जानते है?
सेक्स प्रकृति द्वारा दिया गया सबसे खुबसूरत तोहफा है।
सेक्स जीवन का सत्य है, जिसे नकारा नही जा सकता
सेक्स की कमी मानसिक रोगी को जन्म देती है
सेक्स इच्छाओ का दमन हिस्टीरिया एवं डिप्रेशन जैसे रोगो को जन्म देती है..
• शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता.
• वीर्य में शुक्राणुओ की कमी, सेक्स से भय,
• बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी.
• सेक्स संबंधी किसी भी समस्या का समाधान
मिलने का समय : 6-9 बजे शाम
नि:संतान क्यों?
शुक्राणु नहीं है कम है या सामान्य हो फिर भी संतान न हो, ट्यूब का बंद होना, अण्डों का न बनना।
समस्त स्त्री-पुरुष बांझपन की सफल चिकित्सा
हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स कचना रायपुर (छ.ग.)
फोन: 9425357813 मो. 9300798839

NEWS BRIEF

ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर रोपे धान के पौधे

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के द्वारा नवगठित पार्टी जनता कांग्रेस जोगी ने कम समय में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर हर आंदोलन में उनका साथ दिया है। इसी क्रम में आज सुबह युवा जनता कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष विभाष सिंह ठाकुर के निर्देशन में शुभम सिंह व बाबा भट्ट के नेतृत्व में गोपालपुर व टारपाली के ग्रामीणों के साथ मिलकर जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवा जनता कांग्रेस जोगी जे के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर धान भी रोपे।

गैस चूल्हा का वितरण किया गया

कोरबा। दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को गैस चूल्हा में खाना बनाने हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच इंद्रसेनए सचिव शिव सूर्यवंशीए राजकलाए गौरी बाईए शकुंतलाए सुकवारो बाईए बहोरन बाईए राम बाईए विशाल सिंहए गायत्री बाईए मेघनाथ के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अग्रगमन की कक्षाएं प्रारंभ

कोरबा। जिला प्रशासन के नेतृत्व में अनुसूचित जाति, जनजाति व बीपीएल वर्ग के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली छात्र.छात्राओं के लिए अग्रगमन संस्था का संचालन बीते साल से हो रहा है। अध्ययन सह विशेष कोचिंग संस्थान का नया सत्र की कक्षाएं प्रारंभ हो गई है। बेहतर परिणाम को देखते हुए इस बार भी कक्षाएं संचालित करने की जिम्मेदारी कैरियर पाइंट कोटा को दी गई है। कक्षाओं के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीतसिंह चंद्रवाल, डीईओ डीके कौशिक व कैरियर पाइंट के अध्यापक उपस्थित थे। समारोह में अभिभावक भी शामिल हुए।

राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 से

कोरबा। 17वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 से 30 जुलाई तक महासमुंद में आयोजित है, जिसमें जिला बैडमिंटन संघ भी टीम भेजने का निर्णय लिया है। जिसके लिए टीम में जगह पाने 19 जुलाई को चयन प्रतियोगिता मनोरंजन गृह नगर निगम में आयोजित है। संघ के सचिव गोपाल शरण शर्मा ने भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागियों से 18 जुलाई तक संघ के सचिवए अध्यक्ष के पास अपनी प्रवृष्टियां जमा करने कहा है।

नव ग्रह वाटिका का सृजन

रायगढ़। पंच तत्व से बने मानव जीवन (संरचना) पर पेड़ पौधों का प्रभाव तो पड़ता ही है या यह कहे कि इनके बिना जीवन की परिकल्पना ही संभव नही। ग्रहों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए डीएफओ ने रायगढ़ और आसपास के लोगों के लिए इंद्राविहार में नवग्रह वाटिका का सृजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायगढ़ विधायक रोशनलाल के कर कमलों से समी का पौधा रोपित किया गया। डीएफओ ने भी चंद्र ग्रह को प्रभावित करने वाले पलास का पौधा लगाकर नवग्रह वाटिका का शुभारंभ किया।

वन विभाग ने 10 नग चौखट का चिरान पकड़ा

रायगढ़। आज वन विभाग के उडनदस्ते ने आज लारा की ओर से आ रही एक पिकअप में लोड साल प्रजाति के चौखटों को पकड़ा है। 10 नग चौखट को जब्त कर मामले की जाँच की जा रही है। बताया जा रहा है कि रायगढ़ में इसे खपाने की तैयारी की जा रही थी। जत किये गये चौखटों की कीमत 30 से 40 हजार रूपये आंकी जा रही है।

महारानी अस्पताल के विनिवेश का हर स्तर पर विरोध करेगी युवक कांग्रेस

जगदलपुर। भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुशील मौर्य ने महारानी अस्पताल के कथित तौर पर निजीकरण से जाने का विरोध किया है। मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बस्तर की जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है और कांग्रेस भाजपा के इस मनसुबे को पूरा नहीं होने देगी। मौर्य ने कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे, वहीं उन्होंने इस मामले पर राजपरिवार से मिलकर चर्चा करने के बाद भी कहीं और साथ ही राजपरिवार के सदस्य जोकि इन दिनों राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष हैं उनसे महारानी अस्पताल के मुद्दे पर खुलकर सामने आने को कहा है।

मौर्य ने कहा कि जिस प्रकार नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण किया जा रहा है। उसी प्रकार अब महारानी अस्पताल को बेचने की तैयारी की जा रही है, किंतु बस्तर की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ेगी जिस की शुरुआत आज से हो गई है। पहले चरण में युवा कांग्रेस बस्तर कमिश्नर और स्वास्थ विभाग के आला अधिकारियों से चर्चा करेगी उसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस मुद्दे पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और स्थानीय विधायक संतोष बाफना की



राजपरिवार से मिलकर जानेंगे पक्ष

रहस्यमयी चुप्पी पर उनको कटघरे में खड़ा किया है। पत्रकार वार्ता में सचिव सुशील मौर्य, जिलाध्यक्ष जीशन कुरैशी, शहनवाज खान, अजय बिसाई, सेमुयल नाथ उपस्थित थे।

नगरनार की लड़ाई में कांग्रेसी हमेशा साथ

युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुशील मौर्य ने पत्रकारों के उन आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि कांग्रेस ने नगरनार के मुद्दे पर दमदारी से आंदोलन किया और आगे भी दमदारी से लड़ाई लडेगी। ज्ञात हो कि जोगी कांग्रेस इन दिनों नगरनार के मुद्दे पर मुखर होकर लडाई लड़ रही है किंतु अब कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक है।

विनिवेश के मामले में बंद को मौखिक समर्थन

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मौर्य ने बस्तर हित के लिये किसी भी संघ-संगठन द्वारा के जाने वाले बंद को समर्थन देती है, यह समर्थन मौखिक समर्थन है। जोगी कांग्रेस द्वारा सोमवार को नगर बंद का आयोजन किया है।



झरने का आनंद लेने माँ जतमई घटारानी में लगा श्रद्धालुओं का ताँता

छुरा। बरसात के दिन में छुरा अंचल से 22 किमी के दूरी पर माँ जतमई एवम माँ घटारानी में मनमोहक झरने तथा प्राकृतिक दृश्यों का लुफ्त लेने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु परिवार तथा साथियों के साथ पिकनिक का मजा एवम माँ जतमई देवी का दर्शन करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुँच रहे है । स्थानीय लोगों के अलावा समस्त छत्तीसगढ़ के भिन्न-भिन्न कोनों से माता के दर्शन के लिए श्रदालुओं का आगमन लगा रहता है। सुबह से लेकर शाम तक यहाँ भीड़ रहती है। यहाँ दोपहिया वाहन के अलावा चारपहिया वाहनों का लंबा कतार रहता है एवं यहाँ युगल प्रेमी भी घूमते हुए भी नजर आते है। ज्ञात हो कि बारिश के मौसम में माँ जतमई एवम घटारानी के झरनों का दृश्य अतिसुन्दर एवम मनमोहक रहता है। झरने का पानी लगभग चालीस फिट के ऊंचाई से श्रद्धालुगण मंत्रमुग्ध होकर आकर्षित होकर नीचे बने कुंड में डुबकी लगाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। गांव से ज्यादा यह बड़े-बड़े शहरों के श्रद्धालुगण अधिक नजर आते है। बहुत से लोग इस जगह को देवी दर्शन के अलावा मौज-मस्ती एवम पिकनिक के सर्वश्रेष्ठ मानते हैं।

सायबर ठगी के शिकार हुये लोगों के पुलिस ने लाखों रूपए कराए वापस

दुर्ग। एटीएम ठगी के मामलें में दुर्ग सायबर ने तत्कालिक कार्यवाही करते हुये ठगी के शिकार हुये लोगों को रकम वापस कराते हुये उल्लेखनीय कार्य किये है इसके पूर्व भी एटीएम फ्रॉड के मामलें में शिकार हो चुके लोगों के रकम को वापस कराने में लगातार कार्य किये है।

एटीएम एवं बैंकों में ग्राहकों को ठगी करने वाले गिरोहों से बचने हेतु सायबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस अधीक्षक महोदय दुर्ग द्वारा सायबर अपराध के संबंध में आम जनता को जागरूक करने जिले में कई गांव एवं शहरी क्षेत्र के मोहल्लों में केम्प लगाकर समझाईस देते हुये ठगी से बचने के उपाय बतलाये है। इस संबंध में दुर्ग पुलिस आम जनता से पुलिस ने अपील किया है कि ऐसे साईबर ठगों के झांसे में न आए तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम से संबंधित जानकारी मांगने पर अपना एटीएम नंबर एवं एकाउन्ट नंबर से संबंधित जानकारी किसी को न देवें। दुर्ग जिला पुलिस ने कुल शहर के करीब 12 लोगों के लाखों रूपए वापस कराए, वापस कराए गए कुल रकम 1,08,101 रूपए है।

कलेक्टर को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

कोरबा। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बोधराम कंवर के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं पर आधारित 7 बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हरदीबाजार से दीपका मार्ग को एसईसीएल दीपका ने पूरी तरह खदान में परिवर्तित कर दिया है। भारी वाहनों के परिचालन से आमलोगों के लिए मार्ग बंद हो गया है। क्षेत्र के लोगों को हरदीबाजार से दीपका तक 4 किलोमीटर का सफर 20 किलोमीटर चलकर तय करना पड़ रहा है। इसी तरह दीपका गेवरा खदान आबादी क्षेत्र से काफी नजदीक होने के कारण ब्लास्टिंग, ध्वनि व वायु प्रदूषण से क्षेत्र के लोग परेशान व भयभीत हैं। मकान, नलकूप, कुओं में ब्लास्टिंग से दरारें आ रही है, जो जनजीवन के लिए चिंता का विषय है। ग्राम भारती शासकीय महाविद्यालय खदान के नजदीक है। यहां छात्र.छात्राओं की शिक्षा जान जोखिम में डालकर कराई जा रही है। ऐसे में प्रस्तावित स्थल पर महाविद्यालय का निर्माण कर शीघ्र स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। हरदीबाजार से बोईदा मुख्य मार्ग भारी वाहनों के परिचालन के कारण बदतर स्थिति में है। यहां लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। हरदीबाजार.दीपका मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन एवं सड़क मार्ग की दुर्दशा के कारण आए दिन जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्कूली



बच्चे, आम नागरिक, एसईसीएल कर्मी प्रभावित हो रहे हैं। यह क्षेत्र सड़क के कारण समस्याओं से घिरा हुआ है। भारी वाहनों से हो रही दुर्घटना के कारण क्षेत्रवासी भयभीत व आक्रोशित हैं। हरदीबाजार से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क को एक वर्ष पूर्व भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया गया था, जिसे भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इस मार्ग पर पुन: भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंधित किया जाए।

कलेक्टर ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान पूर्व विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष बोधराम कंवर के अलावा जिला पंचायत सदस्य मीरा कंवर, पुरूषोत्तम कंवर, चंद्रहास राठौर, रामशरण कंवर, गोपाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

अब च्वाइस सेंटर में करा सकेंगे फसल बीमा

कोरबा। फसल बीमा कराने के लिए किसान अब अपने गांव के नजदीकी च्वाइस सेंटर पर ही प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत च्वाइस सेंटर से पंजीयन प्रक्रिया पूरी करने जिले के अऋणी किसानों को लाभ प्रदान किया जाएगा। किसान अधिसूचित फसलों की प्रीमियम राशि जमा कर बीमा योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।इस खरीफ सीजन में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने इन दिनों किसान अपने खेतों में जुट गए हैं। किसी कारण से खेत की फसल बर्बाद हो गई, तो ऐसी स्थिति में नुकसान की



भरपाई के लिए शासन ने किसानों के लिए बीमा योजना दी है। प्रधानमंत्री कृषि फसल बीमा कराने वाले ऐसे किसान, जिनके खेत मौसम की बेरूखी या अन्य कारणों के शिकार हो गए, उनके लिए प्रभावित रकबे का सर्वे करने अब तक विभागीय अफसरों की टीम को जिम्मेदारी दी जाती रही है। फसल तैयार करने लगाई गई राशि की वापसी के लिए बीमा योजना संचालित है। इसके लिए उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन देना होता है। गौरतलब है कि पंजीकृत किसान संबंधित बैंक में फॉर्म भरते हैं।

हरियाली वन महोत्सव अंतर्गत चार हजार पौधे रोपे जायेंगे

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार हरियाली वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जायेगा।

फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम घोघरा में 20 जुलाई को जिला स्तरीय वनमहोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में आज जिला कार्यालय में प्रभारी कलेक्टर जगदीश सोनकर एवं वनमण्डलाधिकारी



एम.गोविन्द राव द्वारा अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। बैठक में अपर कलेक्टर रोक्तिमा यादव, अनुविभागीय अधिकारी एन.सी. नैरोजी एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मार्ग दर्शन

विश्व युवा कौशल दिवस पर हुआ आयोजन

अपनी कमियों को पहचानें और उन्हें दूर करके खुद को साबित करें युवा :भंजदेव

मुख्यमंत्री के मागदर्शन में आयोग द्वारा युवाओं के सम्पूर्ण विकास के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी के तहत युवा नीति भी बनाई गई है, जिसमे युवाओं से जुड़े हर विषयों पर नीतियां बनाई जाएगी जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा।

जगदलपुर। प्रदेश की युवा शक्ति के विकास से ही छत्तीसगढ़ राज्य सशक्त होगा। इस दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार प्रयासरत भी हैं। युवाओं के लिए बेहतर नीतियां बनाई जा रही हैं। कौशल विकास से युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। हमारे युवा प्रदेश से बाहर जाकर अपने हुनर, ज्ञान से राज्य का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं, जो की खुशी की बात है।

उक्त उदगार बस्तर महाराजा और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव ने रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम में दिये छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस कर्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि श्री भंजदेव ने कहा कि युवाओं के विकास के लिए युवा बजट बनाया गया है। मुख्यमंत्री के मागदर्शन में आयोग द्वारा युवाओं के सम्पूर्ण विकास के



लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी के तहत युवा नीति भी बनाई गई है, जिसमे युवाओं से जुड़े हर विषयों पर नीतियां बनाई जाएगी जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। श्री भंजदेव ने बताया कि हमारे युवाओं में काफी संभावनाएं हैं, जिसे तराशने की आवश्यकता है। उन्हें सही दिशा और अवसर मिले तो बहुत आगे जा सकते हैं। इसके लिए युवा आयोग युवाओं के लिए लगातार विकासात्मक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, उनके लिए करियर काउंसिलिंग, ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देना, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग, कौशल विकास के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाना आदि कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा युवा नीति तैयार की जा रही है, जिसमे हर वर्ग के युवाओं की अपेक्षाओं, हितों एवं जरूरतों पर केंद्रित नीतियों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के मार्गदर्शन में बन रही युवा नीति प्रदेश के युवाओं के विकास के लिए कारगर साबित होगी। श्री भंजदेव ने जय जोहार, जय युवा शक्ति के साथ अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपनी कमियों को पहचानें और उन्हें दूर करके खुद को साबित करें।

अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि हमारे युवा हर क्षेत्र में सफल होकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के भी ऐसे युवा शामिल हैं, जिन्होंने अपनी सफलता से एक मिसाल कायम किया है।

मुझे उम्मीद है कि प्रदेश के युवा उपलब्ध अवसरों और केंद्र-राज्य द्वारा युवाओं के लिए संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर अपनी मेहनत, सफलता और अच्छी सोच से प्रदेश का मान बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद सुंदरानी और अधिकारी मौजूद थे।

रजगामार में दंतैल ने बरपाया कहर

कोरबा। कोरबा वनमंडल के कोरकोमा वन परिक्षेत्र के ग्राम रजगामार में दंतैल हाथी ने तांडव मचाया। दंतैल के तांडव से पूरा गांव दहशत में है और ग्रामीणों के बीच भय का माहौल व्याप्त हो गया है। दंतैल हाथी ने स्कूल परिसर के बाऊंड्रीवाल सहित कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वन विभाग दंतैल हाथी को खदेड़ पाने में असमर्थ है। इस वजह से लगातार दंतैल एक के बाद एक घटना को अंजाम दे रहा है। पिछले दिनों दंतैल हाथी के हमले से चार लोगों की जान जा चुकी है। सूत्रों के मुताबिक हाथी रजगामार स्थित शासकीय स्कूल परिसर में घुस गये। रजगामार कॉलोनी के अंदर घुसे हाथियों द्वारा एसईसीएल की एक बस को पलटा देने व खेल मैदान तथा एसईसीएल की दीवार को तोड़ दिया। दंतैल हाथी ने प्रेमनगर, रावणभांठा व ओमपुर बस्ती सहित आमाडांड़ में भी उत्पात मचाया। वन विभाग ने ग्रामीणों

ग्रामीणों में दहशत , स्कूल व कई घरों को किया क्षतिग्रस्त

को हाथी से बचने के लिये उपकरण उपलब्ध नहीं कराया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सुरक्षा की मांग की है। ज्ञात हो कि हाथियों के उत्पात को रोकने के लिये वन विभाग द्वारा किये जा रहे तमाम तरह के दावों के बाद भी मानव व वन्य प्राणी का द्वंद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वनांचल क्षेत्रों में एक के बाद एक हाथियों के उत्पात की खबरें सामने आ रही है। हाथियों के उत्पात को देखकर ऐसा लगता है कि वन विभाग द्वारा वनांचल क्षेत्रों में चलाई जाने वाली योजनाएं केवल कागजों में ही सिमट कर रह गई है। जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। विभाग द्वारा पूर्व में एलीफेंट कॉरीडोर परियोजना के तहत जंगल में ही पानी व भोजन की व्यवस्था होने से गांव की ओर हाथी का रूख नहीं होगा, यह दावा वन विभाग द्वारा किया जा रहा था। बेहतर बारिश होने के साथ ही खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आ गई है। जिले के कृषक किसानी कार्य में व्यस्त हो गये हैं लेकिन वनांचल क्षेत्रों में हाथियों के उत्पात के चलते यहां के कृषकों का किसानी कार्य अधर में लटक गया है। हाथियों के दहशत व आक्रामकता के चलते जंगल से सटे खेतों की ओर जाना ग्रामीण मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

कई बार खेती किसानी में पिछड़ जाने के डर से ग्रामीण बड़ी हिम्मत जुटाकर खेतों तक पहुंचने पर अल्प समय ही रूककर वापस घर लौट आ रहे हैं। इससे किसानी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हाथियों के उत्पात के चलते खेती-किसानी का कार्य प्रभावित होने से जीविकोपार्जन की समस्या सामने आ गई है।


फाइल फोटो

NEWS BRIEF

सूरजपुर जिले में अब तक 332.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

सूरजपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारी टी0आर0 चैहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2017 से अब तक सूरजपुर जिले में 332.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। सूरजपुर तहसील में 1 जून 2017 से अब तक 285.8 मिलीमीटर, भैयाथान तहसील में अब तक 151.2 मिलीमीटर, ओड़गी तहसील में अब तक 161.5 मिलीमीटर, रामानुजनगर तहसील में अब तक 358.9 मिलीमीटर, प्रेमनगर तहसील में अब तक 374.0 मिलीमीटर एवं प्रतापपुर तहसील में अब तक सर्वाधिक 662.7 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड दर्ज की गई। पिछले 24 घण्टे के दौरान सूरजपुर तहसील में 20.6 मिलीमीटर, भैयाथान तहसील में 10.0 मिलीमीटर, ओड़गी तहसील में 19.1 मिलीमीटर, रामानुजनगर तहसील में 10.0 मिलीमीटर, प्रेमनगर तहसील में 38.0 मिलीमीटर एवं प्रतापपुर तहसील में सर्वाधिक 53.0 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड दर्ज की गई।

नया बस स्टेण्ड की सड़क जर्जर, यात्री परेशान

कोरबा। नया बस स्टैण्ड की जर्जर सड़क से जहां यात्री परेशान हैं तो दूसरी ओर वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नया बस स्टेंड परिसर की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इसे सुधारने पहल नहीं की जा रही है। जर्जर सड़क डबरी में तब्दील हो गया है। बरसात के दिनों में गड्ढे में पानी भर जाता है। इस वजह से पैदल चलने वाले यात्रियों को बस तक पहुंचने में परेशानियां होती है। इसके साथ ही दुपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को भी परेशानियां होती है ।क्योंकि उन्हें समझ में नहीं आता है कि सड़क में गड्ढा है या फिर पानी भरा है। पानी भरे होने के कारण लोगों को एहसास नहीं हो पाता है कि यहां गड्ढा है। आये दिन जर्जर व गड्ढे सड़क की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। बड़ी दुर्घटना होने का प्रशासन इंतजार कर रही है।

डूबने से वृद्ध की मौत

कोरबा। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम झोरखीपारा पोलमी में रहने वाले एक 70 वर्षीय वृद्ध की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 174 मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। झोरखीपारा पोलमी निवासी चंदन सिंह पिता दुकालू राम गोड़ कल उरांव पारा दर्री स्थित तालाब गया हुआ था। जहाँ वह तालाब के गहरे पानी में डूब गया। घटना में उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने चंदन सिंह का शव पानी में तैरता देखा और इसकी सूचना पाली पुलिस को दी। पाली पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव के पंचनामा कार्रवाई उपरांत पीएम के लिये स्थानीय चीरघर भेजवा दिया।

9 लीटर महुआ शराब जब्त

कोरबा। बालको व दर्री पुलिस ने अवैध शराब बिक्री में संलिप्त दो शराब विक्रेताओं के पास से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पकड़े गये विक्रेताओं के खिलाफ धारा 34, 36, 1 क, ख आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बालको थाना क्षेत्र के शंकर नगर खरमोरा निवासी कुसुम पावले पति संजय पावले उम्र 34 वर्ष अवैध शराब बेचती है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसके आवास में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने उसके मकान से 5 लीटर महुआ शराब जब्त किया। इसी तरह दर्री थाना क्षेत्र के ग्राम कुमगरी निवासी भागवत यादव पिता नान्ही राम यादव उम्र 39 वर्ष के पास से पुलिस ने 4 लीटर कच्ची शराब जब्त किया।

तीन जुआड़ी पकड़ाए

कोरबा। रामपुर पुलिस ने डिंगापुर के पास जुआ खेल रहे 3 जुआडियों को पकड़ा है। पकड़े गये जुआडियों के पास से 480 रूपये नगदी व ताशपत्ती जब्त किया गया है। रामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डिंगापुर रामपुर के पास जुए का फड़ सजा हुआ है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने शब्बीर बड़ा पिता शांति बड़ा उम्र 27 वर्ष व तीन अन्य जुआडियों को जुआ खेलते पकड़ा है। पकड़े गये जुआडियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मंहगाई की मार, थाली से गायब हुआ टमाटर

कोरबा। बारिश के चलते सब्जी की लोकल आवक कम होने के कारण सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं। ऐसे में मंहगाई की मार से आम आदमी परेशान है। बाजार में इन दिनों सर्वाधिक टमाटर बिक रहा है। इससे थाली में जायका नहीं आ रहा है। बारिश के मौसम में सब्जियों के भाव ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। वहीं टमाटर का भाव सुनकर लोगों के चेहरे की रंगत उड़ रही है। टमाटर

80-100 रूपए किलो पहुंचा टमाटर



80 से 100 रूपए किलो तक बिक रहा है। इसके चलते लोग अब टमाटर खरीदने से भी जी चुराने लगे हैं। इसी तरह सब्जियों के भाव इन दिनों चरम पर है। मौसम की बेरूखी ने किसानों से लेकर हर वर्ग के लोगों को काफी मायूस किया है। बाजार में सब्जियों की लोकल आवक न होने से इसके भाव में पखवाड़ा भर से काफी उतार-चढ़ाव हो रहा है। महंगाई इस कदर बढ़ी है कि किलो में खरीदारी करने वाले लोग इनके भाव सुनकर गिने-चुने सब्जियों को पाव में लेकर ही संतोष कर करे हैं। इसी प्रकार हावड़ा से कुंदरू, परवल और बैंगलुरू से मुनगा, पत्तागोभी नागपुर से व अन्य सब्जियां बाहर से आ रही है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि सब्जियों के लोकल पैदावार नहीं होने के कारण बाजारों में सब्जियां मिल पाना मुश्किल हो गई है। ऐसे में तीन-चार जगहों से सब्जियां मंगाई जा रही है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि सब्जियों के लोकल पैदावार नहीं होने के कारण बाजारों में सब्जियां मिल पाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बाहर से सब्जियां मंगाई जा रही है। सब्जियों के भाव (प्रति किलो) नामभाव (रुपए में) टमाटर 80-100 पत्ता गोभी 30-35 फूलगोभी 90-100 धनिया 150-160 करेला 50-60 भटा 35-40 लौकी 20-30 भिंडी 30-40 परवल 35-40 खेखसी 50-60 बरबटी 35-40 लाल भाजी 20-30 पालक 55-60 गाजर 50-60 खीरा 20-30 अदरक 100-120।

भारी बारिश के कारण लिंक एक्सप्रेस निरस्त

कोरबा। पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंड़ल के अंतर्गत रायगड़ा-तितलागढ़ खंड़ का पुल बाढ़ से बह गया है। जिसके कारण इस रूट की कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है। कोरबा से विशाखापट्टनम तक चलने वाली लिंक एक्प्रेस को भी निरस्त कर दी गई है ।रेलवे की ओर से निरस्त की समयावधि की घोषणा नहीं की गई है। जब तक रेलवे का आगामी आदेश नहीं आता तब तक के लिए ट्रिलंक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी ।वहीं कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।



अधिकाधिक वृक्षारोपण कर कोरबा को बनाए हरा भरा: महापौर

कोरबा। महापौर रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर अपने शहर कोरबा को हरा-भरा बनाए, यहां की सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण की समस्या से निपटने का सबसे महतवपूर्ण कदम होगा कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे का रोपण किया जाए तथा उनकी सुरक्षा एवं उनका संवर्धन सुनिश्चित किया जाए। उक्ताशय के विचार महापौर अग्रवाल दर्री जोनांतर्गत स्याहीमुड़ी रामनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।



स्याहीमुड़ी रामनगर में महापौर ने किया पौधों का रोपण

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले स्याहीमुड़ी रामनगर विद्यालय परिसर में मारूतिनंदन युवा समिति रामनगर स्याहीमुड़ी एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की तथा विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए महापौर अग्रवाल ने आगे कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं तथा पेड़ पौधों से ही हमें भोजन प्राप्त होता है, वे हमें प्राण वायु के रूप में आक्सीजन देते हैं, पेड़ पौधों के बिना जीव मात्र की कल्पना नहीं की जा सकती हैं, हम सभी का यह परम दायित्व बनता है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में पौधों को लगाएं किन्तु पौधों को लगाना ही काफी नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा एवं उनका संवर्धन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। महापौर अग्रवाल ने आगे कहा कि निगम द्वारा वृक्षमित्र योजना प्रारंभ की गई है, इस योजना के तहत वृक्षारोपण के इच्छुक व्यक्तियों को निगम नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा, जो नागरिकबंधु पौधे लगाने के इच्छुक हैं वे निगम से नि:शुल्क रूप में विभिन्न प्रजातियों के पौधों प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, एम.आई.सी. सदस्य सुनील पटेल, पार्षद अघनबाई कंवर, दर्री टी.आई. साधना सिंह, समाज सेविका मंगल बुधिया, विधायक प्रतिनिधि जाकीर अहमद, बनवारी आदित्य, आशीष अग्रवाल, जितेन्द्र बरेठ, सत्येन्द्र साहू, हेमेश्वर वास, शोभितराम साहू, वीरेन्द्र राठौर, सोमनाथ जायसवाल, राजेश राठौर, दुर्गेश राजपूत, संतोष सारथी, मनोज वास, शैलेन्द्र गिरी, दिनेश गोस्वामी, समारू राम, चन्द्रकांत आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

दूसरे सोमवार को हुई शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी


फाइल फोटो

बिलासपुर। सावन माह के दूसरे सावन सोमवार पर शहर के आज सभी शिव मंदिरों में भक्तों की सुबह से भीड़ लग गई। इस मौके पर भगवान शंकर की विशेष पूजा अर्चना की गई। ज्ञात हो कि सावन मास में भगवान शंकर की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर सावन के सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस तिथि पर भक्तों के द्वारा सभी शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किया जाता है। इस कड़ी में आज सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना का दौर प्रारंभ हो गया। भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक के साथ बेलपत्र अर्पण किए। शहर के प्रमुख मंदिरों अष्टमुखी शिव मंदिर, हरदेवलाल मंदिर, गायत्री नगर शिव मंदिर समेत रतनपुर के बूढ़ा महादेव में भक्तों का रेला लगा रहा। ज्योतिष वास्तुविद डा. उधवश्याम केसरी ने बताया कि इस बार सावन माह में चार सोमवार पड़ रहे हैं। यह पर्व उ.पा. नक्षत्र में मनाया जायेगा पार्थिव शिव पूजन भक्त बड़े विधिविधान से करेंगे। इस बार चार सोमवार पड़ रहे हैं यह सावनी सोमवार के रुप में जाने जाते हैं शिव भक्तों के लिये पांच सोमवार भक्तों को मिलेगा। भगवान शिव ?क्तों की मुराद पूरी करेंगे। चार सोमवार में पहला सोमवार 10 तारीख को दूसरा 17 तारीख को तीसरा 24 तारीख को और चौथा 31 जुलाई अंतिम सोमवार 7 अगस्त होपड़ेगा।

मध्यान्ह भोजन के लिए 2238 क्विंटल 35 किलोग्राम चावल का पुर्नबंटन

धमतरी। जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत् अगस्त के लिए राज्य स्तरीय वेबसाइट पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई छात्र संख्या तथा मांग पत्र के आधार पर उपलब्ध खाद्यान्न आबंटन का पुर्नबंटन किया गया है। जिले के कुल 1336 प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के लिए 2238 क्विंटल 35 किलोग्राम चावल का पुर्नबंटन किया गया है। इनमें 885 प्राथमिक स्कूलों के लिए 1079 क्विंटल 85 किलोग्राम एवं 451 माध्यमिक स्कूलों के लिए 1158 क्विंटल 50 किलोग्राम चावल का पुर्नबंटन सम्मिलित है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के


फाइल फोटो

जिले के 1336 प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों को

मुताबिक विकासखण्ड-धमतरी के 341 प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के लिए 636 क्विंटल 20 किलोग्राम चावल आबंटित किया गया है।

इनमें 204 प्राथमिक स्कूलों के लिए 293 क्विंटल 20 किलोग्राम एवं 137 माध्यमिक स्कूलों के लिए 343 क्विंटल चावल का आबंटन किया गया। इसी तरह विकासखण्ड-कुरूद के 302 स्कूलों के लिए 658 क्विंटल 40 किलोग्राम चावल आबंटित किया गया। इनमें 184 प्राथमिक स्कूलों को 311 क्विंटल 30 किलोग्राम एवं 118 माध्यमिक स्कूलों को 347 क्विंटल 10 किलोग्राम चावल का आबंटन किया गया। मगरलोड विकासखण्ड के 224 स्कूलों को 397 क्विंटल 50 किलोग्राम चावल पुर्नबंटित किया गया है।

यहां के 153 प्राथमिक स्कूलों को 198 क्विंटल 60 किलोग्राम एवं 71 माध्यमिक स्कूलों को 198 क्विंटल 90 किलोग्राम चावल तथा विकासखण्ड-नगरी के 469 स्कूलों को 546 क्विंटल 25 किलोग्राम चावल का आबंटन किया गया है।

यहां के 344 प्राथमिक स्कूलों को 276 क्विंटल 75 किलोग्राम एवं 125 माध्यमिक स्कूलों के लिए 269 क्विंटल 50 किलोग्राम चावल का पुर्नबंटन किया गया है।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत

बिलासपुर। सरगांव की रहने वाली महिला सरवानी के पास एक ट्रेक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सरगांव की रहने वाली एक महिला अपने परिजन के साथ खुडियाडीह पारिवारिक कार्यों से गई हुई थी वापस लौटते समय सरवानी के पास ट्रेक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बाद माहौल गरमा गया। जिसकी सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने देना होगा शपथ पत्र

कोरबा। आयोग द्वारा पहली बार नया पंजीकरण चाहने वाले 21 वर्ष या उससे अधिक आयु समूह के लिए प्रारूप 6 आवेदन के साथ अनुबंध क भरना होगा कि मेरा नाम भारत में कही भी निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है। इसी तरह से सेवा कार्मिक द्वारा घोषणा पत्र प्रारूप 6 के साथ अनुबंध पत्र 1 लगाना होगा। 18-21 वर्ष आयु समूह में पहली बार के आवेदक जिसके पास आयु का प्रमाण पत्र नहीं है, उसके माता-पिता, गुरू द्वारा शपथ पत्र प्रतिज्ञा पत्र देने पर नामावली में नाम जुड़ेगा। छात्रावासों में अन्यत्र रह रहे छात्रों द्वारा प्रारूप 6 के साथ अनबुध पत्र 4 भरना होगा। प्रतिस्थापन निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी करने के लिए अनुबंध 5 आवेदन करना होगा कि वह एपिक वीआरसी या सीएससी से अथवा अपना एपिक डाक से प्राप्त करना चाहता है या मतदाता फोटो परिचय पत्र बीएलओ से संग्रहित करेगा।

माता-पिता या गुरू को देना होगा शपथ पत्र

निर्वाचन आयोग द्वारा कई तरह की तैयारियां की गई है। युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष शिविर लगाकर शासकीय-अशासकीय शौक्षणिक संस्थानों स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, बीएड कॉलेज, नर्सिंग संस्थान एवं पॉलीटेकनिक कॉलेज आदि में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2017 को 18 वर्ष पूर्ण कर लिया हो, जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है ऐसे युवा छात्र-छात्राओं से प्ररूप 6 में आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं ।इसी तरह से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 15-17 वर्ष के आयु कक्षा 9-12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

विद्यालयों में वार्तालाप के दौरान छात्रों द्वारा पूछे गये प्रश्नों को लिपिबद्ध कर एक डाटा बैंक के रूप में संरक्षित किया।

संबोधन

आधुनिकीकरण की अद्यतन जानकारी सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से हिंदी में दी गई

उत्पादन, आयोजन एवं नियंत्रण विभाग में संचार मंच का आयोजन

भिलाई। इस्पात संयंत्र के उत्पादन, आयोजन एवं नियंत्रण विभाग द्वारा विगत 14 जुलाई, 2017 को महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएँ) के सभागार में महाप्रबंधक (उत्पादन, आयोजन एवं नियंत्रण) एस एन आबिदी की अध्यक्षता में मासिक 39 वाँ संचार मंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि आज इस बात की जरूरत है कि विभाग में स्थित विभिन्न अनुभाग के कर्मचारी यदि अपने अनुभाग के कार्यविधि एवं अनुभवों को विभाग के अन्य अनुभागों के साथ साझा करते हैं तो इससे विभाग की कार्यशैली सुधरेगी एवं समस्याओं के निदान के लिए अभिनव सुझाव आयेंगे। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी कार्मिकों को कार्यशैली में सुधार संबंधित सुझावों को अपने कार्यक्षेत्र में साझा करने की अपील की। इस दौरान राजनारायण सिंह



(एसीटी, प्रोग्रामिंग अनुभाग-पीपीसी) द्वारा माह जून, 2017 में संयंत्र के मुख्य उत्पादन इकाइयों का उत्पादन-निष्पादन एवं जुलाई, 2017 में संयंत्र में होने वाले उत्पादन/मरम्मत कार्य की योजना एवं संयंत्र के आधुनिकीकरण की अद्यतन जानकारी सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से हिंदी में दी गई। वहीं उप प्रबंधक (सौंख्यिकी अनुभाग-पीपीसी) संदीप यादव ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सौंख्यिकी अनुभाग की कार्यविधि की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रस्तुतिकरण से अन्य अनुभाग के कर्मचारियों ने सौंख्यिकी अनुभाग की गतिविधियों को जाना और समझा। विभाग द्वारा आयोजित मासिक हिन्दी विभागीय प्रतियोगिता के तहत 12 जुलाई, 2017 को आयोजित यूनिकोड टंकण प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यक्रम के अध्यक्ष आबिदी ने पुरस्कृत किया। जिसमें आयोजन अनुभाग के एसीटी शंकर लाल देवांगन ने प्रथम, सौंख्यिकी अनुभाग के टीए हरिओम साहू ने द्वितीय एवं सौंख्यिकी अनुभाग के योजना सहायक आर सी शेखर ने तृतीय स्थान का पुरस्कार जीता। कार्यक्रम के अध्यक्ष आबिदी ने उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने के लिए उप प्रबंधक (पीपीसी-सौंख्यिकी अनुभाग) सत्यप्रकाश शर्मा एवं सहायक प्रबंधक (पीपीसी-सौंख्यिकी अनुभाग) शेख मोहम्मद कासीम की प्रशंसा की। विदित हो कि उप महाप्रबंधक (संयंत्र एवं शॉप नियंत्रण अनुभाग) के के गुप्ता, उप महाप्रबंधक (आयोजन एवं प्रोग्रामिंग अनुभाग) एस सी अग्रवाल एवं उप महाप्रबंधक (सौंख्यिकी अनुभाग) विशाल शुक्ल विभाग स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (आयोजन अनुभाग) संजय कुमार, उप महाप्रबंधक (सौंख्यिकी अनुभाग) विशाल शुक्ल एवं सहायक महाप्रबंधक (सौंख्यिकी अनुभाग) मनोज जैन का मार्गदर्शन एवं सहयोग सराहनीय रहा। उप प्रबंधक (पीपीसी) सत्यप्रकाश शर्मा, उप प्रबंधक एवं हिंदी समन्वय अधिकारी (पीपीसी) तुकाराम साहू, सहायक प्रबंधक (पीपीसी) अरूण कुमार जालान एवं कनिष्ठ प्रबंधक (पीपीसी) अंकिता मिश्रा ने कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

NEWS BRIEF

बीएसयूपी आवास आबंटन भी अब आनलाईन

रायपुर। रायपुर नगर निगम द्वारा बीएसयूपी आबंटन पारदर्षिता लाने के लिए साफ्टवेयर बनाया गया है। निगम मुख्यालय में कमांड सेन्टर रहेगा। आवास आबंटन की जिम्मेदारी जोनो की होगी। किसी प्रकार की गडबडी होने पर जवाबदेही जोन कमिश्नरों की होगी। मुख्यमंत्री जनदर्षन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए भी साफ्टवेयर बनाया गया है। जिससे कार्य जल्द निराकृत होंगे। निगम आयुक्त रजत बंसल ने बताया कि साफ्टवेयर का काम लगभग पूरा हो गया है। अब जब भी बीएसयूपी आवास का आबंटन होगा साफ्टवेयर के जरिए ही होगा। हितग्राही जब अपने मकान का किष्त पटायेंगे तो उसे साफ्टवेयर में अपडेट कर दिया जायेगा। जिससे आसानी से देखा जा सकेगा कि किसका -किसका किष्त पट रहा है । इसे हितग्राही भी देख सकेंगे। इससे उन्हें भी विष्वास रहेगा कि उनकी रकम के साथ कोई हेरा फेरी नही हो रही है। इसी तरह आवास आबंटन के लिए जब जोनो से मांग की जायेगी तब मुख्यालय स्तर पर संख्या तय कर जोनो को उतने की आवास आबंटन करने के निर्देश दिये जायेंगे। संख्या बढने पर इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित जोन कमिश्नर की होगी।

ग्रेविटी आर्ट से संवरने लगी है शहर की दीवारे

रायपुर। शहर की दीवारें ग्रेविटी आर्ट के कारण संवर कर सुन्दर दिखने लगी है। रायपुर स्मार्ट सिटी के तहत शासकीय दीवारो को न सिर्फ संवारा जा रहा है, बल्कि दीवारो को बदरंग करने वालो के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है । यही वजह है कि कभी बदरंग दिखने वाली दीवारे अब सुन्दर दिखने लगी है। रायपुर स्मार्ट सिटी के डायरेक्टर रजत बंसल ने बताया कि अभी तक बूढातालाब, कलेक्टोरेट परिसर के चारो ओर, फाफडीह चौक से मेकाहारा चौक तक, सालेम स्कूल, कटोरा तालाब, पचपेडी नाका ओव्हर ब्रिज, रायपुरा ओव्हर ब्रिज आदि जगहो पर ग्रेविटी आर्ट के माध्यम से सुन्दर सुन्दर चित्रकारी करवायी गयी है। जो वहां से गुजरने वालो को आकर्षित भी कर रही है। इस कार्य के लिए आम नागरिको और समाजसेवी संस्थाओ की भी मदद ली जा रही है। जिसमें सभी लोग बढ चढकर भाग ले रहे है। शहर की अन्य शासकीय दीवारो में भी ग्रेविटी आर्ट के माध्यम से उन्हे संवारने की योजना है। लोगो से अपील भी की जा रही है कि सार्वजनिक दीवारो पर पाम्पलेट पोस्टर आदि लगाकर दीवारो की सुन्दरता को न खराब करे।

समाजिक समागम की बिखरी खुशबू

रायपुर। हर्ष उल्लास और भक्ति का माहौल सामाजिक समागम में इंद्रधनुषी संस्कृति की बिक्री छोटा इसु मधुर संगीत की धुन पर थिरकते बच्चों को कहीं एक दूसरे की हथेलियों पर खूबसूरत मेहंदी रची जाती महिलाएं महाराणा प्रताप भवन सेक्टर सेवन में ऐसा ही नजारा था अवसर था सिर्फ कसौंधन वैश्य समाज भिलाई के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय बागेश्वरी पूजा महोत्सव का इस अवसर पर भक्ति में व्याकरण में भगवान बागेश्वर बाबा की मूर्ति स्थापना व मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना के पुरोहित प्रतियोगिताओं का आयोजित की गई मेहंदी प्रतियोगिता में जहां प्रतिभागी महिलाओं भाइयों ने राजस्थानी मारवाड़ी आदि आकर्षक डिज़ाइनों में हथेलियों की खूबसूरत फूल खिलाए वही चित्रकला अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति किया कुर्सी दौड़ में महिलाओं और पुरुषों में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया मुख्य अतिथि पुरस्कार वितरण निम्न लोगों को किया गया बच्चों का परीक्षाफ ल में स्थान रहा इस अवसर पर समाज के निम्न सदस्य उपस्थित थे ।

सरपट वाहन दोड़ा रहें हैं नाबालिक



रायपुर। गर्मी की छुट्टियाँ खत्म हो चुकी हैं और स्कूल खुल चुके हैं , ऐसे में स्कूली बच्चों को एक बार फिर यातायात नियमों का उलंघन करते देखा जा सकता है। गोरतलब है की इन नाबालिकों को गाड़ी कम उम्र में मिल जाने के कारण इनके हौसले और बुलन्द हो जातें हैं इन्ही वजह से इनकी रफ़्तार पर लगाम नहीं। शहरी सडकों पर बचपन के साथ खिलवाड़ होते हुए यह नजारा आम बात हो चुकी जिस पर पुलिस की नजर अबतक नहीं पड़ी , ऐसे में माँ बाप स्वयं इनकी जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जिले की सड़को पर में वाहन दोड़ाने वालेइन नाबलिकों की जान प्रतिदिन जोखिम में डाल रहे है। लेकिन जवाबदेह प्रसाशनिक तंत्र के आंखो में पटटी बांध कर बैठे है। समय रहते इस पर लगाम नहीं लगायी गए तो किसी भी दिन जिले में बड़ीघटना हो सकती है।

माँ-बाप स्वंय करे बच्चों को जागरूक

बच्चों को यातायात कानून के प्रति जागरूक करना अहम है साथ ङ्क साथ माँ ङ्क बाप को भी अपनी जवाबदेही समझनी होगी। हर जगह प्रशाशनिक तंत्र मौजूद नहीं रह सकता , लिहाजा बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना जरुरी है और प्राशासनिक तंत्र सही ढंग से अपना-अपना काम करे तो किसी भी प्रकार से नियम कानून का उलंघन नहीं होगा।

बिलासपुर-तिरूपति एक्सप्रेस आज रहेगी रद्द



रायपुर। ओडिशा में हुई झमाझम बारिश के बाद जहां भुवनेश्वर डिवीजन के अंतर्गत चलने वाली कई गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है तो वहीं कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा में हुई भारी बारिश और रेलवे पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद इस रूट की कई गाड़ियों को अब नियंत्रित करके चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में 17 जुलाई को जगदलपुर से दुर्ग के लिए रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18212 जगदलपुर-दुर्ग एक्सप्रेस को अगले निर्देश तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इसी तरह गाड़ी संख्या 58527-58528 रायपुर-विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर तथा गाड़ी संख्या 58529-58530 दुर्ग-विशाखापट्टनम-दुर्ग पैसेंजर को अगले निर्देश तक के लिए रद्द किया गया है। कल 18 जुलाई को बिलासपुर से तिरूपति के लिए छूटने वाली गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरूपति एक्सप्रेस को अगले निर्देश तक के लिए रद्द कर दी गई है। इसी तरह गंतव्य से पहले कई गाड़ियों को समाप्त किया जाएगा। वहीं परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियों में गाड़ी संख्या 12898 निजामुद्दीन-विशाखापट्द्यटनम एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से रवाना किया गया है। इधर कोरबा से विशाखापट्टनम तथा विशाखापट्टनम से कोरबा तक चलने वाली लिंक एक्सप्रेस के पहले रद्द होने की सूचना आई थी, जिसे बाद में रेलवे ने रद्द कर दिया और यह गाड़ी वर्तमान में अपने गंतव्यों के मध्य पूर्व की भांति संचालित हो रही है।

गंगरेल अक्रॉस दि महानदी रिवर्स यू-ट्युब पर हुवा वायरल

प्रतिभाशाली कलाकार आमिर हासमी की है डाक्यूमेंट्री फिल्म



रायपुर। शहर के युवा और प्रतिभाशाली कलाकार आमिर हाशमी द्वारा निर्मित ट्रेवल डाक्यूमेंट्री गंगरेल अक्रॉस दि महानदी रिवर्स इन दिनों यू-ट्युब में प्रकृति प्रेमियों को काफी रोमांचित कर रही है । बताया गया है की यह विडियो वायरल होने के बाद अब तक इसे 13 हजार से अधिक लोगो ने देख लिया है । यू-ट्युब एनालिस्टिक रिपोर्ट के अनुसार भारत के साथ साथ अमेरिका तथा ब्रिटेन जैसे देशो के लोगो ने इस फिल्म को देखा है ।

लगभग 3 महीने में अलग-अलग समय पर शूटिंग व् एडिट करके बनी इस ट्रेवल डाक्यूमेंट्री फिल्म की सिन्मेटोग्राफी व निर्देशन आमिर हाशमी ने किया । यह इस साइलेंट फिल्म है ,जिसमे शांत चित घुमते हुवे उन्होंने गंगरेल की सुन्दरता को बड़ी खुबसूरत से फिल्माया है । उलेखनीय है की हाशमी एक फिल्ममेकर होने के साथ साथ पर्यटन में भी लंबा अनुभव रखते है । उनका कहना है की दुनिया भर के पर्यटकों का भारत के बांधो को लेकर विशेष आकर्षण होता है। चाहे केरल का चेरुथोनी बांध हो या मध्य प्रदेश का इदिरा सागर बांध। जहा पर्यटन की असीम संभावनाए है । आमिर हाशमी ने बताया की आने वाले दिनों में वह इस ट्रेवल डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रमोसन स्कूल , कोलेज जाकर करेगे और खास कर युवाओ से छतीसगढ़ माटी पुत्र होने के नाते अपील करेगे की छतीसगढ की संस्कृति के इस महान धोरोहर महानदी और गंगरेल को यू-ट्युब पर जरुर देखे साथ दोस्तों से साझा करे।

राष्ट्रिय पुस्कार से भी नवाजा गया

आमिर हाशमी ने नाम के चर्चे अब सभी तरफ होने लग्गे है। पिछले दिनों उन्हें स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित शार्ट फिल्म मिरिर आफ दि क्लीन इण्डिया के लिए राष्ट्रिय फिल्म डाक्यूमेंट्री और सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा सम्मान प्राप्त हुवा।

शिवसेना छत्तीसगढ की रायपुर जिले की कार्यकरणी घोषित



रायपुर। शिवसेना छत्तीसगढ की प्रदेश कार्यालय रायपुर मे हुई बैठक के दौरान प्रदेश प्रमुख धनँजय सिंह परिहार की अनुशंसा से रायपुर जिले एवँ महानगर की नई कार्यकरणी की घोषणा की गई।

यह कार्यकरणी आगामी विधानसभा चुनावो को मद्देनजर बनायी गई है। प्रदेश प्रमुख ने कहा कि कार्यकरणी मे हेर फेर इसलिए की जा रही है ताकी संगठन को और मजबूती मिले एवँ आगामी विधानसभा चुनाव मे शिवसेना पूरे प्रदेश मे अपना परचम लहरा सके। इसी क्रम मे हुई नियुक्तियो मे आशीष परिडा महानगर प्रमुख , संजय नाग ग्रामीण जिला प्रमुख, दिनेश ठाकुर रायपुर शहर जिला प्रमुख, एच. एन. सिंह जिला समन्वयक एवँ ग्रामीण जिला प्रमुख बनाये गये।शिवसेना ने जिला प्रवक्ता शिव लिमजे ने बताया कि इन सभी पदाधिकारियो के नियुक्ति के बाद पूरे शिवसैनिको एवँ रायपुर जिले मे भारी उत्साह देखने को मिला है।शिवसैनिको ने पूरे शहर मे जगह जगह आतिशवाजी कर स्वागत किया है, प्रसाद वितरण एवँ और भी उत्साहित कार्य किये है।



रायपुर। सखी वन स्टाप सेंटर अपने दो वर्ष सफलतापूर्वक पुर्ण किये जाने पर सेंटर में उपस्थित पीड़ित गर्भवती महिला की गोद भराई की रश्म पूरी की गई साथ ही परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्याक्रम में समस्त स्टाप का सहयोग रहा।

अपर्णा महिला मंडल व समर्पण के द्वारा आयोजित सावन झूला उत्सव संपन्न



रायपुर। अपर्णा महिला मंडल और समर्पण के द्वारा हरदेवलाल मंदिर टिकरापारा में सावन झूला उत्सव का वृहद आयोजन किया गया। संस्था की प्रमुख ममता अग्रवाल , सुधा अवस्थी ,रानू धनगर ने इस आयोजन में झुला महोत्सव के द्वारा पर्यावरण बचाव का संदेश दिया गया । साथ ही पौधों का वितरण किया गया। सभी महिलाएं विशेष हरे परिधान में एकत्रित होकर आपस में मेल मिलाप ,डांस और गीत संगीत के साथ एक दूसरे को सावन की बधाई देकर हरियाली बढ़ाने के लिए सभी को प्रेरित किया । यह उत्सव कार्यकम श्रीमती विभाराव,अध्यक्ष समाज कल्याण बोर्ड ,शोभा सोनी प्रदेश महिला मोर्चा,शिलेन्द्री परगनिहा,श्रद्धा अग्रवाल,किरण अग्रवाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । अपर्णा महिला मंडल की संचालक सुधा अवस्थी के द्वारा बताया गया कि प्रदेश के लोकप्रिय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जी की प्रेरणा से उनके दक्षिण विधानसभा में महिलाओं और युवतियों के रोजगार,शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी दिनों में क्रमश: हर मुहल्ले में आयोजित होगा । इस अभियान में टिकरापारा में विगत 15 दिनों से महिलाओं और युवतियों को डांस,मेहंदी,सिलाई,ब्यूटीपार्लर,प्रौढ़ शिक्षा,मार्शल आर्ट का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें 400 से अधिक महिलाएं और युवतियां नियमित रूप से भाग ले रही हैं । इस शिविर को समाजसेवी विजय अग्रवाल द्वारा समय समय पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है । आके आयोजन में सभी प्रतिभागियों को भी सावन झूला उत्सव के माध्यम से पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। साथ ही स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि साफ सफाई के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा हो सकती है ,सघन पौधरोपण से वातावरण शुद्ध होगा।

चुनाव

वोट डालने के लिए सिर्फ 2 बूथ बनाए गए

राष्ट्रपति चुनाव: एक घंटे में 82 वोट पड़े

रायपुर। राष्ट्रपति चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को मतदान हुआ। इसमें विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, नेताप्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव, संसदीय कार्यमंत्री अजय चंद्राकर सहित प्रदेशभर के विधायकों ने अपना-अपना मत का प्रयोग किया।

मतदान की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक चलनी थी, लेकिन मतदान शुरू होने के बाद पहले एक घंटे में ही 82 विधायकों ने अपना-अपना मत का प्रयोग कर लिया, वहीं शेष बचे विधायकों ने भी भी अपना मत डाल। इस तरह मतदान शतप्रतिशत रहा।

वोट देने विधायकों को भी कतार में लगना



पड़ा: विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग करने के लिए आम मतदाताओं की तरह विधायकों को भी कतार में खड़े होकर वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मतदान की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हो गई, लेकिन पहला वोट करीब 10.15 बजे पड़ा। भाजपा से पहला वोट लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत ने डाला, जबकि दूसरा वोट कांग्रेस से विधायक मनोज मंडावी ने डाला। चूंकि वोटिंग के समय लगभग आधे से अधिक विधायक वोट डालने के लिए विधानसभा पहुंच चुके थे। इसलिए जैसे ही वोट डालने की पहल हुई देखते ही देखते मतदान केन्द्र में विधायकों की लाईन लग गई। समिति कक्ष-2 को मतदान केन्द्र बनाया गया था, जिसमें वोट डालने के लिए सिर्फ 2 बूथ बनाए गए थे। इसकी वजह से विधायकों की यहां कतार लग गई। लंबी कतार होने के बावजूद पहले एक घंटे के अंदर 82 वोट पड़े। वहीं शेष 8 विधायक भी इसके बाद धीरे-धीरे पहुंचकर अपने-अपने वोट डाले। इस तरह वोटिंग शतप्रतिशत रहा।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक - विकास अग्रवाल द्वारा 401, जीवन परिसर, राजीव नगर, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग, मोवा, रायपुर से मुद्रित। संपादक :- संदीप शुक्ला (पीआरबी एक्ट के तहत् समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर - 0771-4003030, E-mail :- info@prabalpahal.com

www.prabalpahal.com www.facebook.com/prabal.pahal twitter.com/prabal_pahal prabalpahal@gmail.com E-PAPER prabalpahal.in/epaper/

Viral TODAY



अपने नए घर की डिजाइनिंग में व्यस्त हैं ऋचा पेज-12

क्रिकेटर ने बेंटले के साथ डाली फोटो तो लोगों ने पूछा- इतने पैसे से कहां से आ गए



लगातार खराब फॉर्म से गुजर रहे दाएं हाथ के पाकिस्तानी बल्लेबाज उमर अकमल को पाकिस्तान क्रिकेट टीम में शामिल किए जाने पर एक बार फिर विचार किया गया है। लेकिन अकमल के लिए सबसे बड़ी परेशानी यह है कि इस साल भी वो अपनी फॉर्म में सुधार नहीं कर पा रहे हैं। इसी वजह से 12 जुलाई (2017) को हुई पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मीटिंग में उनके साथ इस साल राष्ट्रीय स्तर पर अनुबंध भी नहीं किया गया। बता दें कि इस समय पाकिस्तान का ये बल्लेबाज इंग्लैंड में अपनी फिटनेस के लिए खासा पसीना बहा रहा है। खुद 27 साल के अकमल ने ट्वीटर पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अकमल लग्जरी कार बेंटले के सामने खड़े हैं। हालांकि तस्वीर शेयर किए जाने के बाद से अकमल खुद प्रशंसकों के निशाने पर आ गए है। कई यूजर्स ने उनकी इस तस्वीर पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जानकारी के लिए बता दे कि खराब फॉर्म की वजह से 16 टेस्ट, 116 वनडे और 82 टी-20 मैच खेल चुके अकलम चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। 13 जुलाई (2017) को ट्वीटर पर तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'कड़ी मेहनत के बाद लंदन में मस्ती करते हुए।' जिसके जवाब में ट्विटर यूजर लतीफ उर रहमान लिखते हैं, 'तुम और कड़ी मेहनतज्हाहाहा।' जय कृष्णा लिखते हैं, 'तुम्हारे पास इतनी महंगी कार खरीदने के लिए पैसे कहां से आए। मुझे लगता है कि तुमने किसी और की कार के सामने खड़े होकर ये तस्वीर खिंचवाई है।' एक यूजर लिखते हैं, 'कौन सा हार्डवर्क। टीम के साथ अनुबंध तो तुम्हारा हुआ नहीं। फिटनेस तुम्हारी खराब चल रही है।' अली लिखते हैं, 'क्या तुम हमें बता सकते हो कि ऐसी क्या वजह रही है जो तुम्हारे साथ पीसीबी ने अनुबंध नहीं किया।' खुर्रम अब्बासी लिखते हैं, 'अब कार ड्राइवर की नौकरी के लिए हार्ड वर्क करो। क्रिकेट में तो तुम्हारा भविष्य अब रहा नहीं।' मुहम्मद अशरफ लिखते हैं, 'इन दिनों तुम्हारे पास ऐसे बेकार कामों के अलावा कोई और काम भी नहीं है।' जानकारी के लिए बता दें कि प्रशंसकों की नाराजगी के बाद उमर अकमल ने एक और ट्वीट करते हुए लिखा, 'मैं अपने सारे प्रशंसकों का बहुत आदर करता हूं। और अपने सभी प्रशंसकों से निवेदन करता हूं कि वो नकारात्मक कमेंट से बचे। आपकी दुआएं और समर्थन की हमेशा सराहना की जाती है।'

महिला ने चोर के यहां से चुराई अपनी साइकिल

फेसबुक के जरिए चोरी गई साइकिल वापस हासिल करने का एक अजीबोगरीब वाकया सामना आया है. लंदन में एक महिला ने फेसबुक की मदद से चोरी गई अपनी साइकिल चोर के यहां से वापस चुरा ली. वास्तव में साइकिल चुराने वाले ने फेसबुक पर इसे बेचने के लिए विज्ञापन डाला था। मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिस्टल की रहने वाली साइकिलिस्ट जेनी मॉर्टन हम्फ्रीज ने फेसबुक पर अपनी चोरी गई साइकिल की तस्वीर शेयर कर मदद की अपील की थी. संयोग से उनकी साथी साइकिलिस्ट ने जब फेसबुक पर बेचने के लिए लगाई गई साइकिलों की खोज-पड़ताल की तो उन्हें वहां जेनी की साइकिल दिख गई। इसके बाद दोनों ने बिक्रीकर्ता से वह साइकिल खरीदने की योजना बनाई. उन्होंने पुलिस से भी साइकिल खरीदने साथ चलने और उनकी साइकिल चुराने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने का आग्रह किया, लेकिन पुलिस ने उनका अनुरोध ठुकरा दिया।

कुत्ता है 'शहंशाह'! शान से कर रहा है घोड़े की सवारी



धरती पर कुत्ते इंसानों के पहले दोस्त बने थे, जो अब तक कायम है. यही वजह है कि कुत्ते इंसानों की तरह कई काम करते हैं. आपने कुत्ते को खुद से नहाते, कार चलाते, फुटबॉल खेलते आदि इंसानों वाले काम करते हुए देखा होगा. इस बार एक ऐसा वीडियो सामने आया है जो किसी को भी अचंभे में डाल सकता है. कैथरीन रेक्मैन के यूट्यब पेज पर 13 जुलाई को शेयर किए गए इस वीडियो में कुत्ता घोड़े की सवारी कर रहा है. कुत्ता किसी मंजे हुए घुड़सवार की तरह लगाम थामकर घोड़े की सवारी करता दिख रहा है. कुत्ते की यह अजीबोगरीब हरकत वाला वीडियो टेक्सास शहर का है. यह कुत्ता 10 साल का है और इसका नाम बैली है। वीडियो में साफ तौर से दिख रहा है कि घोड़े की सवारी कर रहे कुत्ते का बैलेंस काफी अच्छा है. वह लगाम को अपने मुंह में दबाए हुए दिख रहा है. इससे पहले कैथरीन रेक्मैन ने अपने यूट्यूब पेज पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनका यही कुत्ता घोड़े को टहलाता हुए दिख रहा था. कुत्ता आगे-आगे चल रहा था और घोड़ा उसके पीछे-पीछे. देखकर ऐसा लग रहा था मानो घोड़ा अपने मालिक के साथ कहीं जा रहा हो।



साभार

सरकारी दफ्तर में हेलमेट पहनकर करते है वजह जान कर रह जाएंगे हैरान

सरकारी नौकरी पाने के लिए जितनी मेहनत करनी पड़ती है, उससे कहीं ज्यादा मशक्कत सरकारी दफ्तर में बैठकर काम करने में होती है। खासकर उन ऑफिसों में जो दूर-दराज के इलाकों में मौजूद हैं। इन्हीं में से एक है यह सरकारी कार्यालय जहां के कर्मियों को पूरा दिन हेलमेट लगाकर काम करना पड़ रहा है। बिहार के पूर्वी चंपारण के अरेराज प्रखंड में स्थित भूमि रिकॉर्ड विभाग की इमारत इतनी जर्जर हो गई है कि बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता है। दीवारों से भी पानी रीसने के कारण कमरे में काम करना मुश्किल हो रहा है। आलम तो यह है कि छत कभी भी गिर सकती है। यहां काम कर रहे कई कर्मी जख्मी भी हो चुके हैं। लिहाजा, कर्मियों ने हेलमेट पहनकर काम करना शुरू कर दिया। अब जब यह तस्वीर सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुकी है तो कर्मियों को उम्मीद है कि इनकी परेशानियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।


प्यार से लिपटता था ये सांप, वजह सुन उड़ गए लड़की के होश...

सांप का ख्याल जेहन में आने भर से कांप उठने वालों को शायद यह बात अटपटी लगे। लेकिन हमारे बीच कई लोग ऐसे हैं जो अजगर पालते हैं। इन्हीं में से एक महिला से जुड़ा किस्सा कुछ वक्त पहले फेसबुक पर काफी शेयर किया गया था। जिसने सुना वह वाकई सोच में पड़ गया।एक महिला हर रात अपने पालतू अजगर के साथ सोया करती थी। 7 फुट के इस सांप ने एक दिन खाना-पीना छोड़ दिया। महिला जब उसे वेटनरी डॉक्टर के पास ले गई तो उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। डॉक्टर



ने महिला से पूछा, 'क्या आपका अजगर हर रात आपके साथ सोता है?' महिला ने जवाब दिया 'हां', डॉक्टर ने फिर पूछा, 'क्या ये आपसे लिपटता या फिर अपना पूरा शरीर स्ट्रेच करता है?' इसके भी जवाब में महिला ने जवाब दिया 'हां'। इसके बाद डॉक्टर ने जो बताया, वो किसी भी जानवर प्रेमी को चौंका सकता है... डॉक्टर ने बताया कि अजगर ने खाना पीना इसलिए छोड़ दिया है क्योंकि वह अपने दूसरे मील (खाना) की तैयारी कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उसका पालतू जानवर उससे इसलिए नहीं लिपटता क्योंकि वह उसे प्यार करता है बल्कि अजगर तो इसलिए उससे लिपटता और स्ट्रेच करता है।

ट्रैक पार कर रहे बुजुर्ग के ऊपर से तीन मिनट तक गुजरती रही ट्रेन




ऐसा किसी के ऊपर से निकल जाए और वह जिंदा बच जाए, तो यह एक चमत्कार ही होगा। ऐसा ही चमत्कार हुआ मध्य प्रदेश के सतना रेलवे स्टेशन पर। सतना के जवाहर नगर में रहने वाले बुजुर्ग राधेश्याम दो प्लेटफॉर्म के बीच रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहे थे। जब वह प्लेटफॉर्म नंबर वन के ट्रैक पर पहुंचे तो वहां एक मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी को आते देख वह ट्रैक के बीच में ही लेट गए। एचटी के मुताबिक करीब तीन मिनट तक उनके ऊपर से ट्रेन गुजरती रही और वह ट्रैक पर ही लेटे रहे। जब ट्रेन उनके ऊपर से गुजरती हुई आगे बढ़ गई तब वह रेलवे ट्रैक से उठकर चले गए। इस पूरे मामले में राधेश्याम को कहीं भी किसी भी तरह की कोई चोट नहीं आई है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि राधेश्याम ट्रैक पर लेटे हैं। उनके ऊपर से एक नीले रंग की मालगाड़ी गुजर रही है। मालगाड़ी की स्पीड ज्यादा तेज नहीं है। पहियों के बीच की जगह से राधेश्याम दिखाई दे रहे हैं कि वह बिल्कुल सीधे लेटे हुए हैं। वह जरा भी हड़बड़ी नहीं कर रहे हैं। एक एक करके मालगाड़ी के डिब्बे उनके ऊपर से गुजर रहे हैं। उन्होंने अपने पैर और हाथ बिल्कुल सीधे कर रखे हैं। जैसे ही मालगाड़ी उनके ऊपर से गुजर जाती वह बैठते हैं और फिर खड़े होकर चल देते हैं। इतने में ही एक युवक उनके पास आता है और उनका हाथ पकड़कर उन्हें ट्रैक से हटाकर सुरक्षित जगह पर ले जाता है। इस दौरान राधेश्याम थोड़े घबराए हुए लग रहे थे। वह ठीक से चल नहीं पा रहे थे।



मिसाइल मैन डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम देश के 12 वें राष्ट्रपति चुने गए


अबुल पकिर जैनुलाअबदीन अब्दुल कलाम अथवा ए पी जे अब्दुल कलाम जिन्हें मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के नाम से जाना जाता है, भारतीय गणतंत्र के निर्वाचित 12 वें राष्ट्रपति थे। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जानेमाने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में विख्यात थे।इन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी शामिल रहे। इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में मिसाइल मैन के रूप में जाना जाने लगा।इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई।कलाम सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी व विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों के समर्थन के साथ 2002 में भारत के राष्ट्रपति चुने गए। पांच वर्ष की अवधि की सेवा के बाद, वह शिक्षा, लेखन और सार्वजनिक सेवा के अपने नागरिक जीवन में लौट आए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये।अब्दुल कलाम भारत के ग्यारवें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। इन्हें भारतीय जनता पार्टी समर्थित एनडीए घटक दलों ने अपना उम्मीदवार बनाया था जिसका वामदलों के अलावा समस्त दलों ने समर्थन किया। 18 जुलाई 2002 को कलाम को नब्बे प्रतिशत बहुमत द्वारा भारत का राष्ट्रपति चुना गया था और इन्हें 25 जुलाई 2002 को संसद भवन के अशोक कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई। इस संक्षिप्त समारोह में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य तथा अधिकारीगण उपस्थित थे। इनका कार्याकाल 25 जुलाई 2007 को समाप्त हुआ। अब्दुल कलाम व्यक्तिगत ज़िन्दगी में बेहद अनुशासनप्रिय थे। यह शाकाहारी थे। इन्होंने अपनी जीवनी विंग्स ऑफफायर भारतीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले अंदाज में लिखी है। इनकी दूसरी पुस्तक 'गाइडिंग सोल्स- डायलॉग्स ऑफ़ द पर्पज ऑफ़लाइफ' आत्मिक विचारों को उद्घाटित करती है इन्होंने तमिल भाषा में कविताऐं भी लिखी हैं। यह भी ज्ञात हुआ है कि दक्षिणी कोरिया में इनकी पुस्तकों की काफी माँग है और वहाँ इन्हें बहुत अधिक पसंद किया जाता है।यूं तो अब्दुल कलाम राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति नहीं थे लेकिन राष्ट्रवादी सोच और राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की कल्याण संबंधी नीतियों के कारण इन्हें कुछ हद तक राजनीतिक दृष्टि से सम्पन्न माना जा सकता है। इन्होंने अपनी पुस्तक इण्डिया 2020 में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। यह भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनते देखना चाहते थे और इसके लिए इनके पास एक कार्य योजना भी थी। परमाणु हथियारों के क्षेत्र में यह भारत को सुपर पॉवर बनाने की बात सोचते रहे थे। वह विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में भी तकनीकी विकास चाहते थे। कलाम का कहना था कि 'सॉफ़्टवेयर' का क्षेत्र सभी वर्जनाओं से मुक्त होना चाहिए ताकि अधिकाधिक लोग इसकी उपयोगिता से लाभांवित हो सकें। ऐसे में सूचना तकनीक का तीव्र गति से विकास हो सकेगा। वैसे इनके विचार शांति और हथियारों को लेकर विवादास्पद हैं।



इन्होंने अपनी पुस्तक इण्डिया 2020 में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। यह भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनते देखना चाहते थे और इसके लिए इनके पास एक कार्य योजना भी थी। परमाणु हथियारों के क्षेत्र में यह भारत को सुपर पॉवर बनाने की बात सोचते रहे थे।

2003: लापता डॉक्टर केली मृत पाए गए

18 जुलाई 2003 को सरकारी वैज्ञानिक डॉक्टर डेविड केली का शव उनके ऑक्सफोर्डशायर के घर के नज़दीक जंगल में पाया गया था.डॉक्टर केली के परिवार ने पुलिस को जो जानकारी दी थी उसके मुताबिक डॉक्टर केली पिछली रात से लापता थे.डॉक्टर केली इराक़ के खिलाफ लड़ाई से संबंधित खुफ़िया रिपोर्टों को लेकर ब्रिटेन की सरकार और बीबीसी के बीच विवाद के केंद्र में थे.विवाद की वजह थी बीबीसी रेडियो फ़ोर पर प्रसारित पत्रकार एंड्र्यू गिलियन की एक रिपोर्ट जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश सरकार ने इराक के खिलाफ लड़ाई को लेकर जनता का और ज्यादा समर्थन हासिल करने के लिए इराक़ से जुड़ी जानकारियां बढ़ा-चढ़ाकर पेश की थीं.गिलियन ने सरकार पर डॉसियर में ये जानकारी अलग से डालने का आरोप लगाया था कि सद्दाम हुसैन 45 मिनट के भीतर महाविनाश के हथियार बनाने में सक्षम हैं.हथियार नियंत्रण विशेषज्ञ और इराक में 1991 से 1998 के बीच हथियारों की जांच का काम देख चुके डॉक्टर केली ने विदेश मंत्रालय की एक समिति को बताया था कि उन्होंने एंड्र्यू गिलियन से बात की है लेकिन जो जानकारी उन्होंने रेडियो पर दी है उसके वो मुख्य स्रोत नहीं थे.इस प्रकरण के बाद 17 जुलाई को डॉक्टर केली अपने घर से टहलने के लिए निकले थे और उसी दिन उनके परिवार ने उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी.ब्रिटने की सरकार ने डॉक्टर केली की संदेहास्पद स्थितियों में हुई मौत की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए थे.



1981: आयरलैंड में भूख हड़ताल के दौरान हिंसा

18 जुलाई 1981 को आयरलैंड में प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने से क़रीब 200 लोग ज़ख़्मी हो गए थे.इलाज के लिए उन्हें डब्लिन के अस्पताल में भर्ती कराया गया था.क़रीब 10,000 लोग उत्तरी आयरलैंड की मेज़ जेल में भूख हड़ताल कर रहे रिपब्लिकन क़ैदियों के समर्थन में सड़कों पर उतर आए थे.बेलफ़ास्ट जेल में आईआरए के क़ैदी जिन्हें एच ब्लॉक्स भी कहा जाता था, वे भी ब्रिटेन की सरकार पर उनकी मांगों पर अमल करने का वादा पूरा न करने का आरोप लगाते हुए मार्च से भूख हड़ताल पर थे.



इन्हीं हड़ताली क़ैदियों के समर्थन में उतरे प्रदर्शनकारियों में से क़रीब पांच सौ लोगों की ब्रितानी दूतावास के सामने पुलिसकर्मियों के साथ झड़प हो गई थी.

हिंसा में ज़ख़्मी हुए ज़्यादातर लोग पुलिसकर्मी थे.

1990: दो ब्रितानी लड़कियां थाईलैंड में पकड़ी गईं

इसी दिन दो ब्रितानी लड़कियों को नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में थाईलैंड में गिरफ़्तार किया गया था.17 वर्षीय पैट्रिशिया केहिल और 18 वर्षीय करेन स्मिथ को ऐम्सटर्डम जानेवाले विमान पर सवार होने से पहले कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक हवाई अड्डे पर रोक लिया था.उनके पास से 32 ग्राम हेरोइन पाउडर बरामद किया गया था जो उन्होंने शैंपू की बोतल, कॉफ़ी और बिस्कुट के डब्बे में छिपा रखी थी.बरामद हेरोइन की क़ीमत 40 लाख पाउंड आंकी गई थी.हालांकि गिरफ़्तार लड़कियों का कहना था कि उन्हें डब्बे किसी तीसरे व्यक्ति ने दिए थे और उन्हें नहीं पता था कि उनके भीतर क्या रखा है.





1857-बंबई विश्वविद्यालय की स्थापना हुई


मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई, महाराष्ट्र का विश्वविद्यालय है। 1860 से 70 के दौरान जब भवनों का निर्माण तेजी से किया जा रहा था, उस समय, विशेषकर ओवल मैदान के किनारे, अधिकांश विक्टोरियन भवनों का निर्माण हुआ। उन दिनों मैदान समुद्र के नजदीक हुआ करता था और मुंबई विश्वविद्यालय, पश्चिम रेलवे मुख्यालय का भवन तथा उच्च न्यायालय सीधे अरब सागर के सामने थे। इनमें मुंबई विश्वविद्यालय भवन सबसे शानदार है। गिलबर्ट स्कॉट ने इसका डिजाइन तैयार किया था, यह 15वीं शताब्दी का इटेलियन भवन जैसा दिखता है। इसका भवन, इसका विशाल पुस्तकालय, कन्वोकेशन हॉल और 80 मी. ऊंचा राजाबाई टावर बहुत सुंदर है।

बॉलिवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना का निधन

राजेश खन्ना एक भारतीय बॉलीवुड अभिनेता, निर्देशक व निर्माता थे।उन्होंने कई हिन्दी फिल्में बनायीं और राजनीति में भी प्रवेश किया। वे नई दिल्ली लोक सभा सीट से पाँच वर्ष 1991-96 तक कांग्रेस पार्टी के सांसद रहे। बाद में उन्होंने राजनीति से सन्यास ले लिया।

फिल्मी सफ़र

उन्होंने 1969-72 में लगातार 15 ह्यश्रद्यश्र सुपरहिट फिल्में दिया - आराधना, इत्त्फ़ाक़, दो रास्ते, बंधन, डोली, सफ़र, खामोशी, कटी पतंग, आन मिलो सजना, ट्रैन, आनन्द, सच्चा झूठा, दुश्मन, महबूब की मेंहदी, हाथी मेरे साथी। बहुकलाकार फिल्में 1969-72 का अंदाज़, मर्यादा सुपरहिट रहा। मालिक पूर्णत: असफल रहा। बाद के दिनों में 1972-1975 तक अमर प्रेम, दिल दौलत दुनिया, जोरू का गुलाम, शहज़ादा, बावर्ची, मेरे जीवन साथी, अपना देश, अनुराग, दाग, नमक हराम, अविष्कार, अज़नबी, प्रेम नगर, रोटी, आप की कसम और प्रेम कहानी जैसी फिल्में भी कामयाब रहीं। मगर उस के लिए 1976-78 खराब काल रहा क्योंकि 7 ष्ठद्बह्लद्बह्लद्बष्डुद्यद्य4 डुष्ध्यडुद्बद्वस्र (साधुवाद) फ्लिमें- महबूबा, त्याग, पलकों की छाँव में, नौकरी, जनता हवलदार, चक्रव्यूह, असफल रहा। 1976-78 में महा चोर, छलिया बाबू, अनुरोध, भोला भाला, कर्म कामयाब रहा। उन्होंने 1979 में वापसी किया अमर दीप के साथ। उन्होंने 1980-1991 तक बहुत सारे सफल फिल्में दिया। 1979-1991 के सफल सिनेमा के नाम - अमर दीप, प्रेम बंधन, थोड़ी सी बेवफ़ाई, आँचल, फ़िर वही रात, बंदिश, कुदरत, दर्द, धनवान, अशान्ति, पचास-पचास, जानवर, धर्म काँटा, सुराग, राजपूत, दिल-द्र-नादान, जानवर, निशान, सौतन, अगर तुम ना होते, अवतार, नया कदम, आज का एम एल ए राम अवतार, मकसद, धर्म और कानून, आवाज़, आशा ज्योति, पापी पेट का सवाल, मास्टर जी, बेवफ़ाई, बाबू, हम दोनों, ज़माना, आखिर क्यों, शत्रु, अधिकार, नसीहत, अंगारे, अनोखा रिश्ता, अमृत, आवाम, नज़राना, पाप का अंत, घर का चिराग, स्वर्ग, घर-परिवार। 1991 के बाद राजेश खन्ना का दौर खत्म होने लगा। बाद में वे राजनीति में आये और 1991 वे नई दिल्ली से कांग्रेस की टिकट पर संसद सदस्य चुने गये। 1994 में उन्होंने एक बार फिर खुदाई फिल्म से परदे पर वापसी की कोशिश की। 1996 में उन्होंने सफल फिल्म सौतेला भाई किया। आ अब लौट चलें, क्या दिल ने कहा, प्यार ज़िन्दगी है, वफ़ा जैसी फिल्मों में उन्होंने अभिनय किया लेकिन इन फिल्मों को कोई खास सफलता नहीं मिली। कुल उन्होंने 1966-2013 में 117 स्रावित फिल्म डुह्य डु द्यद्गडुस्र द्धद्गह्यश किया और 117 में 91 हिट रहे। कुल उन्होंने 1966-2013 में 163 फिल्म किया और 105 हिट रहे।



अन्तिम दिनों में ख़राब स्वास्थ्य

जून 2012 में यह सूचना आयी कि राजेश खन्ना पिछले कुछ दिनों से काफी अस्वस्थ चल रहे हैं। 23 जून 2012 को उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी जटिल रोगों के उपचार हेतु लीलावती अस्पताल ले जाया गया जहाँ सघन चिकित्सा कक्ष में उनका उपचार चला और वे वहाँ से 8 जुलाई 2012 को डिस्चार्ज हो गये। उस समय वे पूर्ण स्वस्थ हैं, ऐसी रिपोर्ट दी गयी थी। 14 जुलाई 2012 को उन्हें मुम्बई के लीलावती अस्पताल में पुन: भर्ती कराया गया। उनकी पत्नी डिम्पल ने मीडिया को बतलाया कि उन्हें निम्न रक्तचाप है और वे अत्यधिक कमजोरी महसूस कर रहे हैं अन्तत: 18 जुलाई 2012 को यह खबर प्रसारित हुई कि सुपरस्टार राजेश खन्ना नहीं रहे।

1982-प्रियंका चोपड़ा -हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री

- प्रियंका चोपड़ा का जन्म 18 जुलाई 1982 को हुआ था। वे एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री, गायक और 2000 की मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की विजेता हैं। उनके सफल फ़िल्मी कैरियर के माध्यम से, चोपड़ा बॉलीवुड की सबसे अधिक वेतन पाने वाली अभिनेत्रियों में से एक है और भारत में सबसे लोकप्रिय हस्तियों में से एक बन गयी है। उन्होंने एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार श्रेणियों में फिल्मफेयर पुरस्कार के सहित कई पुरस्कार और नामांकन प्राप्त किये है।
- अमेरिका में वे फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता की दूसरी विजेता रही और मिस इंडिया वर्ल्ड के खिताब के लिए प्रवेश किया जहाँ उन्हे मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था। इस सम्मान को प्राप्त करने वाली वह पाँचवीं भारतीय थी।
- चोपड़ा एक समय में इंजीनियरिंग या मनोरोग का अध्ययन करने के आकांक्षी हैं, वह 2002 में तमिल फिल्म थमिज़हन में अपने अभिनय की शुरुआत कर रही है, उसे तमाशा जीत का एक परिणाम के रूप में आया था जो भारतीय फिल्म उद्योग में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए जाते हैं . अगले वर्ष, वह उसे फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू अवार्ड और अभिनेत्री का



पुरस्कार फ़िल्मफ़ेयर सर्वश्रेष्ठ के लिए एक नामांकन जीता जो अंदाज, हिट हीरो, उसकी पहली हिंदी फिल्म रिलीज में अभिनय किया और बॉक्स ऑफिस के साथ पीछा किया। वह बाद में एक नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उसे फिल्मफेयर पुरस्कार जीतने, 2004 थ्रिलर एतराज में एक आकर्षकता की भूमिका के लिए विस्तृत महत्वपूर्ण मान्यता अर्जित की . 2006 तक, चोपड़ा बेहद सफल फिल्मों क्रिश और डॉन में अभिनीत भूमिकाओं के साथ हिंदी सिनेमा की एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में खुद को स्थापित किया था। असफल फिल्मों की एक श्रृंखला के लिए मिश्रित समीक्षाएँ प्राप्त करने के बाद, वह 2008 नाटक फैशन में एक परेशान मॉडल, 2009 शरारत थ्रिलर में एक feist 4 मराठी महिला सहित, अपरंपरागत पात्रों के चरित्र को निभाने के लिए आलोचकों की प्रशंसा प्राप्त वारियर, 2011 नव में एक सीरियल किलर - 7 खून माफ़ और 2012 रोमांटिक कॉमेडी बर्फी में एक autistic औरत! वह इस तरह के एक्शन थ्रिलर डॉन 2 (2011), बदला नाटक अग्निपथ (2012), बर्फी जैसी फिल्मों में अभिनय से आगे व्यावसायिक सफलता हासिल की ! और सुपरहीरो विज्ञान कथा फिल्म क्रिश 3 (2013), जो सभी के सभी समय का सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों के बीच रैंक .

- फिल्मों में अभिनय के अलावा, वह स्टेज शो में भाग लेता है टीवी पर एक रियलिटी शो की मेजबानी की है और भारत के राष्ट्रीय अखबारों के लिए कॉलम लिखा है। चोपड़ा परोपकारी गतिविधियों में लगे हुए है और 10 अगस्त 2010 को बाल अधिकार के लिए एक यूनिसेफ के सदभावना राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था।

2012 में, वह अपने शहर में अपने पहले एकल जारी किया। उनका दूसरा एकल विदेशी 2013 में शुरू हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस

नेल्सन मंडेला दिवस नेल्सन मंडेला एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने हमेशा दूसरों के लिए ही काम किया है. दक्षिण अफ्रीका के गाँधी कहे जाने वाले मंडेला को शांति के लिए नोबेल पुरूस्कार से भी नवाजा जा चुका है. कई बार मंडेला को समाज में तिरस्कार भी झेलना पड़ा परन्तु उन्होंने कभी भी दूसरो की भलाई के लिए कार्य करना नहीं छोडा. मंडेला ने हमेशा से ही अश्वेतों के लिए लड़ाई लड़ी. उनका मानना था कि समाज में सबको एकसमान अधिकार मिले.

गाँधी जी के बताये रास्तों पर चलने वाले मंडेला को कभी अपने परिवार से भी लगाव नहीं रहा. वो हमेशा से ही दुनिया के लोगों के लिए समर्पित रहना चाहते हैं.

कब है अंतर्राष्ट्रीय नेल्सनमंडेला दिवस:

दुनियाभर में यह दिवस 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है.


कब से हुई नेल्सन मंडेला दिवस की शुरुवात

- वर्ष 2010 से इस दिवस को सार्वजानिक तौर से मनाया गया. 192 सदस्यों की महासभा में सर्वसहमति से एक प्रस्ताव पारित किया गया. जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जाहिर की और तभी से अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस घोषित किया गया.
- जब यह प्रस्ताव पारित हुआ तब महासभा के अध्यक्ष अली टेकी थे. उन्होंने उस दौरान कहा था की यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय एक महान व्यक्ति के कार्यो की प्रशंसा करता है. जो हमेशा दूसरो के लिए सोचता है और जिसने हमेशा दूसरे लोगो के लिए ही निस्वार्थ भाव से काम किया है.
- इनका दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रपति कार्यकाल 1994 से 1999 तक रहा. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेल्सन मंडेला का आज भी वैश्विक मुद्दों तथा मानवाधिकारों के लिए प्रयास जारी है. वो आज भी लोगो के हितो के लिए आवाज उठाते हैं.
- इनका जन्म 18 जुलाई 1918 जुलाई को ट्रांस्की के मवेंजों गाँव में हुआ था. इनकी माता नोमजामो विनी मेडीकिजाला एक मैथडिस्ट थीं. पिता गेडला हेनरी गाँव के प्रधान थे. जब मंडेला मात्र 12 साल के थे तब इनके ऊपर से पिता का साया उठ गया था.
- इनके माता-पिता ने जिम्मेदारी में बांधने के लिए इनका विवाह कर दिया। क्योंकि वो अपने बेटे की क्रांति की राह पर चलने की इच्छा से खुश नहीं थे. परन्तु मंडेला शादी के कुछ ही दिन बाद घर से भाग गए.
- इस प्रकार नेल्सन मंडेला ने शांति के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दिया है. अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर 18 जुलाई को उनका जन्म दिन भी मनाया जाता है और इनके विशेष योगदान के लिए याद भी किया जाता है.

नेल्सन मंडेला के टॉप कोट्स

मैंने ये जाना है कि डर का ना होना साहस नही है, बल्कि डर पर विजय पाना साहस है. बहादुर वह नहीं है जो भयभीत नहीं होता , बल्कि वह है जो इस भय को परास्त करता है.

- क्या कभी किसी ने सोचा है कि लोग जो चाहते थे वो उन्हें इसलिए नहीं मिला क्योंकि उनके पास प्रतिभा नहीं थी, या शक्ति नहीं थी, या धीरज नही था, या प्रतिबद्धता नहीं थी?
- स्वतंत्र होना, अपनी जंजीर को उतार देना मात्र नहीं है, बल्कि इस तरह जीवन जीना है कि औरों का सम्मान और स्वतंत्रता बढे.
- मैं जातिवाद से घृणा करता हूँ, मुझे यह बर्बरता लगती है , फिर चाहे वह अश्वेत व्यक्ति से आ रही हो या श्वेत व्यक्ति से.
- एक बड़े पहाड़ पर चढ़ने के बाद यही पता चलता है कि अभी ऐसे कई पहाड़ चढ़ने के लिए बाकी हैं.




शायद फेडरर की विंबलडन से हो गयी विदाई..

लंदन। विंबलडन ग्रैंड स्लेम का आठवीं बार खिताब जीतकर इतिहास रचने वाले स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर संभवत: अगले वर्ष यहां अपने खिताब का बचाव करने नहीं उतरेंगे।

फेडरर ने क्रोएशिया के मारिन सिलिच को हराकर विंबलडन में रिकार्ड आठवीं बार खिताब जीता है जो उनका कुल 19वां ग्रैंड स्लेम खिताब भी है। लेकिन कुछ सप्ताह बाद 36 वर्ष के होने जा रहे स्विस मास्टर ने यह कहकर प्रशंसकों को कुछ दुविधा में डाल दिया है कि वह इस बात की गारंटी नही दे सकते कि अगले वर्ष फिर से ऑल इंग्लैंड में खेलने आयेंगे।

14 वर्ष पहले फेडरर ऑल इंग्लैंड क्लब में खेलने आये थे और अब 35 साल की उम्र में उन्होंने यहां आठवीं बार खिताब जीता है। वह रिकार्ड 11वीं बार विंबलडन फाइनल खेलने वाले भी पहले टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहली बार फाइनल में पहुंचे क्रोएशियाई खिलाड़ी को लगातार सेटों में आसानी से हराया। सेंटर कोर्ट पर अपनी जीत के बाद उन्होंने कहा कि उम्र और गत वर्ष चोट के बाद वह यह नहीं कह सकते हैं कि अगले वर्ष अपने खिताब का बचाव करने यहां उतरेंगे या नहीं। 35 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी ने कहा उम्मीद करूंगा कि वापिस आ सकूं लेकिन कोई गारंटी नहीं दे सकता। गत वर्ष फेडरर को विंबलडन से बाहर होने के बाद अगले छह महीने चोट के कारण टेनिस से दूर रहना पड़ा



था। उन्होंने 2012 के बाद से कोई खिताब नहीं जीता था जिससे पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के करियर के अंत के रूप में भी देखा जाने लगा था। लेकिन चोट के बाद जबरदस्त वापसी करने वाले फेडरर ने इस वर्ष आस्ट्रेलियन ओपन में खिताब जीता और क्ले कोर्ट सत्र से दूर रहने के बाद अपने पसंदीदा ग्रास कोर्ट पर विंबलडन के रूप में अपना 19वां स्लेम जीत लिया।

फेडरर ने कहा आपको कुछ समय पहले यह सुनकर हंसी आ जाती कि मैं इस वर्ष दो ग्रैंड स्लेम जीतूंगा। खुद मुझे भी इस बात का विश्वास नहीं है कि मैं दो स्लेम जीत लूंगा। लेकिन यह जीत कमाल की है। मैं नहीं जानता कि और कितने दिनों तक यह लय रहेगी लेकिन मैं खुद को हमेशा याद दिलाता हूं कि स्वास्थ्य ही प्राथमिकता है। यदि मैं ऐसा करूंगा तभी चीजें संभव हो सकेंगी।

विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने वर्ष 2003 में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। उस समय वह पोनी बनाकर खेला करते थे जबकि मौजूदा समय में फेडरर के हावभाव में उनके खेल जितनी परिपक्वता दिखाई देती है और वह यह खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गये हैं।

फेडरर ने रिकार्ड आठवीं बार विंबलडन जीतने के साथ इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है और इस मामले में पीट सम्प्रास और विलियम रेनशॉ को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने करियर में सात-सात बार यहां खिताब जीते हैं।

फेडरर तीसरे नंबर पर, मिला एटीपी फाइनल का टिकट

नयी दिल्ली। रिकार्ड आठवां विंबलडन और 19वां ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने वाले स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर अपनी इस शानदार कामयाबी की बदौलत सोमवार को जारी ताजा एटीपी रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। फेडरर ने इसके साथ ही नवंबर में लंदन में होने वाले एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिये रिकार्ड 15वीं बार क्वालीफाई कर लिया है।

फेडरर ने क्रोएशिया के मारिन सिलिच को लगातार तीन सेटों में हराकर रिकार्ड आठवीं बार विंबलडन खिताब अपने नाम किया। इस खिताब से वह 15 अगस्त 2016 के बाद से पहली बार टॉप तीन में लौट आये हैं। यह इस सत्र का उनका पांचवां खिताब और 19वां ग्रैंड स्लेम खिताब था जिसकी बदौलत उन्होंने इस साल का समापन नंबर एक के रूप में करने की अपनी संभावनाएं मजबूत कर ली हैं।

इस बीच एटीपी ने घोषणा की कि फेडरर ने 12 से 19 नवंबर तक लंदन में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिये रिकार्ड 15वीं बार क्वालीफाई कर लिया है। फेडरर 11 महीनों में पहली बार शीर्ष तीन खिलाड़ियों में शामिल हुये हैं।

फेडरर पिछले वर्ष 22 अगस्त को तीसरे से चौथे स्थान पर फिसल गए थे और फिर चोट के कारण शेष सत्र में नहीं खेल पाए थे जिससे उनकी रैंकिंग गिरकर 17 तक पहुंच गई थी। लेकिन जनवरी में आस्ट्रेलियन ओपन जीतकर वह टॉप टेन में लौट आए थे। क्ले कोर्ट सत्र से हटने के कारण वह चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गए थे। लेकिन 19वें ग्रैंड स्लेम खिताब के बाद वह अब तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं।

स्विस मास्टर फेडरर अब दूसरे स्थान पर मौजूद स्पेन के राफेल नडाल से 920 अंक दूर और नंबर एक खिलाड़ी ब्रिटेन के एंडी मरे से 1205 अंक दूर हैं। मरे के पास शेष सत्र में नंबर एक स्थान बचाने का कम ही मौका रहेगा क्योंकि विंबलडन के बाद उन्हें 5460 अंकों का बचाव करना है जबकि नडाल को 370 अंक बचाने हैं। फेडरर को शेष सत्र में कोई अंक नहीं बचाने हैं।

श्रीलंका दौरे पर चोटिल मुरली की जगह टेस्ट टीम में धवन

नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन 26 जुलाई से शुरू होने जा रहे श्रीलंका दौरे में कलाई की चोट से जूझ रहे मुरली विजय की जगह 16 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने बताया कि अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने सोमवार को अपनी बैठक में धवन को मुरली की जगह टेस्ट टीम में शामिल करने का फैसला लिया है। भारत और श्रीलंका के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है जिसका पहला मैच 26 से 30 जुलाई को होना है। इससे पहले भारतीय टीम कोलंबो में 21-22 जुलाई को अभ्यास मैच भी खेलेगी। विजय को भारत के आस्ट्रेलिया दौरे में कलाई में चोट लगी थी और उन्होंने अभ्यास मैच के दौरान भी सीधे हाथ की कलाई में दर्द की शिकायत की थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने विजय को इसके बाद उनके रिहैबिलिटेशन को जारी रखने की सलाह दी है जिस कारण से वह श्रीलंका दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं बन सकेंगे।

भारतीय फुटबॉल टीम ने किया अभ्यास

दोहा। भारतीय फुटबॉल अंडर-23 टीम ने एएफसी अंडर-23 चैंपियनशिप क्वालीफायर्स मुकाबले से पहले कोच स्टीफन कोंस्टेनटाइन के मार्गदर्शन में यहां कतर स्पोर्टस क्लब के सुहैम बिन हमद स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। कोच कोंस्टेनटाइन ने यहां के मौसम को लेकर कहा,' मुझे नहीं लगता है कि मौसम को लेकर हमें कोई परेशानी होगी। ऐसा ही मौसम भारत में भी है और मुकाबले को लेकर हम पूरी तरह से तैयार है। कतर, सीरिया और तुर्कमेनिस्तान की टीमें भी मजबूत टीमें है और भारतीय टीम को इनसे कड़ी चुनौती मिल सकती है। भारत 19 जुलाई को दोहा में सीरिया के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगा। कोच ने कहा,' हम प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अलग अलग रणनीति के साथ मुकाबले में खेलने उतरेंगे।


जहीर-द्रविड़ का अपमान बर्दाश्त नहीं: गुहा

नयी दिल्ली। बीसीसीआई का संचालन देख रही प्रशासकों की समिति (सीओए) के पूर्व सदस्य रामचंद्र गुहा ने कहा है कि जिस तरीके से राहुल द्रविड़ और जहीर खान की सलाहकार पद पर नियुक्ति को रोककर रखा गया है उससे उनका सार्वजनिक अपमान हो रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में टीम इंडिया के पूर्व निदेशक रवि शास्त्री को भारतीय टीम का प्रमुख कोच और पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को गेंदबाजी कोच तथा पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को विदेशी दौरों के लिए बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया था। गुहा ने ट्वीट कर कहा,' पूर्व कोच अनिल कुंबले के साथ शर्मनाक व्यवहार अब जहीर और द्रविड़ के प्रति अपनाए जा रहे लापरवाह रवैये के रूप में नए मुकाम पर पहुंच गया है।

भारतीय पोलो टीम विश्वकप के लिये क्वालीफाई

नयी दिल्ली। भारतीय पोलो टीम ने 17 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्वकप पोलो के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय टीम ने ईरान के तेहरान में खेले गये क्वालीफाइंग राउंड में यह मुकाम हासिल किया। भारतीय टीम ने मेजबान ईरान को 10-8 गोलों से, दक्षिण अफ्रीका को 5-4 गोलों से और पाकिस्तान को 8-7 गोलों से पराजित किया। 14 गोल के इस टूर्नामेंट का आयोजन एफआईपी ने किया था। पूर्व भारतीय पोलो खिलाड़ी कर्नल नरिन्दर ने बताया कि भारतीय टीम में सेना का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं था जबकि सेना के पास 6000 घोड़े हैं, यह वाकई अफसोसजनक है। भारत ने 1957 में फ्रांस में विश्वकप पोलो का खिताब जीता था।

संदीप ने 20 किमी पैदल चाल का स्वर्ण जीता



गुंटूर। हरियाणा के संदीप कुमार ने राष्ट्रीय अन्तर्राजीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल का स्वर्ण पदक एक घंटे 27 मिनट 01.52 सेकंड के साथ जीत लिया। राजस्थान के जीतेन्द्र सिंह (1:27:04.32) को दूसरा और पंजाब के बलजिंदर सिंह (1:29:38.72) को तीसरा स्थान मिला। ओड़िसा के फर्राटा धावक अमिया कुमार मलिक ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 21.65 सेकन्ड में जीती। इस स्पर्धा का महिला खिताब ओड़िसा की श्रावणी नंदा के हिस्से में आया जिन्होंने 24.18 सेकंड का समय लिया। पश्चिम बंगाल की युवा धाविका लिली दास ने 2:03.46 का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकलते हुए महिलाओं की 800 मीटर की दौड़ जीत ली। केरल के स्टार धावक जिनसन जॉनसन ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ 1:47.38. के समय के साथ जीती।

महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 0-3 से हारी

जोहानसबर्ग। भारतीय महिला हॉकी टीम को यहां अर्जेंटीना से महिला हॉकी वर्ल्ड लीग सेमीफाइनल के अपने आखिरी ग्रुप मैच में 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। भारत अब मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। विश्व की तीसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना ने शुरूआत से ही आक्रमण करते हुये गोल स्कोर करने के प्रयास किये और दूसरे ही मिनट में सफलता हासिल कर ली और रोसियो सांचेज ने अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। भारतीय गोलकीपर सविता को विपक्षी खिलाड़ियों ने काफी व्यस्त रखा। सांचेज़ ने अपने दूसरे ही शॉट पर यह गोल किया जबकि सविता ने उनके पहले प्रयास को डाइव करते हुये बचा लिया था लेकिन वह सांचेज के दूसरे प्रयास को रोक नहीं सकीं। भारतीय खिलाड़ी वंदना कटारिया ने नमिता टोपो के पास पर गेंद को बाक्स में भेजने की कोशिश अच्छी की लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर ने इसे रोकने में गलती नहीं की।

द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को दिया विश्व रिकार्ड लक्ष्य



नाटिंघम। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के सामने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन जीत के लिये 474 रन का विश्व रिकार्ड लक्ष्य रखा जबकि उसके पास मेजबान टीम को ढेर करने के लिये दो दिन का समय शेष है।

मेहमान दक्षिण अफ्रीकी टीम ने तीसरे दिन की समाप्ति से ठीक पहले 104 ओवर में नौ विकेट पर 343 रन का स्कोर बनाने के बाद ही अपनी पारी घोषित कर दी और इंग्लैंड के सामने जीत के लिये 474 रनों का लक्ष्य रख दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने दिन का खेल पूरा होने से पहले अपनी दूसरी पारी में चार ओवर खेले और बिना किसी नुकसान के एक रन बनाया।

क्रीज पर एलेस्टेयर कुक और कीटन जेनिंग्स शून्य पर नाबाद हैं। हालांकि कुक पहली ही गेंद पर पगबाधा हो गये थे लेकिन रिव्यू में इस निर्णय को बदल दिया गया और उन्हें जीवनदान मिल गया। वैसे इसके बाद भी मेजबान टीम को दो और पगबाधा अपील से बचने का मौका मिला। इंग्लैंड के पास सभी 10 विकेट सुरक्षित हैं और उसे 473 रन और बनाने हैं। दक्षिण अफ्रीका यदि यह मैच जीतता है तो चार टेस्टों की सीरीज 1-0 पर बराबर हो जाएगी।

लेकिन इंग्लैंड के लिये फिलहाल जीतना भारी चुनौती से कम नहीं है क्योंकि इससे पहले किसी भी टीम ने जीत के लिये 418 से अधिक का स्कोर नहीं बनाया है जबकि ट्रेंट ब्रिज पर रिकार्ड ही सात विकेट पर 287 रन का है जिसे इंग्लैंड ने 2004 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी की शुरूआत 75 रन पर एक विकेट से आगे की थी और हाशिम अमला (87), डीन एल्गर (80) और कप्तान फॉफ डू प्लेसिस (63) के बेहतरीन अर्धशतकों की मदद से बढ़त को 400 तक ले गये तो निचले क्रम पर वेर्नोन फिलेंडर ने 75 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाकर अहम 42 रन की पारी खेली और बढ़त 474 पहुंचा दी जिसके बाद कप्तान प्लेसिस ने 343 के स्कोर पर एक विकेट शेष रहते पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड की तरफ से मोइन अली ने 78 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट निकाले जबकि जेम्स एंडरसन को 45 रन पर दो विकेट और बेन स्टोक्स को 34 रन पर दो विकेट मिले। लियाम डॉसन ने एक विकेट हासिल किया।

टेस्ट में बड़े लक्ष्य हासिल करने का ऑल टाइम रिकार्ड वेस्टइंडीज के नाम है जिन्होंने वर्ष 2003 में आस्ट्रेलिया को सात विकेट पर 418 रन बनाकर हराया था।

विजेन्दर को पहले ही राउंड में नॉकआउट कर दूंगा: जुल्पिकार




मुंबई। चीन के डब्ल्यूबीओ ओरियंटल सुपर मिडलवेट चैंपियन जुल्पिकार मैमिताली ने कहा है कि स्टार मुक्केबाज विजेन्दर सिंह इस समय बेशक अच्छा महसूस कर रहे हो लेकिन मुकाबले के दिन वह उन्हें पहले ही राउंड में नॉकआउट कर देंगे।

डब्ल्यूबीओ एशिया पैसिफिक सुपर मिडलवेट चैंपियन विजेन्दर ने गत वर्ष जुलाई में आस्ट्रेलिया के कैरी होप को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। विजेन्दर ने अपने प्रोफेशनल करियर में अब तक कोई मुकाबला नहीं हारा है। विजेन्दर पांच अगस्त को मुंबई में जुल्पिकार से भिड़ेंगे।

जुल्पिकार ने कहा,' मैं प्रत्येक मुकाबले को गंभीरता से लेता हूं और उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। विजेन्दर मेरे उन प्रतिद्वंद्वियों में से एक है जिसे मैं हराऊंगा। मुझे पता है कि यह मुश्किल है लेकिन मैं इसी के अनुसार तैयारियां कर रहा हूं। विजेन्दर को पहले ही राउंड में नॉकआउट करने के लिए मैं दिन में 10 घंटे अभ्यास करता हूं। पांच अगस्त को प्रो मुक्केबाजी के करियर में विजेन्दर का असली प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला होगा।

चीनी मुक्केबाज ने कहा,' विजेन्दर को जब मेरा पंच पड़ेगा तो वह चौंक जाएंगे। मेरी टीम ने उनके सभी मुकाबलों को बारीकी से देखा है। विजेन्दर को उस समय बहुत हैरानी होगी जब मैं उन्हें पंच मारूंगा। वह समझते हैं कि मैं बच्चा हूं, लेकिन उन्हें यह पता नहीं है कि मैं कौन हूं। विजेन्दर ने अब तक आठ मुकाबले लड़े हैं जिसमें से उन्होंने सात में नॉकआउट में ही जीत दर्ज की है और अब वह अपने इस अभियान को पांच अगस्त को मुंबई में जुल्पिकार के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी जारी रखना चाहेंगे। जुल्पिकार ने कहा,' विदेश में मुकाबला करना मेरे लिए कोई नई बात नहीं है और मैं दर्शकों का सम्मान करता हूं। उम्मीद है कि उन्हें मेरा मुकाबला पसंद आएगा। मुझे उम्मीद है कि वे उस समय बुरा महसूस नहीं करेंगे जब उनके पसंदीदा मुक्केबाज को मेरे खिलाफ मात खानी पड़ेगी।

हिंगिस-जेमी बने मिश्रित युगल चैंपियन



लंदन। स्विटजरलैंड की मार्टिना हिंगिस और ब्रिटेन के जेमी मरे ने गत चैंपियन हीथर वाटसन और हेनरी कोंटिनेन की जोड़ी को हराकर विंबलडन मिश्रित युगल खिताब हासिल कर लिया है।

सेंटर कोर्ट पर हिंगिस-जेमी की जोड़ी ने यहां सेंटर कोर्ट पर वाटसन-हेनरी की जोड़ी को आसानी से लगातार सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर के रिकार्ड आठवां पुरूष एकल खिताब जीतने के बाद हिंगिस की जीत ने स्विस टीम को दोहरी खुशी दिला दी।

हिंगिस ने ऑल इंग्लैंड में अपने पहले खिताब के 20 वर्षों बाद जाकर विंबलडन में अपना दूसरा खिताब जीता है। हिंगिस और जेमी ने बेहतरीन ग्राउंड स्ट्रोक्स और आक्रामक खेल दिखाते हुये आसान जीत दर्ज की। हिंगिस का यह छठा मिश्रित युगल खिताब है जबकि महिला युगल में उनके पास 12 खिताब हैं जबकि एकल में उनके नाम पांच ग्रैंड स्लेम हैं।

वहीं ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे के बड़े भाई जेमी का 10 वर्षों में यह दूसरा मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने सर्बिया की येलेना जांकोविच के साथ पहला मिश्रित युगल स्लेम जीता था। दिलचस्प है कि विंबलडन शुरू होने की पूर्व संध्या पर ही हिंगिस ने ब्रिटिश खिलाड़ी को संदेश भेजकर मिश्रित में उनके साथ जोड़ी बनाने के लिये कहा था।

पूर्व नंबर एक पुरूष युगल खिलाड़ी ने कहा पुरूष युगल मेरा इस वर्ष का सबसे बड़ा लक्ष्य था। लेकिन मेरे लिये मिश्रित में मार्टिना के साथ खेलना एक बड़ा मौका था क्योंकि उन्होंने कई खिताब जीते हैं। उनके पास कई सारे मिश्रित युगल खिताब भी हैं।

बोपन्ना गिरे, सानिया सातवें नंबर पर बरकरार

नयी दिल्ली। वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विंबलडन में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके भारत के रोहन बोपन्ना को ताजा जारी एटीपी टेनिस रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है जबकि महिला युगल में सानिया मिर्जा अपने सातवें पायदान पर बरकरार है। विंबलडन में पुरूष युगल के दूसरे राउंड में हार कर बाहर हो गये बोपन्ना विश्व युगल रैंकिंग में अब एक स्थान गिरकर 22वें पायदान पर खिसक गये हैं। इसी वर्ष फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाले बोपन्ना ऑल इंग्लैंड में कोई कमाल नहीं दिखा सके और मिश्रित युगल में वह क्वार्टरफाइनल तक ही पहुंच सके।

नियुक्ति

ब्राजील, बोलिविया और अल्जीरिया के शीर्ष क्लबों के साथ कोच के रूप में काम कर चुके

स्पेन के 'पुर्तगाल' बने दिल्ली डायनामोज के कोच

स्पेन के स्टार फुटबालर और रियाल मैड्रिड के पूर्व मिडफील्डर मिगुएल एंजेल पुर्तगाल को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के इस साल होने वाले सत्र के लिये दिल्ली डायनामोज टीम का प्रमुख कोच नियुक्त किया गया है। दिल्ली डायनामोज के निदेशक रोहन शर्मा और सीईओ आशीष शाह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में 61 वर्षीय मिगुएल को टीम का नया कोच घोषित किया। मिगुएल का दिल्ली डायनामोज के साथ कार्यकाल एक साल का होगा। मिगुएल इटली के लीजेंड जियानलुका जाम्ब्रोटा की जगह लेंगे जिनके मार्गदर्शन में टीम पिछले सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

मिगुएल ने इस अवसर पर दुभाषिये की मदद से कहा मुझे आईएसएल में दिल्ली टीम का कोच बनने पर बेहद खुशी है। यह एक शानदार टीम है जिसमें काफी प्रतिभा है। इस टीम के साथ काम करने में काफी मजा आएगा। मैंने आईएसएल और आईलीग के अधिकतर मैच देखे हैं जिससे मुझे भारतीय फुटबाल की काफी समझ हो गयी है।

ब्राजील, बोलिविया और अल्जीरिया के शीर्ष क्लबों के साथ कोच के रूप में काम कर चुके मिगुएल ने कहा इस लीग में सबसे खास बात यह है कि यूरोप के कई कोच अलग अलग टीमों को कोचिंग दे रहे हैं जिससे मुकाबला खासा दिलचस्प हो जाता है। मुझे अन्य कोचों से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद रहेगी। मेरी यूरोप के कई कोचों से बात हुई है और वे सभी इस लीग का हिस्सा बनना चाहते हैं।

वर्ष 1996 में स्पेन की तीसरी डिवीजन की टीम अरानडिना के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरूआत करने वाले मिगुएल खिलाड़ी के रूप में अपने करियर के दौरान रियाल मैड्रिड, वेलाडोएड और रेयो वेलेकानो जैसी टीमों के साथ खेले थे। उन्होंने 1979-80 में ला लीगा और कोपा डेल रे का खिताब जीता था। वह स्पेन की अंडर-23 और राष्ट्रीय एमेच्योर टीमों के भी सदस्य रहे थे। संवाददाता सम्मेलन में मिगुएल का परंपरागत रूप से पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। पगड़ी पहनकर मिगुएल काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। मिगुएल के बारे में दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वह बालीवुड फिल्मों के शौकीन हैं जिससे उन्होंने भारत के बारे में जाना है। उन्होंने ब्राजील में फर्स्ट डिवीजन टीम को और ला लीगा में पांच वर्षों तक पहली डिवीजन टीम को कोचिंग दी थी। वह कोचिंग पर दो किताबें भी लिख चुके हैं।



अपने नए घर की डिजाइनिंग में व्यस्त हैं ऋचा

बॉलिवुड में अपने अलग से पहचान बना चुकी अभिनेत्री-निर्माता ऋचा चड्ढा ने अपने नए घर में प्रवेश कर लिया है। क्रिकेट आधारित वेब सीरीज इनसाइड एज में इन दिनों दिखाई पड़ रहीं ऋचा ने इसी सप्ताह इंस्टाग्राम पर अपने नए घर की तस्वीरें साझा कीं। ऋचा ने कहा, दिल्ली की होने की वजह से मुझे खुली जगह की आदत है और इस अपार्टमेंट में समुद्र का खुला नजारा और हरियाली है। अब मैं निर्माता भी हूं, तो मुझे ऑफिस के काम और नई पटकथा का निर्माण करने के लिए खुला स्थान चाहिए, इसलिए सही समय पर मैं यहां आ गई। तीन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों पर काम कर रही यह अभिनेत्री अपने घर के डिजाइन और साज-सज्जा के हर पहलू पर व्यक्ति गत तौर पर ध्यान दे रही हैं। वह जल्द ही अपने नए घर पर पार्टी का आयोजन करेंगी।



तो अब रैपर भी बन गई हैं ऐक्टर-सिंगर आलिया

बॉलिवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट सूहा साहा और मैं तैनू समझावां गाकर अपने गायन का हुनर पहले ही साबित कर चुकी हैं, लेकिन अब उन्होंने साबित किया है कि वह रैप भी बखूबी गा सकती है। जी हां, किसी टीवी शो के दौरान स्टूडियो में नहीं बल्कि पूरे बॉलिवुड के सामने आलिया ने आईफा अवॉर्ड के दौरान ऐसा किया। न्यू यॉर्क में आईफा रॉक्स के मंच पर यह बॉलिवुड दीवा एक पुरस्कार प्रदान करने आईं थी। इसी दौरान कार्यक्रम के मेजबान रितेश देशमुख और मनीष पॉल ने उनसे आग्रह किया कि वह दर्शकों के लिए डांस करें। तुरंत इस तरह का प्रस्ताव पाकर आलिया मुस्कुराईं और फिर बेहद खूबसूरत जवाब दिया। दरअसल, आलिया स्मार्टली इस बात को टाल गईं। उन्होंन कहा कि आईफा अवॉर्ड्स के प्रमुख कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति के दौरान यह मांग जरूर पूरी करेंगी। हालांकि, आलिया ने दर्शकों के लिए रैप गाया, जिस पर उन्हें दर्शकों की खूब वाहवाही मिली।



बेकार डांस करने में भी बहुत मेहनत लगी : कटरीना कैफ

तीन साल के लंबे स्ट्रगल के बाद निर्देशक अनुराग बसु की फिल्म जग्गा जासूस इस हफ्ते रिलीज के लिए तैयार है। प्रकाश झा की फिल्म राजनीति में काम करने के 7 साल बाद अब जाकर कटरीना कैफ और रणबीर कपूर की जोड़ी फिर से बड़े पर्दे पर साथ नजर आएगी। कटरीना मानती हैं कि इस फिल्म ने उनके धैर्य का खूब इम्तेहान लिया है, लेकिन देर आए, दुरुस्त आए की तर्ज पर अब आखिरकार यह फिल्म रिलीज हो रही है। इस बारे में कटरीना से हुई एक खास बातचीत मुझे कभी यह महसूस नहीं हुआ कि मैंने किसी फिल्म के लिए इंतजार किया है। दरअसल, हम लोग इंतजार नहीं कर रहे थे, बल्कि लगातार इस प्रॉजेक्ट पर काम किए जा रहे थे। दादा (अनुराग बासु) अक्सर इस फिल्म में कुछ न कुछ नया जोड़ने की कोशिश करते रहते थे और हम उसमें शामिल होते जाते थे। हर दिन या हर महीने कुछ न कुछ नया होता रहता था। एक महीने हम सॉन्ग शूट करते, तो अगले महीने प्लेन सीक्वेंस शूट कर रहे होते थे। ऐसे में मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मैं किसी चीज का इंतजार कर रही हूं, बल्कि ऐसा लगता था कि हम एक बेहतरीन फिल्म बनाने की प्रोसेस में हैं। दादा ऐसे डायरेक्टर हैं, जिनके साथ काम करने का सपना हर ऐक्टर देखता है। इस फिल्म में वो सबकुछ है, जिसे करने की हर एक्टर की ख्वाहिश होती है। वो आपको आपके अंदर का बेस्ट ऐक्टर निकालने के लिए लगातार फोर्स करते रहेंगे। वह आपको कहीं भी कमतर साबित नहीं होने देते हैं।

आमिर, भंसाली और राजू हिरानी की जासूसी करते हैं रणबीर



बॉलिवुड अभिनेता रणबीर कपूर इन दिनों अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म जग्गा जासूस के प्रमोशन में जुटे हैं। फिल्म में रणबीर एक जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। रणबीर की मानें तो असल जिंदगी में भी वह जासूसी करते हैं, लेकिन यह जासूसी होती है काम को लेकर, जैसे कौन सा डायरेक्टर या कौन सा हीरो क्या काम कर रहा है। अपनी फिल्म जग्गा जासूस के प्रमोशन के दौरान नवभारतटाइम्स डॉट कॉम से बातचीत में रणबीर बताते हैं, देखिए मैं फिल्मों का बहुत बड़ा फैन हूं, इसलिए मैं अपनी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोगों की बहुत जासूसी करता रहता हूं। मैं इस बात का पता लगाता रहता हूं कि कौन सी फिल्म कब बन रही है... निर्देशक राजू हिरानी की कौन सी फिल्म शूट हो रही है या निर्देशक संजय लीला भंसाली कौन सी फिल्म बना रहे हैं और आमिर खान कौन सी फिल्म कर रहे हैं। मैं असल जिंदगी में इस तरह की जासूसी करना पसंद करता हूं। रणबीर अपनी फिल्म के बारे में बताते हुए कहते हैं, हमारी फिल्म जग्गा जासूस पिता-पुत्र की कहानी है, पिता बिना कुछ बताए कहीं चला जाता है, तो बेटे का मकसद बन जाता है कि वह अपने पिता की तलाश करे और पता लगाए कि पिता कहां चला गया है, इसलिए बेटा जासूस बन जाता है। जब बेटा अपने पिता की तलाश में निकलता है तो यह सफर बेहद अडवेंचर और रोमांटिक हो जाता है। फिल्म में मर्डर-मिस्ट्री भी है, लेकिन कहानी साधारण है जो लोगों को पसंद अच्छी लगेगी। रणबीर और कटरीना की फिल्म जग्गा जासूस का निर्देशन अनुराग बासु ने किया है।

लड़कियां ही क्यों हर दिन नए टेस्ट से गुजरती हैं?

अपकमिंग फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का से बॉलिवुड में डेब्यू कर रहीं ऐक्ट्रेस प्लबिता बोरठाकुर इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया, जब मुझे यह स्क्रिप्ट सुनाई गई, तो मैं एकदम शॉक्ड हो गई। मुझे लगा कि इतना बोल्ड रोल कौन करेगा? फिर मैंने सोचा कि जो काम लड़के कर सकते हैं, वो मैं क्यों नहीं कर सकती। वह आगे कहती हैं मुझे यह भी जानने की जल्दी थी कि बाकी के तीन रोल कौन कर रहा है। जब मुझे बता चला कि रत्ना पाठक शाह, कोंकणा सेन शर्मा और आहना कुमार जैसी बेहतरीन ऐक्ट्रेसेज इस फिल्म से जुड़ रही हैं, तो मेरी हिम्मत और बढ़ गई। मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे इस तरह के प्रॉजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका मिला। समाज में लड़कियों के साथ हो रहे व्यवहार पर प्लबिता कहती हैं, हम लड़कियों के लिए हर दिन एक नया टेस्ट होता है। हर एक चीज पर हमें जज किया जाता है।

इसलिए मीडिया को तैमूर की फोटो क्लिक करने देती हैं करीना



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान का कहना है कि मीडिया द्वारा उनके बेटे तैमूर की तस्वीर लेने से उन्हें कोई परेशानी नहीं हैं, क्योंकि वह बेहद प्यारा दिखने वाला बच्चा है। करीना ने यह स्टेटमेंट रुतुजा दिवेकर की किताब प्रेगनेंसी नोट्स- बिफोर, ड्यूरिंग ऐंड आफ्टर के लांच के मौके पर दिया। करीना ने कहा, मुझे लगता है कि वक्त बदल रहा है और जहां भी हम जाते हैं, हमारी तस्वीरें ली जाती हैं, जो हमारी सामान्य जिंदगी का हिस्सा है। मैं जितना संभव हो सके तैमूर की सामान्य तरीके से परवरिश करना चाहती हूं, तो फिर उसके साथ अलग तरह से व्यवहार क्यों करना चहिए? इसलिए मुझे मीडिया द्वारा उसकी तस्वीरें लेने से कोई दिक्कत नहीं है और साथ ही मेरा तैमूर सबसे प्यारा दिखने वाला बच्चा है। करीना से जब पूछा गया कि क्या वह वजन घटाने को लेकर दबाव महसूस करती हैं तो उन्होंने कहा,नहीं, मैं नहीं करती। मैं जिम जा रही हूं और सही आहार लेती हूं, ताकि मैं अच्छा महसूस कर सकूं और वजन घटा सकूं। इसमें समय लगेगा। अभिनेत्री ने कहा कि वह उन पर की जाने वाली टिप्पणियां पढ़ती रहती हैं कि बच्चे को छेड़कर वह जिम जा रही हैं, लेकिन सामान्य जीवन नहीं जीना उन्हें बेवकूफी भरा कदम लगता है। करीना का मानना है कि एक खुशहाल मां दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ मां होती है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह सैफ की पूर्व पत्नी अमृता सिंह से बेटी सारा अली खान को कोई टिप्स देना चाहेंगी तो उन्होंने कहा कि उन्हें कोई टिप्स की जरूरत नहीं है। अभिनय उनकी रगों में हैं और अपनी खूबसूरती और प्रतिभा से जल्द ही फिल्म इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली हैं।

अब ऐक्टिंग पहले जैसी मुश्किल नहीं : अनिल

अनिल कपूर अपनी आने वाली फिल्म मुबारकां में एक सरदार के रोल में दिखाई देंगे। हाल ही एक रिऐलिटी शो पर इस फिल्म को प्रमोट करने पहुंचे अनिल ने 1985 में आई अपनी हिट फिल्म मेरी जंग का एक डायलॉग भी सुनाया। यह डायलॉग उनके और फिल्म में मशहूर खलनायक ठकराल की भूमिका निभाने वाले दिग्गज कलाकार अमरीश पुरी के बीच होता है। अनिल ने उस दौर को याद करते हुए कहा, असल में पहले फिल्मों में ऐक्टिंग करना उतना आसान नहीं था, जितना अब है। आजकल ऐक्टर्स को 6 महीने पहले ही स्क्रिप्ट मिल जाती है, लेकिन उस समय हम लोगों को बिल्कुल लास्ट मिनट में स्क्रिप्ट मिलती थी। ऐसे में खुद को एकदम से उस किरदार में ढालना आसान नहीं होता था। इस डायलॉग की शूटिंग को याद करते हुए अनिल ने बताया, अमरीश जी के साथ जो सीन मुझे करना था, वह दोपहर दो बजे शूट होने वाला था, लेकिन मुझे उसके बारे में चार बजे बताया गया। फिल्म के निर्देशक सुभाष घई ने मुझसे कहा कि हम एक घंटे में सीन की शूटिंग करेंगे और मेरे पास तैयारी के लिए इतना ही वक्त है। यह सुनकर पहले मैं थोड़ा नर्वस हुआ, लेकिन फिर सुभाष घई ने मुझे समझाते हुए कहा कि तुम सिर्फ अपने डायलॉग बोलो, बाकी हम पर छोड़ दो। उनके इस आश्वासन ने मेरे अंदर के डर को खत्म किया और फिर बेहद शानदार तरीके से वह सीन शूट हुआ।



बॉलिवुड में अब हीरो का टाइम खत्म हो गया है : नवाजुद्दीन सिद्दीकी



बॉलिवुड ऐक्टर नवाजुद्दीनसिद्दीकी की फिल्म बाबूमोशाय बंदूकबाज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऐक्शन और बोल्ड सीन से भरपूर इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म और अपने किरदार के बारे में बात करते हुए नवाज शरारती मुस्कराहट के साथ कहते हैं, इस फिल्म में कई जगह बोल्ड सीन हैं, जो मैं पहली बार कर रहा था, ऐसे में दो तरह की फीलिंग थी, जहां कई बार ऐसे बोल्ड सीन करते हुए बहुत मजा आ रहा था, वहीं कई बार बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा था। यही नहीं कई बार तो मैं नर्वस भी हो जाता था, लेकिन सीन करना था इसलिए बहुत ज्यादा फोकस करते हुए शूटिंग पूरी की थी।

नवाजुद्दीन आगे कहते हैं, मैंने गैंग्स ऑफ वासेपुर के बाद वैसा कोई किरदार नहीं किया था, मैं चाहता था कि अब उससे थोड़ा आगे का कोई किरदार करने को मिले ऐसे में बाबूमोशाय बंदूकबाज का किरदार मिल गया, तो मैंने थोड़ा सोचने के बाद इसे करने का निर्णय ले लिया। मुझे इस तरह का किरदार करने में बहुत मजा आता है। यह किरदार गैंग्स ऑफ वासेपुर के किरदार से एकदम अलग है। बाबूमोशाय का किरदार बहुत बदतमीज किस्म का है, इसका काम एक बीवी से नहीं चलता है।







स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक - विकास अग्रवाल द्वारा 401, जीवन परिसर, राजीव नगर, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग, मोवा, रायपुर से मुद्रित। संपादक :- संदीप शुक्ला (पीआरबी एक्ट के तहत् समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर - 0771-4003030, E-mail :- info@prabalpahal.com